# शिवराज का 'मिशन 29', छिंदवाड़ा के बाद अब श्योपुर पर नजर

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत के बाद अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर राज्य की सभी 29 सीटों को लेकर 'मिशन-29' में जुट गए हैं। इसी के तहत चौहान ने कल छिंदवाड़ा का प्रवास किया। उनका श्योपुर जाने का कार्यक्रम है। कल छिंदवाड़ा में चौहान ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और लाड़ली बहनाओं से मुलाकात की। इस दौरान चौहान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने के बाद अब हमारा लक्ष्य है, मिशन-29।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में उन्होंने 20 से 22 घंटे काम किया है और अब वे दोगुनी ऊर्जा के साथ लोकसभा चुनाव के लिए काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने प्रदेश की जनता और कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि इस बार छिंदवाड़ा की सभी सातों विधानसभा सीटों पर भाजपा को विजयी बनाकर छिंदवाड़ा में भी सुंदर सा कमल खिलाना है। राज्य में कुल 29 लोकसभा सीटें हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से 28 भाजपा के खाते में गईं थीं। एकमात्र छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ चुन कर आए थे। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गृह क्षेत्र है। इस विधानसभा चुनाव में भाजपा यहां की एक भी सीट नहीं जीत पाई है। ऐसे में भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए भी इस सीट पर जीत के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इसी क्रम में कल चौहान ने छिंदवाड़ा यात्रा के बाद आज श्योपुर जाने की बात कही थी। श्योपुर जिले में दो विधानसभा सीटें हैं। विधानसभा चुनाव में ये दोनों सीटें कांग्रेस की झोली में गई हैं।

## शिवराज पहुंचे श्योपुर, कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित




**श्योपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में श्योपुर जिले की दोनों सीटें कांग्रेस की झोली में जाने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान श्योपुर जिले पहुंचे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। चौहान ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और लाड़ली बहना सम्मेलन को भी संबोधित किया। इस दौरान महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने चुनाव में बहुत मेहनत की। उन्होंने पार्टी की जीत को कार्यकर्ताओं को समर्पित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में श्योपुर जिले की दोनों विधानसभा सीटों श्योपुर और विजयपुर पर भाजपा को जिताना है। संकल्प करें कि हर हालत में श्योपुर विधानसभा और विजयपुर विधानसभा से मुरैना लोकसभा में इतनी बड़ी लीड दें, कि दुनिया आश्चर्य करे। चौहान ने कहा कि पूरी सरकार श्योपुर के कार्यकर्ताओं के साथ रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अगली लड़ाई (लोकसभा चुनाव) के लिए तैयार रहें।

## शिवराज को वंदे मातरम उत्सव समिति ने दी बधाई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को वंदे मातरम् उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने विधानसभा निर्वाचन में प्रदेश में मिली सफलता के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार समिति के संरक्षक तथा भोपाल विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुनील पांडे के नेतृत्व में समिति के अध्यक्ष पयोज जोशी, उपाध्यक्ष हेमंत कपूर तथा अखिलेश अर्गल व अन्य सदस्य गण ने समत्व भवन में मुख्यमंत्री चौहान से भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं दी। वंदे मातरम् उत्सव समिति राष्ट्रीय धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक जागरण तथा समाज सेवा की दिशा में सक्रिय संस्था है।

## शिवराज ने नीम, गुलमोहर और अमरुद के पौधे रोपे

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में नीम, गुलमोहर और अमरूद के पौधे रोपे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री चौहान अपने संकल्प के क्रम में निरंतर प्रतिदिन पौधारोपण कर रहे हैं। वे लगातार प्रदेशवासियों को अपने जन्म दिवस, विवाह वर्षगांठ तथा परिजनों की स्मृति में पौधारोपण के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं। परिणाम स्वरूप प्रदेश में पौध रोपण ने जनअभियान का रूप ले लिया है।

## नागरिकों को झंडा दिवस निधि संग्रह के माध्यम से देश की सेवा में शामिल होना चाहिए : शिंदे

वार्ता ◄ नागपुर
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि नागरिकों से झंडा दिवस निधि संग्रह में अधिकतम योगदान देकर देश की सेवा में शामिल होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने झंडा दिवस निधि संग्रह के लिए एक माह का वेतन दान करने की भी घोषणा की। नागपुर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा रामगिरी में आयोजित झंडा दिवस निधि संग्रह का शुभारंभ गुरुवार को मुख्यमंत्री ने किया। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी, जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौम्या शर्मा और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर डॉ. शिल्पा खरपकर भी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम करे राष्ट्र आराधना तन से, मन से, धन से, जीवन से। हर भारतीय को अपने देश के लिए योगदान देने की आवश्यकता है। देश की रक्षा के लिए 24 घंटे जवान तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति में सैनिकों का योगदान भी महत्वपूर्ण है। झंडा दिवस फंड जुटाने की पहल, जो सेना के कल्याण में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है, कई वर्षों से राज्य में चल रही है। शिंदे ने नागरिकों से सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए झंडा दिवस कोष संग्रह में योगदान देने के लिए बड़ी संख्या में आगे आने की अपील की। रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। भारत, जो रक्षा सामग्री का खरीदार हुआ करता था, अब रक्षा सामग्री का विक्रेता बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंधुदुर्ग किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक भव्य प्रतिमा का अनावरण किया।शिंदे ने कहा कि उन्हें जम्मू-कश्मीर की सीमा पर कुपवाड़ा में छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारोही प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# बरैया की घोषणा का नाटकीय ढंग से पटाक्षेप

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के नव निर्वाचित विधायक एवं कभी बहुजन समाज पार्टी के नेता रहे फूल सिंह बरैया की मुंह काला करने संबंधी घोषणा का वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की मौजूदगी में नाटकीय ढंग से पटाक्षेप हो गया। बरैया ने विधानसभा चुनाव के पहले मीडिया के समक्ष घोषणा की थी कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 50 से अधिक सीटों पर चुनाव जीतेगी, तो वे भोपाल में राजभवन के सामने अपने मुंह पर स्वयं कालिख पोतेंगे। चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए 163 सीट पर विजय हासिल की है। वहीं बरैया भांडेर सीट पर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे हैं। मीडिया ने जब बरैया को अपनी पूर्व की घोषणा का ध्यान कराया, तो उन्होंने कहा कि वे अपने वादे पर कायम हैं। उन्होंने सात दिसंबर को राजभवन के समक्ष अपनी घोषणा पूरी करने की बात कही थी और अपने समर्थकों के साथ राजभवन की ओर जा रहे थे, तभी पूर्व मुख्यमंत्री सिंह भी वहां पहुंचे और बरैया तथा उनके समर्थकों के साथ पैदल चले। सिंह ने मीडिया की मौजूदगी में बरैया को अपने पास बुलाया और कहा कि इन्हें अपने मुंह पर कालिख पोतने की आवश्यकता नहीं है। हालाकि सिंह ने बरैया के चेहरे पर काले रंग का तिलक लगाया और सांकेतिक रूप से उनके गालों पर तथा होंठ के नीचे काले रंग से गोल सी आकृति बना दी। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह ने मीडिया से कहा कि वे बरैया को बधाई देते हैं कि वह अपने वचन के पक्के हैं। सिंह ने कहा कि उन्होंने बरैया को मुंह काला करने से रोक दिया। क्योंकि उनका वचन तो सही निकला। दिग्विजय सिंह का तर्क है कि पोस्टल बैलट में तो उन्हें (भाजपा) 50 से कम सीटें मिली हैं। इसलिए यदि मुंह काला किया जाना चाहिए, तो वह भाजपा का। दरअसल राज्य में जब 20 वर्ष से अधिक समय पहले सिंह मुख्यमंत्री थे, तब बरैया बसपा के प्रदेश प्रमुख की कमान संभालते थे। उस समय राज्य में बसपा का काफी प्रभाव बढ़ रहा था, लेकिन बरैया बाद के वर्षों में कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

बरैया कांग्रेस में दिग्विजय सिंह के ही समर्थक माने जाते हैं। इस बीच प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट के जरिए कांग्रेस और उसके नेताओं पर कटाक्ष किया है। अग्रवाल ने कहा कि बरैया ने अपना मुंह काला कराकर परोक्ष रूप से कमलनाथ के 'नकारा नेतृत्व' का ढोल पूरे देश में पीटा है। इसे कहते हैं, 'सांप भी मरे और लाठी भी न टूटे'। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि सिंह के षड़यंत्र से प्रभावित होकर कांग्रेस की करारी हार पर स्वयं का मुंह काला कराकर बरैया ने अपने नेतृत्व की अक्षमता को राष्ट्रीय पटल पर उजागर कर दिया। अब तक दिग्विजय सिंह और अरुण यादव जैसे नेता कमलनाथ को निपटाने में लगे रहते थे, लेकिन अब इस गुट में बरैया भी शामिल हो गए।

## भ्रष्टाचार के पैसे से खड़े पल्स अस्पताल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाया जाए : संजय सेठ

**रांची।** झारखंड के रांची से भारतीय जनता पार्टी के सांसद संजय सेठ ने आज लोकसभा में ईडी के द्वारा जब्त किए गए रांची के पल्स अस्पताल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाने की मांग की। इसके साथ ही सांसद ने यह भी मांग की यहां सीजीएचएस के तहत गरीबों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीरो टॉलरेंस पर सरकार चलाने की गारंटी देश को दी थी। वह गारंटी विगत 9 वर्षों में पूरी होती दिखी है। इसी का परिणाम रहा कि ईडी ने झारखण्ड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने वालों को पकड़ा है। उनकी संपत्तियां जब्त की हैं। इन्हीं संपत्तियों में एक संपत्ति है भ्रष्ट आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के द्वारा संचालित पल्स अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर। इसे ईडी ने अपने कब्जे में लेकर, सरकार को दे दिया है। सांसद ने कहा कि यह झारखण्ड का एक अत्याधुनिक निजी अस्पताल है, जहां हृदय रोग, किडनी रोग, लिवर रोग, दिमाग से संबंधित रोग, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। अब ईडी ने इसे जब्त करके, इसके संचालन की जिम्मेदारी सरकार को दे दी है। सेठ ने सदन में कहा कि भारत सरकार से मेरा आग्रह है कि इस अस्पताल को एम्स का एक्सटेंशन सेंटर बनाया जाए। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यहां सीजीएचएस के तहत सस्ते दर पर आम लोगों के इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। ऐसा करने से मेरे लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखण्ड की जनता को ईलाज के लिए एक बेहतर विकल्प मिल सकेगा। इसके साथ ही रिम्स की कुव्यवस्था से पीड़ित रहने वाले मरीजों के लिए भी राहत की बात होगी।

# भोपाल रेल मंडल में ग्रीन एनर्जी एवं ऊर्जा संरक्षण की दिशा में किए जा रहे हैं काम

पायनियर वार्ता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



भोपाल रेल मण्डल में ग्रीन एनर्जी एवं ऊर्जा संरक्षण की दिशा में विद्युत विभाग द्वारा विभिन्न कार्य करते हुए राजस्व की बचत की जा रही है। भोपाल रेल मंडल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मण्डल में लगभग 1060 बीएलडीसी पंखे प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन/सर्विस बिल्डिंग में लगाए गए। ये पंखे कन्वेन्शनल पंखों से कम बिजली खपत करते है। इन पंखों के इस्तेमाल से वर्ष में लगभग रुपये 13 लाख की बचत होगी। नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण की दृष्टि से कार्य करते हुए 13 स्टेशनों (माथेला, खिरकिया, टिमरनी, बनापुरा, छनेरा, अशोनगर, मुंगावली, शाजापुर, मंडीबामोरा, कंजिया, गुलाबगंज, मंडीदीप एवं गंजबासोदा) में 5 के डब्ल्यू का सौर ऊर्जा संयत्र लगाया गया। इनसे लगभग 8380 यूनिट्स प्रति माह बिजली पैदा हो रही है। इस प्रकार इससे लगभग अनुमानित 9 लाख रुपए सालाना की बचत होगी। इसके अतिरिक्त विंड सोलर हाइब्रिड प्लांट शिवपुरी, पनिहार, भोपाल, पाडरखेड़ा, विदिशा स्टेशन पर लगाए गए है, जो कि भोपाल मण्डल का एक और नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए उठाया गया कदम है। भोपाल मण्डल में विभिन्न स्थानों पर कुल 1 एमडब्ल्यू सौर ऊर्जा संयत्र पूर्व से ही संचालित है, जिनसे लगभग वर्ष मे 13 लाख यूनिट्स का उत्पादन हो रहा है एवं लगभग 44 लाख रुपए सालाना की बचत हो रही है। भोपाल रेल मंडल के 12 स्टेशनों (हरदा, नर्मदापुरम, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, साँची, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, अशोकनगर, गुना, व्यावरा राजगढ़, शिवपुरी) में 30-70 सर्किट ऑटोमेशन का कार्य भी किया गया है, जिससे ट्रेन आने पर ही प्लेटफार्म की लाइट 100 प्रतिशत जलेगी और ट्रेन जाने पर 70 प्रतिशत लाइट स्वतः ही बंद हो जाएगी। इस व्यवस्था में सभी प्लेटफार्म की लाइट्स को होम एवं स्टार्टर सिग्नल से सफलता पूर्वक जोड़ा गया है। इसके अनुसार जब ट्रेन होम पर आएगी और उसे जैसे प्लेटफार्म पर आने के सिग्नल मिलेंगे वैसे ही प्लेटफार्म की 100 प्रतिशत लाइट्स जल जाएंगी और जब तक ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रहेगी तब तक सभी लाइट्स जलती रहेंगी और जब गाडी को स्टार्टर सिग्नल मिलेंगे और उसके बाद ट्रेन स्टार्टर सिग्नल से जैसे ही गुजरेगी वैसे ही लाइट्स 70 प्रतिशत स्वतः ही बंद हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार प्रत्येक राज्य में एक शहर को नेट ज़ीरो सौर शहर के रूप में विकसित किया जाना है।

# जल्द ही 100 और आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित करेगी सरकार : मान

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार राज्य के निवासियों को मानक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए जल्दी ही 100 और आम आदमी क्लीनिक समर्पित करेगी। यहाँ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कामकाज का जायज़ा लेते हुये मुख्यमंत्री मान ने कहा कि सरकार राज्य में प्राइमरी स्वास्थ्य देखभाल की कायाकल्प करने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 664 आम आदमी क्लीनिक लोगों को समर्पित किये हैं जहाँ 84 ज़रूरी दवाएँ और 40 से अधिक परीक्षण की सुविधा मुफ़्त मुहैया करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में 100 और क्लीनिक लोगों को समर्पित करने से मानक स्वास्थ्य सेवाएं यकीनी बनाई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक राज्य में स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को मज़बूत करने में वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों का अब तक 80 लाख से अधिक लोगों ने लाभ लिया है। मान ने कहा कि इन क्लीनिकों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी तबदीली लाई है जिससे आम आदमी को बहुत फ़ायदा हुआ है। एक अन्य मुद्दे पर चर्चा करते हुये मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में नये बन रहे मेडिकल कॉलेजों को चालू करने के लिए प्रक्रिया में तेज़ी लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 सालों बाद राज्य में सिर्फ़ तीन मेडिकल कॉलेज खुले हैं। उन्होंने कहा कि अब आगामी एक साल में राज्य में पाँच और मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

# आईआईटी मंडी 'ग्रीन यूनीवर्सिटी अवॉर्ड' से सम्मानित

एजेंसी ◄ मंडी
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के मंडी स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) को गुरुवार को यूएई कॉप 28 में 'ग्रीन यूनीवर्सिटी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान अमेरिका में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के साथ विशेष सलाहकार का दर्जा रखने वाले एक गैर-सरकारी संगठन ग्रीन मेंटर्स द्वारा प्रदान किया गया था। संस्थान को यह मान्यता टिकाऊ प्रथाओं के प्रति उसकी व्यापक प्रतिबद्धता और पर्यावरणीय पहलों के लिए दी गयी है। आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा, यह उपलब्धि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संकाय, कर्मचारियों और विद्यार्थी समुदाय द्वारा किए गए अटूट प्रयासों, प्रतिबद्धता और जमीनी काम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आईआईटी मंडी का दृष्टिकोण युवा विद्यार्थियों और परिसर के निवासियों के बीच पर्यावरणीय मुद्दों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में प्रकृति एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि ग्रीन यूनिवर्सिटी अवार्ड ऊर्जा-कुशल बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा समाधान, अपशिष्ट कटौती और रीसाइक्लिंग कार्यक्रमों और टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने वाली पहलों सहित टिकाऊ प्रथाओं के कार्यान्वयन के लिए दिया जाता है।

# सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के नेता 20 दिसंबर को दिल्ली प्रदर्शन में होंगे शामिल

एजेंसी ◄ अमृतसर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने बलवंत सिंह राजोआना की सजा माफी और सभी बंदी सिखों की रिहाई को लेकर ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन के विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान फेडरेशन नेताओं ने बंदी सिखों को लेकर 20 दिसंबर को दिल्ली में शिरोमणि कमेटी द्वारा किये जाने वाले विरोध प्रदर्शन में पूर्ण रूप से भाग लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न फेडरेशन नेताओं ने कहा कि राजोआना समेत एसजीपीसी-एसएसएफ प्रदर्शनबंदी सिखों का मुद्दा एक साझा राष्ट्रीय मुद्दा है, जिसमें फेडरेशन अग्रणी भूमिका निभाएगी। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि बलवंत सिंह राजोआना की सजा माफी को लेकर शिरोमणि कमेटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों के तहत 20 दिसंबर 2023 को दिल्ली में एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसे महासंघ के सभी प्रतिनिधि नेताओं ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन नेताओं की आज की बैठक में बलवंत सिंह राजोआना से पुरजोर अपील की गई कि वह अकाल तख्त साहिब द्वारा लिए गए फैसले अनुसार अपनी भूख हड़ताल खत्म करें। उन्होंने कहा कि पूरा पंथ राजोआना के साथ है और आज फेडरेशन नेताओं की बैठक में इस संबंध में संघर्ष तेज करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। धामी ने कहा कि महासंघ नेताओं की बैठक में सभी दलों की एकता का सकारात्मक विचार भी सामने आया है।

# पांच राज्यों के चुनाव परिणाम से सबक लेने की जरूरत : दीपंकर

एजेंसी ◄ पटना
www.dailypioneer.com



भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजे उसके पक्ष में तय नहीं कर दिए हैं लेकिन इससे उचित सबक लेने की जरूरत है। भट्टाचार्य ने जाति आधारित गणना और सामाजिक-आर्थिक सर्वे के आंकड़ों के आलोक में गुरुवार को पार्टी के 'बदलाव के संकल्प' के साथ आयोजित राज्यस्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन को संबोधित करते हुए कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत ने वर्ष 2024 के नतीजे उसके पक्ष में तय नहीं कर दिए हैं लेकिन इससे उचित सबक लेने की जरूरत है। अगर हम ऐसा करते हैं तो 2024 में भाजपा को सत्ता से बेदखल करना पूरी तरह संभव है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में निर्णायक जीत के लिए आज के ज्वलंत मुद्दों पर एक सशक्त जन अभियान शुरू करने की जरूरत है। माले महासचिव ने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पूरे देश की नजर बिहार पर है। बिहार में भाजपा के खिलाफ एक बड़ा गठबंधन है। यदि महागठबंधन सरकार सही रास्ते पर चले और संघर्ष के मुद्दों पर केंद्रित हो, तो भाजपा की हार निश्चित है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार का सामाजिक-आर्थिक सर्वे सरकारों की विफलता के आंकड़े हैं। लंबे समय से बिहार में 'डबल इंजन' की ही सरकार थी। यह सर्वे किसानों की आय दुगनी करने और हर गरीब को पक्का मकान देने के नरेंद्र मोदी सरकार के वादे की भी पोल खोल रहा है। बिहार सरकार ने सच को स्वीकार किया है लेकिन केंद्र सरकार आंकड़ों को छुपाकर जले पर नमक छिड़क रही है। भट्टाचार्य ने कहा कि गरीब परिवारों के लिए वित्तीय सहायता, वंचितों के आरक्षण का विस्तार और बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की मांग का स्वागत है लेकिन लोगों की स्थायी आमदनी बढ़ाने के उपाय ढूंढने चाहिए। उन्होंने कहा कि 34 प्रतिशत लोग अतिगरीबों की श्रेणी में हैं, 64 प्रतिशत आबादी को गरीब कहना चाहिए। लोग भारी कर्ज और पलायन के जरिए जैसे-तैसे अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। माले महासचिव ने कहा कि स्कीम वर्करों के लिए न्यूनतम 15000 रुपये वेतन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी (मनरेगा) में काम के दिन और मजदूरी बढ़ाकर, खाली पदों पर बहाली आदि के जरिए लोगों की स्थायी आमदनी बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि निजीकरण महंगाई को बढ़ावा दे रहा है और लोगों के जीवन को संकट में डाल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मदों में सरकारी खर्चा बढ़ाना चाहिए। भट्टाचार्य ने कहा कि भूमि सुधार, खेती का विकास, लघु उद्योगों की स्थापना सरीखी ढांचागत समस्याएं बिहार के पिछड़ेपन के कारण हैं। यह कोई माले का नहीं बल्कि बिहार के विकास का एजेंडा है। यह महागठबंधन का एजेंडा बनना चाहिए। इसके लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गरीबी की भयावहता से राज्य को उबारने के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी बने और एक संपूर्ण कार्ययोजना बनाई जाए। अंबानी-अडानी की जगह गरीबों के विकास का सवाल राजनीति के केंद्र में हो। कन्वेंशन में कई मांग समर्थित प्रस्ताव पारित किया गया।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित

**जालंधर।** पंजाब राज्य युद्ध स्मारक पर सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन युद्ध नायकों, शहीदों और सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने देश की अखंडता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। जिला रक्षा सेवा कल्याण विभाग के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि यह बहादुर सैनिकों, युद्ध नायकों और शहीदों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस सात दिसंबर, 1949 को मनाया गया था और यह दिन उन शहीदों को श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है, जो हमारे राष्ट्र के सम्मान की रक्षा करते हुए बहादुरी से हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे।

## हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में जनपद स्तरीय खेल महाकुंभ का हुआ आगाज

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड के हल्द्वानी में गुरुवार को जनपद स्तरीय खेल महाकुम्भ का आगाज हुआ। निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस मौके पर डॉ रौतेला ने कहा कि सरकार की ओर से सभी जनपदों में खेल महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है और इसका उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को आगे लाना और उन्हें निखारना है। उन्होंने इस मौके पर सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं भी दीं। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि आज खेल में विभिन्न संभावनायें हैं।

## संस्कृति उत्सव के जरिये यूपी में तलाशा जायेगा हुनर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार उभरती प्रतिभाओं को तलाशने और तराशने के मकसद से 25 दिसंबर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन करेगी। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि गायन, वादन, नृत्य और नाट्य की समस्त विधाओं में उत्तर प्रदेश के पारंगत कलाकारों ने देश और दुनिया में भारतीय संगीत को उच्च स्थान दिलाया है। प्रदेश के उभरते कलाकारों और सभी विधाओं के संरक्षण एवं प्रचार प्रसार के लिए योगी सरकार 25 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक ' हमारी संस्कृति हमारी पहचान' सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन करने जा रही है। महोत्सव की शुरुआत गांव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता से होगी, जबकि समापन समारोह उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24-26 जनवरी 2024 के मध्य लखनऊ में किया जाएगा, जिसमे विजेता प्रतिभागियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। इस आयोजन के उद्देश्य उत्तर प्रदेश की प्रतिभाओं की खोज के साथ शास्त्रीय, उप शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत तथा लोक नाट्य की विभिन्न विधाओं से परिचित कराना है। इसके अतिरिक्त लोक संगीत की समृद्धशाली परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ शास्त्रीय एवं लोक संगीत की पृष्ठभूमि में उत्तर प्रदेश के सभी अंचलों में ऐसे कलाकारों की पहचान कर उन्हें उनकी योग्यतानुसार मंच प्रदान करना है। संस्कृति उत्सव 2023 की प्रस्तावित समय सारिणी के अनुसार 25 से 30 दिसंबर तक तहसील मुख्यालयों में गांव, पंचायत, ब्लॉक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं एक जनवरी से 5 जनवरी 2024 के मध्य जनपद मुख्यालयों में तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले 42 ठेकेदारों को नोटिस जारी

## कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की बैठक में निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



शासन की महत्वाकांक्षी पेयजल योजना जलजीवन मिशन की जिले में भौतिक प्रगति की समीक्षा करने कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने गुरुवार को जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने योजनांतर्गत अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं करने वाले ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर सभी अप्रारंभ कार्यों को प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सदस्य सचिव को 8 दिसम्बर को ही कोयलीबेड़ा क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर प्रगति से अवगत होकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 12.30 बजे आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मिशन के तहत सबसे ज्यादा लंबित निर्माण कार्य कोयलीबेड़ा क्षेत्र में है, जबकि पेयजल की सर्वाधिक मांग इसी क्षेत्र के लोगों से आती है। उन्होंने कार्यपालन अभियंता को कल 08 दिसम्बर को कोयलीबेड़ा एवं अंतागढ़ क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर मौके का मुआयना करने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा काफी समय से निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करने वाले ठेकेदारों को तत्काल नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही यह स्पष्ट तौर पर कहा कि नोटिस के बाद भी यदि ठेकेदार के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता तो उनका कार्यादेश निरस्त किया जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि अगले सप्ताह से सभी विकासखण्डों में पेयजल योजनाओं के स्पॉट पर हर हाल में काम दिखना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने पूर्ण हो चुकी सभी योजनाओं का स्थानीय स्तर पर सत्यापन कर मिशन की साइट पर तत्काल जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में स्थित हैण्डपंपों का परीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए भी कार्यपालन अभियंता को निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता क्रेडा सहित सभी सहायक अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारियों को मौके पर उपस्थित होकर कार्य प्रारम्भ कराने और कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध सख्ती से कार्रवाई करने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ




पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. डी एल पटेल व जिला समन्वयक शशि भूषण कन्नौजे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुरी का विशेष शिविर 5 से 11 दिसंबर तक ग्राम कढ़ाई बेड़ा में आयोजित किया जा रहा हैं। शिविर का उद्घाटन शाला प्रबंधन समिति एस एम सी के अध्यक्ष पीलू राम मरकाम, उपाध्यक्ष चौतू राम मरकाम, शिक्षा विद घसिया राम नेताम, वरिस्ठ नागरिक गगरू राम, लखमू राम मंडावी, प्रधानाध्यापक सुरेश चौहान, जनमेजय पोडती, सुको ध्रुव, सोनालाल नेताम की उपस्थिति में आयोजित किया गया। ततपशचात एनएसएस का ध्वजारोहण कर विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ने ग्रामीण विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला द्वितीय दिवस हल्की बारिश ने खलल उत्पन्न किया फिर भी स्वयं सेवकों ने बुलंद हौसले के साथ विद्यालय के आसपास साफ सफाई की एवं खरपतवारों को हटा कर श्रमदान किया गया। बौद्धिक चर्चा का विषय संयोजन जिसमें ग्रामीण विकास युवाओं की भूमिका पर परिचय आयोजित की गई विषय विशेषज्ञ योगेश खापर्डे एवं देवेंद्र दीवान ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में जाकर अध्यापन कार्य भी किया सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने देशभक्ति एवं क्षेत्रीय हलबी बोली में अपने गीत एवं कविताएं प्रस्तुत की। विभाजन अवसर पर नस के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

## कुआं में डूबने से मृत व्यक्ति की पत्नी को कलेक्टर ने दी सहायता राशि

**कोंडागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत धनोरा तहसील के कर्रारमेटा निवासी मनेश का कुआं में डूबकर हुई मृत्यु पर पत्नी सत्या बाई को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की गई।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित 4 परिवारों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील तोकापाल ग्राम रायकोट निवासी संतोष मंडावी की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नी मंगल मंडावी को, ग्राम बुरूंगपाल सालेडोंगरीपारा की कुमारी गीता कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पिता शंकर कश्यप को, ग्राम नैननार देवापारा के हड़मों पोयाम की मृत्यु पानी में डूबने से पोता पाकूल को और ग्राम बोड़नपाल की परमिला बघेल की सांप काटने से पति अरकित बघेल को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है।

# पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अंतर्गत की गई 234 पुरुषों की नसबंदी

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने हेतु कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले भर में पुरुष नसबंदी पखवाड़े का आयोजन 21 नवंबर से 11 दिसंबर तक किया जा रहा हैं। इस पखवाड़े में जिले के 234 पुरूषों की नसबंदी की गई। इस पखवाड़े को सफल बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह ने नेतृत्व संभालते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, जिसमें उन्होंने जिले में सर्वाधिक ऑपरेशन करते हुए कल 174 पुरुषों की नसबंदी हेतु ऑपरेशन किया। इस तरह से जिले में कुल 234 पुरुषों ने अभियान को सफल बनाते हुए नसबंदी कराया है। इसके तहत माकड़ी में 32, केशकाल में 50, फरसगांव 62 एवं बड़ेराजपुर में 30 प्रकरणों में नसबंदी सीएमएचओ द्वारा चिकित्सक दल सहित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर किया गया। वहीं जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा 60 पुरूषों की नसबंदी की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने अभियान से जुड़े सभी डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक अभियान संचालन की बधाई देते हुए लोगों को जागरूक करने हेतु बताया कि, पुरुष नसबंदी परिवार नियोजन का एक स्थाई सुरक्षित साधन हैं। ऑपरेशन में ज्यादा समय नहीं लगता व्यक्ति उसी दिन अपने घर जा सकता हैं। नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती व्यक्ति कुशलतापूर्वक अपना विवाहित जीवन जी सकता है। हितग्राहियों को इसके लिए 3 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दिया गया हैं। जनसंख्या एवं परिवार नियोजन हेतु सभी को जागरूक होकर सहयोग एवं अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की है।

# मनाया गया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस



■ सैनिकों के कल्याण के लिए दान करने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सेना की बहादुरी,त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में 07 दिसंबर को कलेक्टोरेट में हर्ष के साथ मनाया गया। इस परिप्रेक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त विंग कमांडर श्री जेपी पात्रो द्वारा अपर कलेक्टर सीपी बघेल तथा अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को सशस्त्र सेना ध्वज प्रतीक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा हेतु शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। वहीं अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल ने इस नेक पहल में उदारता एवं मुक्तहस्त से सहयोग प्रदान कर अनुग्रहित करने का आग्रह आम नागरिकों से किया। गौरतलब है कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस समस्त नागरिकों के लिये देश की रक्षा के लिए विषम एवं दुर्गम इलाकों में सेवारत् सैनिकों और वीर शहीदों के परिवार व भूतपूर्व सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का उत्तम अवसर है, जिसमें सभी नागरिक दिल खोलकर सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में बढ़ चढ़कर योगदान दे सकते हैं।

# अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने वाले आरोपी से शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर. के. बर्मन के द्वारा लगातार अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने निर्देश प्राप्त होने पर कपिल चंद्रा पुलिस अनुविभीय अधिकारी किरन्दुल के कुशल मार्गदर्शन व उनके नेतृत्व में निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू थाना प्रभारी किरन्दुल के द्वारा टीम बनाकर 5 दिसंबर को सुरेश चंद निवासी चटाईपारा किरन्दुल द्वारा अवैध लाभ कमाने के उद्देश्य से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री करने की मुखबीर सूचना प्राप्त होने पर उप निरीक्षक रेवाराम साहू, प्रधान.आरक्षक.क्र. 778, आर. 357, 679, म.आर.क्र. 720 के द्वारा आज मौके पर गवाहों के साथ सुरेश चंद निवासी चटाईपारा किरन्दुल का किराया मकान परछी में घेराबंदी कर पकड़े सुरेश चंद के पास रखे एक प्लास्टिक के थैला का तलाशी लेने पर अग्रेजी शराब 10 नग एरिस्टॉक्रेट पौवा, प्रत्येक पौवा 180 मिलीलीटर कुल 1800 मिलीलीटर कीमत 2300/-रू., 02 नग रॉयल ग्रीन पौवा, प्रत्येक पौवा 180 मिलीलीटर कुल 360 मिलीलीटर कीमत 460/-रू., 01 नग सिग्नचर बाटल 750 मिलीलीटर कीमती 1180/-रू. एवं 08 नग सीम्बा केन बियर प्रत्येक में 500मिलीलीटर कुल 4000 मिलीलीटर कीमती 1520/-रू. एवं शराब बिक्री किया हुआ रकम 500/-रू. कुल अंग्रेजी शराब 6910 मिलीलीटर कुल कीमती 5960/-रू. को बरामद कर जप्त किया गया है, आरोपी सुरेश चंद के द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से थाना किरन्दुल में अपराध क्रमांक-130/2023 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम कायम के तहत् कार्रवाई किया गया है।

# भाजपा के साथ हुई कोंडागांव विधानसभा की जनता की जीत : जितेंद्र सुराना

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रदेश कार्य समिति सदस्य जितेंद्र सुराना ने मीडिया को जारी अपने वक्तव्य में कहा कि, विधानसभा कोंडागांव में लता उसेंडी को मिली ऐतिहासिक लीड एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर जनता ने जो उपहार दिया हैं वह वास्तव में जनता की जीत है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पाँच वर्षों के आतंक, गंगाजल हाथ में लेकर की गई वादाख़िलाफ़ी, सत्ता लोलुपता से उपजे अंतर्कलह, भ्रष्टाचार और निरंकुश नौकरशाही रूपी खरपतवार को उखाड़ फेंककर जनता जनार्दन ने भाजपा के विकास, सेवा, सुशासन, गरीब, युवा, महिला व किसान के हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों और उनकी गारंटी पर विश्वास जताकर विकास के बीज बोकर विजय पताका फहराई है। इसके अलावा तकरीबन सभी बूथों से जो रिकॉर्ड मत मिले वह पन्ना प्रमुख, बूथ लेवल, शक्ति केंद्र, मण्डल से लेकर जिले और मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकताओं और पदाधिकारियों की मेहनत, लगन व निष्ठा का परिणाम हैं। निःसंदेह केंद्र की मोदी सरकार, छत्तीसगढ़ प्रदेश की भाजपा सरकार और कोंडागांव विधानसभा में भाजपा के ट्रिपल इंजन से विकास को द्रुतगति मिलेगी जिसका सीधा लाभ विधानसभा के अंतिम छोर तक परिलक्षित होगा।

## जनजाति संस्कृति के संरक्षण के लिए घोटुल मॉडल का निर्माण



**कांकेर।** भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के कुशल मार्गदर्शन एवं समाजशास्त्र विभाग, इतिहास विभाग के सौजन्य से महाविद्यालय में घोटूल मॉडल का निर्माण किया गया। बस्तर जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है यहां पर गोड, हल्बा, भतरा, मुरिया, मादिया, ध्रुवा, दोरला प्रमुख है। जनजातियों की पहचान उनके नृत्य, गीत, संस्कति, संस्कार एवं परम्पराओं से होता है। उन्हें अक्षुण्य बनाये रखने में उनका संरक्षण आवश्यक है। इस संग्राहालय में वस्तुओं के संग्रह के लिये समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.व्ही. क. रामटेके, डॉ. बसंत नाग, पुनित राम तडके, इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शरद ठाकुर, डॉ पूनम साहू एवं प्रो. सुमिता पाण्डेय तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको का सक्रिय योगदान रहा है। चित्रकला के माध्यम से जनजाति संस्कृति एवं उनके जीवन शैली को समाजशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों द्वारा दीवारों पर उकेरा गया।

## कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में दिए निर्देश

# जन शिकायतों का करें त्वरित निराकरण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गुरुवार को जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि, सभी अधिकारी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत दी जाने वाली सभी सेवाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के लिए प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने विधानसभा निर्वाचन के दौरान दिए गए दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए निष्पक्ष और निर्विवाद निर्वाचन के लिए अधिकारियों को बधाई दी। कलेक्टर श्री सोनी ने जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्यों की गति बढ़ाने को कहा, जिससे लोगों को इस योजना का लाभ शीघ्र प्राप्त हो। उन्होंने नारायणपुर मार्ग निर्माण हेतु आवश्यक प्रक्रिया की गति बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने इसके साथ ही भारतमाला योजना के तहत सड़क निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने केशकाल मार्ग में वाहनों के खराब होने के कारण आवागमन के बाधित होने के कारण अनफिट वाहनों को घाट में प्रवेश न करने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाट में प्रवेश के पूर्व सभी मालवाहक वाहनों की फिटनेस प्रमाण पत्र अवश्य देखा जाए। कलेक्टर ने अवैध अतिक्रमण पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। बड़े कनेरा मार्ग स्थित मदिरा दुकान के आसपास लगाई जाने वाले रेहड़ियों के कारण मार्ग में आवागमन में आ रही बाधा को हटाने के लिए दुकानों का संचालन हेतु स्थल निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शिक्षा, आदिम जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी संस्थानों को शीघ्र तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी निमार्णाधीन कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए, जिससे लोगों को इन योजनाओं का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

# नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने ली सीएमओ एवं कर्मचारियों की क्लास



पायनियर संवाददाता ➤ चारामा
www.dailypioneer.com

छः गढ़ में बीजेपी की सरकार बनते ही नप अध्यक्ष ने सीएमओ एवम कर्मचारियों की बैठक लेकर नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने समझाइश दी ताकि नगर में कोई भी जगह कचरा का ढेर न दिखाई दे नालियों की नियमित सफाई , डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर रहे कर्मचारियों पर सख्ती से काम लेने एवम कचरा को नदी किनारे डंप किए जाने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल निराकरण करने समझाईश दी गई जिसके लिए नप अध्यक्ष ने वार्ड के पार्षद से संतुष्टि प्रमाण पत्र लेने विभाग प्रभारी को निर्देश दिए ताकि किसी भी पार्षद व लोगो की शिकायत न मिले साथ ही साथ केंद्र सरकार की महत्वकांछी योजना प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का समय पर भुगतान एवम कोई भी शिकायत का मौका नहीं मिलने ,पेंशन योजना , नलजल शाखा, विद्युत शाखा, राशन कार्ड, जन्ममृत्यु, राजस्व वसूली,लोक निर्माण विभाग, सामुदायिक संगठन शाखा से संबंधित सभी मूलभूत एवम जनहित कार्यों को समय सीमा में पूरा करने एवम कार्यलय में कार्यरत कर्मचारियों को समय पर ऑफिस में उपस्थित होने एवम अपने कर्तव्यों को पूर्ण ईमानदारी व जिम्मेदारी के साथ पूरा करने एवम कड़ाई से पालन करने आवश्यक निर्देश दिए एवम इसके अलावा लापरवाही एवम कोताही बरतने वाले कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही करने की बात कही गई जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

# पूर्व विधायक रंजना साहू ने किया सोसाइटियों का निरीक्षण

## धान खरीदी की जानकारी लेकर बरसात से धान के बचाव हेतु अधिकारियों को किया निर्देशित



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रत्याशी रहीं पूर्व विधायक रंजना डिपेंद्र साहू चुनाव परिणाम के बाद भी सक्रिय नजर आ रही हैं, गुरुवार को उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ कुरमातराई,देमार एवं डोमा सोसायटी पहुंच धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया एवं बरसात से धान के बचाव हेतु समुचित व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया। विदित हो कि कुरमातराई सोसाइटी में अभी तक 15188 धान खरीदी हई है, जबकि लगभग 41 हजार क्विंटल खरीदी शेष बाकी है, वहीं डोमा सोसाइटी में 18639 क्विंटल खरीदी की गई जबकि 80 हजार क्विंटल खरीदी शेष है, तो वहीं देमार सोसायटी में 20408 क्विंटल खरीदी की गई है जबकि 45 हजार क्विंटल खरीदी शेष है। जहाँ साहू ने किसानों को समय से टोकन उपलब्ध करवाकर सुगमता से धान खरीदी करने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने किसानों का हाल जाना और छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने किसानों का आभार व्यक्त किया, जारी प्रेस नोट में उन्होंने कहा छत्तीसगढ में किसान हितैषी सरकार है, किसानों की सुगमता और व्यवस्थित धान खरीदी हमारी सरकार की प्राथमिकता है जिसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। बीते पांच वर्ष किसानों को बहुत तकलीफों का सामना करना पडा परंतु अब सुशासन वाली किसान हितैषी भाजपा सरकार छत्तीसगढ में है जो किसानों के हितों में कार्य करेगी सोसाइटियों में जाकर हमने बरसात से धान बचाव हेतु अधिकारियों से बात की है किसानों की सहुलियत हमारी प्राथमिकता है। उस दौरान सोसायटी का जायजा लेने विजय साहू, राकेश साहू, बसंत मीनपाल, राजू मीनपाल, जोगेंद्र सेन, बिमलेश मीनपाल, दिनेश साहू पप्पु, भुपेंद्र साहू,लक्ष्मीनारायण साहू,संजय साहू, दीनदयाल साहू, तेजश साहू,डुमन लाल साहू, मेषलाल साहू, भूलेश्वर साहू, दीपक कुमार वैष्णव, यक्ष कुमार साहू, उमेंद्र यादव, राजेश कुमार, गोपाल सिंहा, सुनील साहू, रुपराम साहू, विनोद कुमार, नरेंद्र साहू, पुनाराम साहू, संतराम साहू, ननेश साहू, अशोक साहू, शीत साहू, धान खरीदी कुरमातराई प्रबंधक अरूण कुमार सोनवानी, डोमा सोसायटी प्रबंधक खेमलाल साहू, देमार सोसायटी प्रबंधक संतोष पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# मोदी लहर है तो बैलेट पर मतदान कराने तैयार क्यों नहीं होते :आशीष रात्रे

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे ने चुनाव नतीजों को लेकर बड़ा आरोप लगाया है कि जब मोदी लहर है तो फिर बैलेट पर मतदान चुनाव कराने से क्यों डर रहे हैं। सरकार विधानसभा चुनाव में पूरे विपक्षी दल पूरे दम खम के साथ केन्द्र व राज्य सरकारों के खिलाफ जबरदस्त सरकार विरोधी माहौल था और अधिकांश विधानसभा क्षेत्र में चुनाव परिणामों की गहन समीक्षा कर जो बातें सामने आ रही है उनमें सबसे बड़ा कारण ईवीएम मशीन बताया जा रहा है जब तक ईवीएम मशीन रहेगा तब तक अन्य दल शासन सत्ता में नहीं आयेंगी। विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशियों के लगातार चुनाव प्रचार अभियान के तहत गांव के महिलाओं द्वारा आरती उतार कर स्वागत सत्कार किया जा रहा है दो सौ से तीन सौ महिला और पार्टी का पोलिंग बूथ कार्यकर्ता है वहां चार पांच वोट पड़ना। प्रत्याशियों के रिश्तेदार जिसका में रहते हैं 40-50 मतदाता हैं वहां भी 6 वोट समझ से परे है पार्टी के एक गांव मामला है जिसका गांव के जिला स्तर व विधानसभा स्तर के बड़े पदाधिकारी पार्टी का है और दोनों परिवारों का वोट 11 वोट डाला है वहां सिर्फ 8 वोट पड़ रहा है पिछले चुनाव नगर निगम में हुआ बैलेट पेपर से हुआ वहां पूरे तरीके से हारे हैं सरकार खुलम खुला वोट का घोटाले कर सरकार बना रहे हैं ताकि आने वाले समय में चुनाव लड़ना छोड़ दें सामने वालों का मनोबल गिरा दें।

# सर्द हवाओं के साथ बढी ठंड, बारिश होने से आवागमन हुआ कम



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले में मिचोंग तुफान का असर देखा जा रहा है जहां दिनभर बादल छाये हैं, वहीं कही-कहीं पर रूक-रूक कर बारिश भी हो रही है, जिससे ठंड बढ गई। अधिकतर लोग अपने अपने घरो में दूबके हुए है और जो कामकाजी लोग है वही बाहर निकल रहे है और अपना काम निपटा रहे है। बारिश होने के कारण ठंड काफी बढ गई है। ठंड के कारण लोग कहीं कहीं पर अलाव तापते नजर आये। शॉल स्वेटर की मांग भी बढ गई है मांग होने के कारण इन दिनो ऊनी, शाल स्वटेर की दुकाने लगी हुई। वहीं सुबह सुबह जो नर्सरी से केजी के बच्चे है उनको स्कूल भेजने में पालको को परेशानी हो रही है छोटे बच्चे ठंड में स्कूल जाना नही चाहते । छत्तीसगढ़ में आज भी बारिश की संभावना है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में या तो बारिश होगी या फिर बादल छाये रहेंगे। आपको बता दें कि पिछले दो दिनों से चक्रवाती तूफान मिचोंग का असर छत्तीसगढ़ में दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग ने मिचोंग तूफान को लेकर सर्द हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में तूफान का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 8 दिसंबर तक तेज हवाएं और भारी बारिश होने की आशंका है। प्रदेश में मिचेंग तूफान की तीव्रता 90-100 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 110 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान मिचोंग बंगाल की खाड़ी, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के ऊपर फैला हुआ है। मिचोंग चक्रवाती तूफान उत्तरी आंध्र प्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ और ओडिशा के तटीय क्षेत्रों तक फैला हुआ है। मिचोंग तूफान की गति 90-100 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 110 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

# महापौर चुनाव प्रदेश सत्ता, धन और बाहुबल का नतीजा : विजय मोटवानी

**धमतरी ।** नगर निगम धमतरी महापौर चुनाव के नतीजे तय करने में प्रदेश सत्ता का दुरुपयोग बाहुबल और धनबल अहम भूमि का निभाया था चार साल पहले हुए महापौर चुनाव में वोटों के बदले बड़े पैमाने पर पैसे बांटे गए थे। अहम तो यह था कि अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव सम्पन्न कराकर बाहुबल और धनबल से सत्ता हासिल करना प्रदेश सरकार का प्रमुख उद्देश्य रहा जबकि 125 साल की नगर पालिका में कॉग्रेसी कभी सत्ता का द्वार नही देख पाए थे राजनीतिक दलों की ऐसी ही अत्याचारिता की एक तस्वीर है। चुनाव से पहले निर्वाचित पार्षदों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने सहयोगियों के प्रति प्रतिबद्धताओं के बावजूदए सत्ता पर कब्जा करने के लिए खरीद.फरोख्त का काम बड़े पैमाने पर किया गया । यहाँ जब बात नही बनी तो विपक्षी पार्षदों को डराया धमकाया गया कनपटी पर बन्दूक तानकर चुनाव में भाग नही लेने दबाव बनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के जिन पार्षदों ने महापौर चुनाव में उनका सहयोग नही किया उनको हताशा करने खुद के नियम बनाकर प्रताडित किया गया । अब उनकी सरकार जा चुकी हम खुलकर महापौर चुनाव में हुए धनबल बाहुबल और सत्ता के दुरुपयोग को उजागर करेंगे उनके द्वारा किये गए घोटालों को जन जन तक ले जाएंगे प्रदेश सरकार से जांच कर दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही का अनुरोध किया जाएगा।



# रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक ने शंकरदाह एनएसएस कैंप में सेवाएं दी

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com





सेवा ही मूल धर्म है, इसी विचार को धारण करके राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के स्वयंसेवक ग्राम पंचायत शंकरदाह में सेवाएं दे रहे है। कार्यक्रम का शुभारंभ में मां सरस्वती के द्वीप प्रज्वलन व एनएसएस ध्वजारोहण कर हुआ। इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत शंकरदाह के नरेंद्र कुमार साहू के आशीर्वचन एवं उपसरपंच सोमन लाल साहू एवं विशिष्ट अतिथि एवं सहयोगी रामानंद साहू के मार्गदर्शन में यह सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी रासेयो शेषनारायण गजेंद्र के द्वारा शिविर प्रतिवेदन अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या , शिविर उद्देश्य एलक्ष्य विभिन्न कार्यक्रम सविस्तार जानकारी दिया गया। प्रथम दिवस एनएसएस के स्वयंसेवकों के द्वारा कैंप स्थल गोंडवाना समाज एवं साहू भवन के कमरों, मैदानों, द्वार के आसपास के स्थानो का साफ सफाई किया गया। भोजन पश्चात कार्यक्रम अधिकारी शेष नारायण गजेंद्र के द्वारा दल निर्माण एवं कार्य विभाजन किया गया। द्वितीय दिवस स्वयंसेवकों के द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से स्वच्छता व स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। तत्पश्चात योग सत्र अंतर्गत योग और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ रहने के नुस्खे बताए गए। परियोजना कार्य अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदहा के मैदान की साफ सफाई किया गया। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत खिलेंद्र साहू संगीत शिक्षक अजीम प्रेम जी स्कूल शंकरदाह के द्वारा संगीत शिक्षण के महत्व संगीत में कैरियर निर्माण आदि विषयों पर सविस्तार अपना मार्गदर्शन दिया। सुरेश कुमार साहू व्याख्याता मंच संचालक कवि के द्वारा मंच संचालन के विभिन्न आयाम कविता लिखने की शैली बोलने की कला आदि विषयों पर मार्गदर्शन दिया। विशेष मिथिलेश रत्नाकर सहायिका कार्यकर्ता, शेषनारायण शिविर नायक , युगेश्वरी सिन्हा ,शिविर नायिका कु रोमा साहू, विनीता ध्रुव।

# गरियाबंद जिले को 10 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले को 10 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिले से विशेष आवश्यकता वाले व जनसंख्या एवं वहां के क्षेत्रों की मांग के अनुरूप नवीन मिनी व मुख्य आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने हेतु प्रस्ताव संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रेषित किया गया था। जिसमे से अभी 10 नवीन केन्द्र खोलने की अनुमति प्राप्त हुई है। 10 नवीन केन्द्रों का चिन्हांकन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सर्वप्रथम क्षेत्र की जनसंख्या के आधार पर चयन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गरियाबंद ने बताया कि 10 नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरियाबंद विकासखण्ड से मजरकट्टा 03, धवलपुर , खरता शामिल है। इसी प्रकार मैनपुर विकासखण्ड से खरीपथरा, कोदोमाली, भाठापानी एवं चिपरी शामिल है। देवभोग विकासखण्ड से गिरसूल , सितलीजोर एवं चिचिया शामिल है। इन सभी 10 नवीन केन्द्रों को खोलने हेतु स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन केन्द्रों का संचालन अतिशीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश परियोजना अधिकारियों को दिया गया है। साथ ही इन केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका की भी भर्ती की कार्यवाही किए जाने के निर्देश संबंधितों को दिए गए है।

# दिव्या तुम्हारी पढ़ाई के जज्बे को सलाम!

## पिता कि मृत्यु के बाद भी परीक्षा देती रही बेटी

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शा, हाई स्कूल रोहिना की सबसे होनहार छात्रा दिव्या गंधेल की पढ़ाई के प्रति दृढ़ इच्छा शक्ति एवं उसकी ललक को देख कर हर कोई हतप्रभ है। पिता की मृत्यु के बाद भी बेटी परीक्षा देती रही। परीक्षा में बैठी छात्रा को पिता की मृत्यु की खबर देने की हिम्मत नहीं जुटा पाये। पेपर देने के बाद बाहर निकली तो हर किसी की आंखों से आंसू छलक आए शायद आंसुओं की बहती धारा को देखकर दिव्या समझ चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार चार दिसंबर को प्रातः 10 बजे से मासिक टेस्ट परीक्षा लेना था। बच्चे पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में बैठ गये। पहले घंटे में विज्ञान का



टेस्ट लेने के बाद हिंदी विषय का टेस्ट होना था। तभी एक खबर मिली कि दिव्या गंधेल को घर भेजना है उसके पिताजी का तबीयत अत्यंत खराब है। वह बेमन से स्कूल छोड़कर घर चली गई। घर पहुँचने पर पता चला कि उसके पिताजी को इलाज के लिए बसना ले गए हैं तब वह पुनः परीक्षा देने स्कूल वापस आ गई। जब स्कूल पंहुची तो टेस्ट परीक्षा समाप्त हो चुकी थी। उसने हिंदी टेस्ट पेपर देने की इच्छा जाहिर की। तब उसे एक कमरे में बिठाकर हिंदी प्रश्न पत्र हल करने दी गई। इसी समय उसके पिताजी की मृत्यु की खबर स्कूल पहुंच चुकी थी मगर उसकी खबर दिव्या को देने की हिम्मत नहीं जुटा पाये । वह बड़े ही इत्मीनान से परीक्षा देती रही। व्यख्याता कमलेश साहू ने बताया कि परीक्षा देने के बाद उसे घर भेज दिया गया मगर उसकी उत्तर पुस्तिका को जाँचते वक़्त हाथ काँपने लगा और आंखों से आंसू छलक आये। मैं उस छात्रा की पेपर जांच रहा था जिसके सर से चंद मिनट पहले ही पिता का साया उठ चुका था। यह क्षण काफी पीड़ा दायक रहा जिसे शब्दों से बयां नही कर सकता । प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल ने बताया कि दिव्या गंधेल एक होनहार छात्रा है। कक्षा नवमी में प्रथम स्थान हासिल करने पर उन्हें गोल्ड मेडल प्रदान किया गया था। वह शालानायिका के साथ-साथ विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का संचालन बखूबी करती है। उन्हें कई बार बेस्ट स्टूडेंट आफमंथ का खिताब भी मिल चुका है। दिव्या की पढ़ने लिखने की जज्बे की हर कोई सराहना कर रहा है। शिक्षकों ने कहा कि पिता की कमी को तो पूरा नहीं कर सकते मगर पढ़ने में किसी तरह की कोई कमी न हो इसका पूरा ख्याल रखेंगे। यह ज्ञातव्य हो कि दिव्या के पिता बैगाराम गंधेल ग्राम पंचायत खोकसा के सचिव के पद पर कार्यरत थे। जिनका 4 दिसंबर को आकस्मिक निधन हो गया।

# दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को मंत्रीमंडल में शामिल करने प्रधानमंत्री को भेजा गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छ. ग. यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव ने छत्तीसगढ़ के नवा सरकार में दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक गजेन्द्र यादव को राज्य में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने की मांग की है यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव को ज्ञापन भेजकर ÷यादव समाज को मंत्रीमंडल में प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में 25 लाख के आस पास ÷यादव समाज की जनसंख्या है और इस बार के चुनाव में दुर्ग सीट के कद्दावर विधायक अरूण वोरा को बड़े अंतर से हराया है ÷यादव समाज÷ के राष्ट्रीय नेताओं के सर्वसम्मति से विधायक गजेन्द्र यादव को राज्य में कैबिनेट मंत्री बनाये जाने की पुरजोर मांग भाजपा नेतृत्व से की जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ पूर्व केबिनेट मंत्री के पुत्र विधायक गजेंद यादव को यादव समाज की तरफ से मजबूत लीडर माना जाता है यादव समाज ने समाज की बहुलता को देखते हुए मंत्री मंडल में प्रतिनिधित्व मांगा है उक्त ज्ञापन भेजने वालो में नरेन्द्र कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष, युवा अध्यक्ष पवन यादव, पार्षद हितेश यादव, दाशरथी यदु, दिनेश कुमार यादव, राजेन्द्र कुमार यादव राजू, हेमसागर यादव, मुकेश यादव, प्रदीप यादव, तुषार यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, ईशान यादव, पदमन यादव, बाला प्रसाद यादव, शिवनाथ यादव, बरम लाल यादव, भोला यादव, गोकुल यादव, धनेश यादव, गोविंद यादव, दिलचन्द यादव, महेंदर यादव, टिंकू यादव, हर्षवर्धन यादव, बबलू यादव, अशोक यादव, सारांश यादव, भजन यादव, दरिद्रनारायण यादव, डी एन यादव, रामनारायण यादव, हरनारायण यादव सहित सभी सामाजिक वरिष्ठ जनों ने भाजपा नेतृत्व से मांग किया है।

# मृदा एवं जल जीवन का एक स्त्रोत विषय पर मनाया गया विश्व मृदा दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




कृषि विज्ञान केन्द्र, गरियाबंद में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर 05 दिसम्बर को मृदा एवं जल जीवन का एक स्त्रोत के विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों एवं कृषकों की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कृषकों को विश्व मृदा दिवस के महत्व तथा मृदा एवं जल के संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक मनीष कुमार आर्या ने कृषकों मिट्टी को स्वस्थ रखने के लिए समय-समय पर परीक्षण करवाने, जैविक खेती एवं संतुलित उर्वरक उपयोग करने की जानकारी देते हुए मृदा नमूना लेने का तरीका, मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वाथ्य पत्रक के माध्यम से फसलों में संतुलित उर्वरक प्रबंधन के महत्व को बताया। साथ ही के केन्द्र के सस्य वैज्ञानिक डॉ. शालु एन अब्राहम ने कृषकों को प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ ईशू साहू ने सब्जी में पोषक प्रबंधन, ई. प्रवीण कुमार जामरे ने मृदा एवं जल संरक्षण, डॉ. ज्योति रमा भारद्वाज ने मृदा जनित रोग प्रबंधन तथा तुषार मिश्रा ने मृदा में स्थित सूक्ष्म जीवों का महत्व विषयों पर कृषकों को विस्तृत रूप से पॉवर पॉइंट के माध्यम से जानकारी दी। केन्द्र के वैज्ञानिकों के द्वारा कृषकों को प्रक्षेत्र भ्रमण कराया गया एवं भ्रमण के दौरान कृषकों को प्रक्षेत्र विभिन्न इकाईयों जैसे - फसल उत्पादन इकाई, फल मातृ उद्यान, ग्रीन शेडनेट, किचन गार्डन, सब्जी नर्सरी, मशरूम उत्पादन, पशुपालन एवं अन्य इकाईयों की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में कृषि विभाग के सहायक संचालक कृषि रमेश निषाद, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषक मित्र एवं कृषक उपस्थित रहे।

# प्रिंसिपल ऑफ द ईयर-2023 अवॉर्ड से सम्मानित हुए संजय पाण्डेय

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

अम्बुजा विद्यापीठ के प्राचार्य संजय कुमार पाण्डेय को राजस्थान के जयपुर में गत दिनों प्रिंसिपल ऑफ द ईयर 2023 के रास्ट्रीय सम्मान से नवाज़ा गया। प्राचार्य संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि यूनिवर्सल मेंटॉर एसोसिएशन द्वारा प्रतिवर्ष प्रिंसिपल ऑफ द ईयर का चयन किया जाता है जिसमे शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन को ध्यान में रखा जाता है। इस आधार पर उनका चयन किया गया। अम्बुजा विद्यापीठ का शैक्षणिक क्षेत्र में अग्रणी स्थान है। प्राचार्य पांडेय ने विगत 12 वर्षों से अध्यापन, बोर्ड परीक्षा एवं सह शेक्षिक गतिविधियो में उत्कृष्ठ परिणाम दिया है। हाल ही में इनकी पेरेंटिंग पर बेहद उपयोगी पुस्तक पेरेंटिंग - लर्निंग एंड अनलर्निंग (भाग- 1) का प्रकाशन हुआ है। इनके सम्मान पर जिले का शिक्षा जगत गौरवान्वित हुआ है। विदित हो कि पूर्व में भी पांडेय को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान,रास्ट्रीय विद्या सरस्वती पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, शिक्षक रत्न पुरस्कार, अवंतिका राष्ट्रीय सेवा सम्मान, शिक्षाविद पुरस्कार, अवंतिका - डॉ एपीजे अब्दुल कलाम पुरस्कार, बेस्ट परफॉरमिंग प्रिंसिपल - अम्बुजा विद्या निकेतन ट्रस्ट, अवंतिका - आचार्य शिरोमणि पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।



पांडेय की इस उपलब्धि पर विद्यालय - प्रबंधन व शाला परिवार ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

# धमतरी में नि :शुल्क कैंसर शिविर का आयोजन 23 दिसंबर को

**धमतरी ।** लोहाणा महाजन एवं लोहाणा महिला समाज धमतरी एवं दयालजी सुंदर मिराणी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग द्वारा 23 दिसंबर को स्थानीय गुजराती समाज भवन में सुबह 10 बजे से निःशुल्क कैंसर अवेयरनेस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस निःशुल्क शिविर में संजीवनी हॉस्पिटल रायपुर के अनुभवी डॉक्टर एवं सिध्दी फाउंडेशन राजनांदगांव की सिध्दी बेन मिराणी उपस्थित रहेंगी। बता दें कि इस निःशुल्क शिविर में पंजीयन की तिथि 20 दिसंबर तक है इस शिविर में कैंसर परामर्श एवं चेकअप व कैंसर अवेयरनेस सेमीनार का आयोजन किया गया है । पंजीयन के लिए आप इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं- मुकेश रायचुरा मो 9827986080, गौरव लोहाना मो 9926199626, वंदना मिराणी मो 8975293050, तृप्ति माणेक मो 9977900070।

# कलेक्टर व एसएसपी पहुंचे वीरभूमि सोनाखान शहादत दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

## समय पर सभी तैयारी पूर्ण करने अधिकारियों को दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर चंदन कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा गुरुवार को वीरभूमि सोनाखान पहुंचकर शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्मारक स्थल, मुख्य कार्यक्रम स्थल, गार्डन आदि का निरीक्षण कर शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने मुख्य कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच की रंग- रोगन, सजावट के साथ ही अन्य कार्यक्रमो के पंडाल का निर्माण, शौचालय, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संभावित वीआईपी मूवमेंट को दृष्टिगत रखते हुए हैलीपेड निर्माण, वाहन पार्किंग सहित मेले में लगने वाली सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्दश दिए। इसके पश्चात उन्होंने स्मारक स्थल पहुंचकर स्मारक तथा संग्रहालय की साफ सफाई व सजावट करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मारक स्थल के निकट स्थित गार्डन का भी निरीक्षण किया और गार्डन की दीवारों की रंगाई -पुताई करने तथा लाइटिंग को सुधारने कहा। बिजली की पर्याप्त व्यवस्था हेतु सीएसपीडीसीएल के अधिकारी को रात्रि में बिजली कटौती नही करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को पार्किंग सहित सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी करने कहा गया। इस दौरान शहीद वीर नारायण सिंह के प्रपौत्र राजेंद्र दीवान ने कार्यक्रम आयोजन एवं तैयारी के सम्बंध में जानकारी दी और जिला प्रशासन से आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की। ज्ञातव्य है कि हर वर्ष 10 दिसंबर को वीरभूमि सोनाखान में श्रध्दा, गौरव एवं शौर्य के प्रतीक के रूप में शहीद वीर नारायण सिंह शहीद दिवस मनाया जाता है।इस अवसर पर मेले का आयोजन 8 दिसंबर से प्रारंभ होकर 10 दिसंबर तक होता है। इस दौरान अपर कलेक्टर वीसी एक्का,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, एसडीएम अंशुल वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

# अतिक्रमण करने वाले अवैध छोटे-बड़े कब्जों पर होगी सख्त कारवाही

## अवैध चौपाटी व चखना सेंटरों पर चलेगा बुलडोजर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने अवैध छोटे-बड़े कब्जों पर कार्रवाही करने के सख्त निर्देश दिए हैं। अवैध कब्जा एवं चखना सेंटरों को हटाने जिला प्रशासन ने सभी नगरीय निकायों को दिए निर्देश। बैठक में सभी नगरीय निकाय के अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए अवैध चौपाटियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा अवैध ठेले गुमटियों व चौपाटियों पर भी कार्रवाई करने कहा। कुछ लोगों द्वारा पक्के मकान व दुकानें बना बैठे हैं, जबकि कुछ लोगों ने अन्य जगह पर अवैध कब्जा किया हुआ है। जिला प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से उक्त स्थानों पर अभियान चलाकर बुल्डोजर मशीनों को साथ लेकर उक्त स्थान से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू करने को कहा। कलेक्टर ने चखना दुकानों पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। शराब दुकानों के आसपास चखना दुकानों की वजह से राह चलने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चखना दुकानों को चिन्हित करके कार्रवाई करने को कहा। सड़क किनारें स्थित सभी छोटे-बड़े कब्जों को हटाया जाएगा। यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा दुकान के बाहर साइन बोर्ड हटाकर सड़क को बाधा मुक्त किया जाएगा। उन्होंने कहा रोड़ पूरी तरह खाली एवं व्यवस्थित दिखना चाहिए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्तों एवं सभी निकायों के नगर पालिका अपनी उपस्थिति में अवैध कब्जों पर कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को सड़क किनारे फल व सब्जी ठेलों को हटाने को कहा। सड़कों के किनारे खड़ी ठेलो और दुकानों के बाहर बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं होल्डिंग्स को हटाने कहा, जिससे यातायात सुव्यवस्थित हो सके। सड़क खाली एवं व्यवस्थित दिखाई देना चाहिए। फुटपाथ पर कब्जा जमाए हुए हैं उन सभी को हटवाकर दुबारा न लगाने की समझाईश दी जाए। सड़क के किनारे व्यवसाय कर रहे सर्विस रोड किनारे से अतिक्रमण कर सड़क पर से अवैध कब्जा हटाने को कहा, नही हटाए जाने पर जुर्माने एवं सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। ठेलों को व्यवस्थित करने आयुक्त नगर निगम को निर्देश दिए। उन्होंने आयुक्तों से जगह चिन्हांकित कर ठेलों को शिफ्ट करने को कहा।

# विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता जिला स्पोर्टस स्टेडियम मे संपन्न हुआ जिसमे लगभग 200 बालिकाओ एवं महिलाओ ने भाग लेकर प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। विकासंखड नोडल अधिकारी शिवकुमार बांधे से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आज 6 दिसंबर को संपन्न हुआ। इस एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता मे एथलेटिक्स, खोखो, रस्साकशी, बालीबाल, बैडमिंटन खेल का आयोजन किया गया जिसमे विकासखंड के लगभग 200 बालिका एवं महिलाओ ने भाग लिया। यह खेल प्रतियोगिता दो वर्गो मे आयोजित था पहले वर्ग मे 9 से 18 वर्ष तथा दुसरे वर्ग मे 19 से 35 के बालिकाओ एवं महिलाओ ने भाग लिया। जिसमे 9 से 18 वर्ष के एथलेटिक्स प्रतियोगिता 100 मीटर दौड मे प्रथम डिगेश्वरी पाल, द्वितीय सुमन धुव, 400 मीटर मे प्रथम ज्योति धुव,द्वितीय विधि देवांगन, खो खो मे स्वामी आत्मानंद स्कुल हिन्दी मीडियम प्रथम स्थान, रस्साकशी मे भी प्रथम स्थान पर स्वामी आत्मानंद विधालय हिन्दी मीडियम रहा। तवा फेंक मे प्रियंका धृतलहरे रिसदा प्रथम एवं महेश्वरी वर्मा कोहरौद द्वितीय स्थान पर रहे। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग मे 100 मीटर दौड मे प्रथम टुकेश्वरी यादव, द्वितीय ईश्वरी धुव, 400 मीटर दौड में ईश्वरी धुव प्रथम एव केशरी पैकरा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी मे मिनीमाता कालेज बलौदाबाजार, खो खो मे मिनीमाता कालेज बलौदाबाजार ने विजय प्राप्त किया। तवा फेंक मे प्रथम स्थान पर चांद सायतोडे एव द्वितीय स्थान पर रूपाली विश्वकर्मा, बैडमिंटन 9 से 18 वर्ग मे तान्या शर्मा प्रथम स्थान पर रही वही 19 से 35 वर्ष मे खुशी साहू प्रथम स्थान पर रही। बालीबाल में डी के महाविधालय की टीम विजयी रही।इस खेल प्रतियोगिता को संपन्न कराने मे गंगाराम वर्मा रसेडा, संतोष धुव कुकुरडीह, प्रीति जलहरे रिसदा, विशाल किस्पोटटा कोहरौद, अविनाश बंजारे लटुवा, सागर

# जिला अस्पताल में पहली बार टीएमजे एनकाइलोसिस की हुई सफल सर्जरी

## निश्चेतना विशेषज्ञों ने निभाई अहम भूमिका, साढ़े 3 घंटे चला ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कचान्दुर का 10 वर्षीय बालक राहुल गायकवाड़ अब अपने मुँह से खाना खाने में सक्षम है। वह पिछले एक साल से ठीक से कुछ खा नहीं पा रहा था। राहुल टी.एम.जे. एनकाईलोसिस नामक बीमारी से ग्रसित था। इस बीमारी में निचला जबड़ा खोपड़ी की हड्डी से जुड़ जाता है जिससे मुँह खुल नहीं पाता। मुंह न खुलने की वजह से एनेस्थीशिया देना भी काफी जटिल प्रक्रिया भी राहुल को फाइबर ऑपटिक के द्वारा सॉस की नली डाली गई। राहुल के लिए एनकाईलोसिस से पीड़ित होने की वजह उसके दाहिने कान का 2 साल पहले पकना था जिसकी वजह



से इन्फेक्शन टी.एम.जे. ज्वाईन्ट में फैल गया और पिछले 1 साल से उसका मुंह खुलना बन्द हो गया। यह सर्जरी काफी जटिल है क्योंकि ऑपरेशन के दौरान चेहरे की नसों में चोट लग सकती है जिससे चेहरा पैरालाइज भी हो सकता है। चेहरे की नसों को बचाते हुए एन्काईलोटिक मास (हड्डी का टुकड़ा) निकालना पड़ता है। दुबारा जबड़े की हड्डी खोपड़ी से जुड़ न जाए उसके लिए पेट से चर्बी निकालकर डाली गई। राहुल अभी एकदम ठीक है और उसे निगरानी के लिए कुछ दिन अस्पताल में रखा जाएगा। यह सर्जरी ओरल एवं मैक्सिलो फेशियल सर्जन डॉ. कमिनी इड्सेना ने की।

डेन्टल सर्जन डॉ. शिवांशी अग्निहोत्री व ई.न.टी पीजी डॉ. अविनाश गुप्ता ने सर्जरी में सहयोग दिया। राहुल को एनेस्थीसिया डॉ. संजय वालवेन्द्र व डॉक्टर विभा ने दिया। स्टाफनर्स शिवेन दानी, रमेश, शाईनी चेरियन, भागीरथी ने भी अहम भूमिका निभायी।

# दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में होगा नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन समारोह

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा संगठन द्वारा दुर्ग जिले के नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों का अभिनंदन जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में किया जाएगा। जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर शनिवार को धमधा रोड में बायपास ब्रिज के पास स्थित मिलन पैलेस में दोपहर नवनिर्वाचित विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा (अहिवारा), ललित चंद्राकर (दुर्ग ग्रामीण), गजेन्द्र यादव (दुर्ग शहर), ईश्वर साहू (साजा) के अभिनंदन में सभी मंडलों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अभिनंदन समारोह में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, लोकसभा सांसद विजय बघेल, संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, दुर्ग जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल, बेमेतरा जिला प्रभारी लखन साहू, भिलाई जिला प्रभारी संदीप शर्मा, सह प्रभारी चेमन देशमुख, दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, भिलाई जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, बेमेतरा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, विधानसभा प्रभारीगण सच्चिदानंद उपासने, प्रीतम साहू जी, गौरीशंकर श्रीवास, डा. रामकुमार साहू, संजूनारायण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# विभागीय कार्यों की ओर लौटे अधिकारी कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



विधानसभा निर्वाचन-2023 के आदर्श आचरण संहिता समाप्ति के उपरांत कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा, कलेक्टर जनचौपाल, पी.जी.एन. के लंबित प्रकरण और सारथी एप में प्राप्त आवेदनों की निराकरण के संबंध में विभागवार जानकारी ली। उन्होंने जिले में विधानसभा निर्वाचन के कार्यों को सुव्यवस्थित संपादन के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। साथ ही अधिकारियों को अब विभागीय रूटिंग कार्यों को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करने कहा। कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर सहित अन्य स्थानों एवं सड़कों पर अवैध कब्जा हटाने त्वरित कार्यवाही करने निर्देशित किया। उन्होंने सभी एस.डी.एम. और धान खरीदी से जुड़े संबंधित विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में खरीदे गए धान को बारिश से बचाव हेतु कारगार पहल करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में सुरक्षा के समुचित प्रबंध करने अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और नगरीय निकायों के अधिकारियों को सड़कों में वाहन क्रासिंग हेतु चौराहों को ओपन रखने तथा एक किलोमीटर पश्चात् डिवाइडर सड़क को पुनः ओपन रखने कहा। दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने डिवाइडर के बीच में खुले मार्ग को बंद किया जाए। उन्होंने क्षेत्र से संबंधित एस.डी.एम. को सड़क ओपनिंग की निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा है। बैठक में ए.डी.एम. अरविंद कुमार एक्का, जिला पंचायत के सी.ई.ओ. अश्वनी देवांगन, अपर कलेक्टर गोकुल रावटे एवं योगिता देवांगन सहित सभी नगरीय निकाय के आयुक्त, सभी एस.डी.एम. एवं विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# फसल बीमा रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 अंतर्गत जिले में अधिकाधिक कृषकों को बीमा अवरण में सम्मिलित करने हेतु फसल बीमा प्रचार रथ का शुभारम्भ किया गया है। शुभारंभ के अवसर पर कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं अश्वनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, दुर्ग ने फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर ललित मोहन भगत, उप संचालक कृषि दुर्ग, सुचित्रा दरबारी सहायक संचालक कृषि, दुर्ग एवं अन्य अधिकारीगण, बीमा कम्पनी एच.डी एफसी. अरगो जी आई सी. के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम रबी वर्ष 2023-24 योजना के क्रियान्वयन हेतु फसल बीमा कराने की प्रारम्भिक तिथि 06 दिसम्बर 2023 एवं अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है। योजना में गेहूँ सिंचित एवं असिंचित, चना, अलसी, सरसों इत्यादि फसलों को शामिल किया गया है। इस योजना से किसानों को प्रतिकुल मौसम, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टी आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की भरपाई में मदद मिलेगी। ऋणी किसानः जो ऋणी कृषक इस योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी विकल्प चयन (आउटपुट) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र रबी के लिये 24 दिसंबर 2023 तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा, अन्यथा संबंधित बैंक द्वारा संबंधित मौसम के लिए स्वीकृत/ नवीनीकृतकी गई अल्पकालीन कृषि ऋण को अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जायेगा। साथ ही कृषकों को अपना आधार रबी के लिए अंतिम तिथि में अथवा उससे पूर्व अपडेट कराना होगा। अऋणी किसानः फसल लगाने वाले सभी अऋणी किसान को प्रस्ताव पत्र के साथ नवीनतम आधार कार्ड की कॉपी, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/ आईएफएससी कोर्ड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नंबर एवं बटाईदार/ कास्तकार/ साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बीमा हेतु प्रीमियम राशि दरः प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनातंर्गत आने वाली फसल हेतु प्रति हेक्टेयर ऋण मान राशि एवं प्रीमियम राशि निर्धारित है। जिसके अनुसार गेहूँ सिंचित हेतु बीमित राशि (प्रति हेक्टेयर) 35 हजार रूपए, प्रीमियम राशि प्रति हेक्ट. 1.50 प्रतिशत की दर से 525 रूपए एवं प्रीमियम राशि प्रति एकड़ 1.50 प्रतिशत की दर से 210 रूपए है।

# बारिश के बीचे आयुक्त व सीएसपी की मौजूदगी में चला बुलडोजर, चखना सेंटर ध्वस्त

## शराब भट्ठियों में अवैध रूप से चल रहे थे चखना सेंटर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा के निर्देश एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व सीएसपी मणि शंकर चंद्रा के नेतृत्व में बरसते पानी मे शहर के शराबभठ्ठियों में नगर निगम अमला व पुलिस प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर निगम की टीम ने आज मौला गट्ठा के निकट पोटिया चौक के आगे और शिवनाथ नदी महमरा मार्ग नया पारा रोड से लगे भठ्ठियों में जाकर चखना सेंटरों में बुलडोजर चला दिया। कलेक्टर के निर्देश मिलते ही अवैध कारोबार पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शहर में शराब दुकानों के पास संचालित अवैध चखना सेंटरों को नगर निगम द्वारा तोड़ा जा रहा है।शाम 6 बजे से शुरू किया नगर निगम अधिकारी व पुलिस प्रशासन की टीम ने सबसे पहले मौला गट्ठा स्थित शराब दुकान के पास संचालित अहाता पर बुलडोजर चलाया, जिसके बाद पुराना पोटिया स्थित अहाता को जमींदोज किया, इसी तरह महमरा मार्ग नया पारा रोड किनारे में संचालित चखना सेंटर को भी हटाया गया है। विदित है की शहर के अंदर सार्वजनिक स्थानों के पास संचालित इन अवैध चखना सेंटरों की वजह से आस-पास का माहौल खराब रहता था,दिन भर असामाजिक तत्वों के मजमा लगे रहने से महिलाओं का निकलना मुश्किल था। शहर के इन सभी चखना सेंटर के हट जाने से खुलेआम शराबखोरी और गुण्डागर्दी पर लगाम लगेगा। नगर निगम क्षेत्र के अलावा अन्य सभी जगहों से अवैध चखना सेंटरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्रवाही के मौके पद्मनाभपुर टीआई पद्मनाभपुर अनिल साहु,अतिक्रम अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक बाजार अधिकारी थानसिंग यादव,राजू बक्शी,ईश्वर वर्मा,शशि कांत यादव के अलावा प्रधान आ तिवारी आ लोकेश साहू,देवेंद्र राजपूत योगेश चंद्राकर राकेश कुमार खुटेल पद्मनापुर पुलिस बल मौजूद रहें।

## छात्राऐं पढ़ाई के अलावा कला के विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रदर्शन कर सकें

# वार्षिक ललित कला एवं साहित्यिक गतिविधियां हुई सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार, में विगत सप्ताह छात्र संघ के अन्तर्गत वार्षिक ललित कला एवं साहित्यिक गतिविधियाँ कराई गई जिससे छात्राऐं पढ़ाई के अलावा कला के विभिन्न क्षेत्रों में अपना प्रदर्शन कर सकें। इनके परिणाम निम्नानुसार हैः रंगोलीः- प्रथम दर्षिता साहू बी.एस.सी (गृह), द्वितीय लोकेश्वरी साहू बी.ए. , तृतीय ख्याति माण्डले बी.एस.सी. (बायो), अल्पनाः- प्रथम यामिनी वर्मा बी.एस.सी, द्वितीय चन्द्रकला वर्मा एम.एस.सी (गृह), तृतीय कविता बी.एस.सी (गृह), पूजा थालः- प्रथम अंजली साहू बी.एस.सी (गृह), द्वितीय कमलेश्वरी कुर्रे बी.एस.सी (गृह), तृतीय तरूणा साहू एम.एस.सी प् सेम., गिफ्ट पैकिंगः- प्रथम ख्याति मांण्डले बी.एस.सी. (बायो), द्वितीय प्रियंका सेन बी.ए., तृतीय अंजली साहू बी.एस.सी (गृह), मेंहदीः- प्रथम सोनिया बी.एस.सी(बायो), द्वितीय कविता निर्मलकर बी.एस.सी (गृह), द्वितीय कविता सेन बी.एस.सी. (बायो), तृतीय प्रियंका बी.एस.सी., तृतीय मनीषा जांगड़े बी.एस.सी (गृह), केश सज्जाः- प्रथम दर्षिता साहू बी.एस.सी प्प् (गृह), द्वितीय संध्या सेन बी.एस.सी (गृह), तृतीय अंजली मरकाम बी.एस.सी. (बायो), पुष्प सज्जाः- प्रथम दर्षिता साहू बी.एस.सी (गृह), द्वितीय शांता पैकरा एम.एस.सी प्री., तृतीय गीतांजली बी.एस.सी, सलाद प्रतियोगिताः- प्रथम केसरी कोसले बी.एस.सी (गृह), द्वितीय अंजली साहू बी.एस.सी (गृह), तृतीय किरण साहू बी.एस.सी (गृह), तृतीय लकेश्वरी मिरी एम.एस.सी प्री., दुल्हन मेकअपः- प्रथम आकांक्षा द्विवेदी बी.एस.सी प्प्प् (गृह), द्वितीय अंजली साहू बी.एस.सी प्प्प् (गृह), तृतीय मेघा बघेल एम.एस.सी प्प्प् सेम. , तृतीय लीना कन्नौजे एम.एस.सी प्प्प् सेम. , मिलेट्स से बने व्यंजनः- प्रथम अंजली साहू बी.एस.सी (गृह), प्रथम सावित्री साहू एम.एस.सी सेम., द्वितीय चंचल एम.एस.सी प्प्प् सेम., द्वितीय पूनम वर्मा एम.एस.सी प्री., तृतीय कविता वर्मा एम.एस.सी प्प्प् सेम., सामान्य ज्ञानः- प्रथम संतोषी चेलक बी.एस.सी प्प्प् (गृह), द्वितीय प्रीति पटेल बी.एस.सी प्प्प् (गणित), द्वितीय वेदिका पैकरा बी.एस.सी. प्प् (बायो), तृतीय गरिमा साहू बी.एस.सी. प्प् (बायो), **क्वीज प्रतियोगिताः-** प्रथम रमा वर्मा बी.एस.सी. प्प्प् (बायो), द्वितीय दमयन्ती यादव बी.एस.सी. प्प्प् (बायो), तृतीय दीक्षा वर्मा बी.एस.सी प्प् (गृह), पोस्टर पेंटिगः- प्रथम ख्याति माण्डले बी.एस.सी. प्प् (बायो), द्वितीय हर्षना टण्डन बी.एस.सी. (बायो), तृतीय सरिता बंजारे बी.एस.सी. प्प्प् (बायो), वाद विवादः- प्रथम सरस्वती साहू बी.एस.सी. प्प्प् (बायो), द्वितीय दमयन्ती यादव बी.एस.सी. (बायो), तृतीय शकुन साहू बी.एस.सी. (बायो), तात्कालिक भाषणः- प्रथम सरस्वती साहू बी.एस.सी. (बायो), द्वितीय दमयन्ती यादव बी.एस.सी. (बायो), तृतीय शकुन साहू बी.एस.सी. (बायो), निबंध प्रतियोगिताः- प्रथम अंजली रात्रे बी.एस.सी (गणित), द्वितीय ख्याति माण्डले बी.एस.सी. (बायो), तृतीय तृप्ति वर्मा बी.एस.सी. (बायो), एकल **लोकगीत गायन प्रतियोगिताः-** प्रथम रमा वर्मा बी.एस.सी. (बायो), द्वितीय शीतला निषाद बी.ए. प् , तृतीय कविता वर्मा बी.एस.सी (गणित)। सम्पूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय के मार्गदर्शन में कराया गया।

# सशस्त्र झंडा दिवस पर कलेक्टर को लगाया बैच



पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आज देश भर में सशस्त्र सेनाओं के सम्मान,निःशक्त सैनिकों व शहीद परिवार के कल्याण के लिए झंडा दिवस मनाया जाता है। इसी के तहत आज कलेक्टर चंदन कुमार को भी सेना के जवानों द्वारा बैज़ लगाया गया। इस मौके पर कुमार ने जिला के समस्त शैक्षणिक संस्थानों,अन्य विभिन्न संस्थानो तथा शासकीय कर्मचारियों, अधिकारियों व जिलावासियों से पूर्व सैनिकों के लिए सहयोग करने का आव्हान किया। आज के दिन पूरे देश मे शहीद जवानों के परिवारों की सहायता हेतु झंडा बैच का विक्रय कर धनराशि इक्कठा किया जाता है। उक्त प्राप्त राशि को सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से जमा कर दिया जाता है।

# कांग्रेस की रणनीति मोदी की सलाह

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने कांग्रेस को गंभीर सलाह दी है कि वह विधानसभा चुनावों में पराजय से संसदीय कामकाज को प्रभावित न होने दे। राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव परिणामों ने विपक्ष व खासकर कांग्रेस को गहरा धक्का दिया है। हिन्दी हृदय क्षेत्र में पराजय से उसकी रणनीति पर सवाल उठते हैं। इसके साथ ही उसकी कमजोरी के संसद के शीत सत्र में कामकाज पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर चिन्ता है। इस पराजय से कांग्रेस के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक अभियान रणनीतियों तथा नेतृत्व की पसंद पर सवाल उठा रहे हैं। परिणामों की घोषणा के फौरन बाद संसद का शीत सत्र शुरू हुआ जो राजनीतिक परिदृश्य में कांग्रेस की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए महत्वपूर्ण है। वह अव्यवस्था, बहिर्गमन, नारेबाजी के साथ संसदीय कार्यवाही में बाधा पैदा कर सकती है। इस पराजय से कांग्रेस सदस्यों का उत्साह क्षीण हो सकता है जिसका परिणाम उसकी कतारों में संभावित विभाजन व गुटबाजी हो सकता है। कांग्रेस की परेशानी इससे और बढ़ी है कि तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी तथा समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने घोषणा कर दी कि उनकी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे द्वारा अपने आवास पर बुलाई 'इंडिया' की अखिल-भारतीय बैठक में भाग लेने की कोई इच्छा नहीं है। ये नेता पहले ही कांग्रेस से नाराज थे क्योंकि उसने राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा जारी होने के बाद से ही 'इंडिया' समूह के सदस्यों के साथ सीट-साझा बैठकों में शामिल होने की अनिच्छा प्रदर्शित की थी क्योंकि वह चुनावों पर ज्यादा ध्यान देना चाहती थी। इसके परिणामस्वरूप अंततः 'इंडिया' की प्रस्तावित बैठक टाल दी गई।


प्रमुख विपक्षी पार्टी के रूप में कांग्रेस से उम्मीद की जाती है कि वह सदन में चर्चा, बहस व विधायी एजेंडे को स्वरूप देने तथा विपक्षी समूह को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका अदा करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव के पश्चात उत्तेजनापूर्ण माहौल के बावजूद संसद में संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। इसमें रचनात्मक बहस की आवश्यकता रेखांकित की गई है। उन्होंने सरकार की नीतियों में सकारात्मक व रचनात्मक सुधार के सुझावों का स्वागत किया है। ऐसे में अच्छा होगा कि कांग्रेस चुनाव परिणामों के लिए व्यवस्था में गलतियां तलाशने या भाजपा पर दोषारोपण करने के बजाय अपने भीतर झांक कर देखे। आश्चर्यजनक लगने वाले चुनावी नतीजे के बाद मोदी ने विपक्षी सांसदों को सलाह दी है कि वे अपना गुस्सा संसद में न निकालें। आत्मनियंत्रण की यह सलाह ऐसे समय आई है जब माहौल में तनाव बहुत अधिक है तथा कामकाज में व्यवधान की आशंका है। संसदीय कार्यवाही में एक गरिमापूर्ण व रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह संसद की गरिमा बनाए रखने तथा देश की प्राथमिकताओं पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए जरूरी है। यह भाजपा समेत सभी राजनीतिक पार्टियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने संकुचित दलीय हितों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दें। विधानसभा चुनाव परिणाम एक-दूसरे से टकराव के बजाय सभी पक्षों के लिए आत्मावलोकन, सुधार तथा परिवर्तन के प्रेरक बनने चाहिए। उन्हें सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी देशवासियों का समग्र विकास सुनिश्चित हो। यह सत्र कांग्रेस को एक अवसर देता है कि वह अपनी रणनीति व नेतृत्व की समीक्षा कर मतदाताओं से ज्यादा गंभीरता के साथ जुड़ने का प्रयास करे। संसद का शीत सत्र भविष्य में विकास का स्पष्ट दृष्टिकोण सामने रख कर विपरीत स्थितियों में दृढ़ता एवं लचीलापन प्रदर्शित कर सकता है।

# निजीकरण में नौकरशाही की बाधा

अनुमतियों व नौकरशाही की लाल-फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रियाओं के कारण सरकार द्वारा सीपीएसयू के शेयर इच्छित निवेशकों को बेचने में बाधा आती है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-सीपीएसयू में केन्द्र सरकार के शेयर बेच कर 51,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था। लेकिन उपलब्ध संकेतों के अनुसार, सरकार के इस लक्ष्य में 30,000 करोड़ रुपये की कमी की आशंका है। आईडीबीआई बैंक व राज्य स्वामित्व वाली एनएमडीसी स्टील के विनिवेश लक्ष्य में भारी कमी की आशंका है। आईडीबीआई के मामले में यह विलम्ब संभावित खरीदारों को भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की निगरानी प्रक्रिया में देरी के कारण पैदा हुआ है। एनएमडीसी स्टील की बिक्री छत्तीसगढ़ में चुनाव के कारण बाधित हुई है जहां कंपनी का मुख्य प्लांट स्थित है। वर्तमान वित्त वर्ष में बिक्री में यह कमी 2015-16 से जारी उस प्रवृत्ति के कारण है जब मोदी सरकार ने 'रणनीतिक' बिक्री के माध्यम से विनिवेश की शुरुआत की थी।

इसका अर्थ है कि सरकार सीपीएसयू में निजीकरण के माध्यम से अपनी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से कम करना चाहती है। 2017-18 व 2018-19 के दो सालों में वास्तविक प्राप्तियां लक्ष्य से अधिक रही हैं, लेकिन इन दो सालों को छोड़ कर बाकी 6 सालों में लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सका है। 2017-18 और 2018-19 में भी सरकार मुख्यतः दो बड़ी बिक्रियों के कारण सीपीएसयू में विनिवेश का अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकी। उसने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल में अपने 51.11 प्रतिशत शेयर 2017-18 में आयल एंड नेचुरल गैस कार्पोरेशन-ओएनजीसी को बेचे जिनसे 37,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इसके साथ ही उसने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी में अपने 52.63 प्रतिशत शेयर 2018-19 में पावर फाइनेंस कार्पोरेशन-पीएफसी को बेचे जिनसे 13,000 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। इन बिक्रियों को रणनीतिक नहीं कहा जा सकता है क्योंकि खरीदार एक अन्य सीपीएसयू था और सरकार का विनिवेशित उद्यम पर प्रभावी स्वामित्व बना रहा।

शेयरों की बिक्री से प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित करने का कोई औचित्य नहीं है। इसका कारण यह है कि निश्चित रूप से प्राप्त होने वाले कर राजस्व के उलट यही बात विनिवेश के बारे में नहीं कही जा सकती है। इस मामले में काफी कुछ बाजार की स्थितियों पर निर्भर करता है। इसमें खासकर निवेशकों का दृष्टिकोण महत्व है जो शेयर-बिक्री वाली कंपनी के बारे में होता है। जिन मामलों में रणनीतिक बिक्री निर्धारित की जाती है, वहां सरकार को उपयुक्त बाजार से बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि इसके लिए बहुत अमीर बोलीकर्ताओं की जरूरत होती है। अनुमतियों व नौकरशाही लाल-फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया के कारण सरकार द्वारा उचित समय पर कार्रवाई करना कठिन होता है। इसका अर्थ ऐसे समय से है जब रणनीतिक निवेशक अपनी बोली में पैसा लगाने के लिए तैयार हों।

नीति आयोग विनिवेश वाली कंपनियों की पहचान करता है इसके बाद इस पर विनिवेश सचिवों का कोर ग्रुप-सीजीडी विचार करता है। यह अपने आप में लंबी प्रक्रिया है क्योंकि इसके बाद वैकल्पिक व्यवस्था-एएम में मामला जाता है। यहां मंत्रियों का एक समूह अनुमति देता है जिसमें वित्त मंत्री, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री, प्रशासनिक सुधार, आदि शामिल हैं। एएम की सहमति के बाद निवेश एवे सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए की सैद्धान्तिक सहमति के लिए प्रस्ताव तैयार करता है। ये सारी अनुमतियां समय खर्च करने वाली प्रक्रियायें हैं और जब तक ये प्रक्रियायें पूरी होती हैं, बाजार परिदृश्य विपरीत हो सकता है। मूल रूप से सरकारी शेयरों का पीएसयू में विनिवेश परिसंपत्तियां बेचने के समान है। इसलिए उनसे प्राप्त धनराशि को 'पूंजी प्राप्तियां'-सीआर ही कहा जा सकता है। बजट तैयार करते समय इस स्रोत से होने वाली प्राप्तियों को उसी प्रकार स्रोत के रूप में दर्ज करना उचित नहीं कहा जा सकता है जिस प्रकार राजस्व प्राप्तियां-आरआर होती हैं। ये दिन-प्रतिदिन बिजनेस गतिविधियों से प्राप्त होती हैं, जैसे सरकारी शेयरों पर मिलने वाला डिविडेंट। सरकार को बजट प्रस्तुत करने के समय इनका प्राविधान करने के बजाय सीपीएसयू में शेयरों का 'वास्तविक' विनिवेश होने पर ही इनको प्राप्तियों के रूप में दर्ज करना चाहिए। बजट प्रक्रिया से अलग करने के बाद सीपीएसयू का विनिवेश एक स्वतंत्र गतिविधि बन जाएगी जिसे व्यापक सिद्धान्तों के आधार पर निर्देशित किया जा सकता है।

2021-22 का बजट पेश करते समय सरकार ने सीपीएसयू को दो व्यापक श्रेणियों में बांटा था-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक। रणनीतिक समूह में नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार, बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल थीं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र शामिल थे, जैसे औद्योगिक व उपभोक्ता वस्तुयें, होटल एवं पर्यटन सेवायें, व्यापार और मार्केटिंग। जहां सरकार रणनीतिक क्षेत्र में सीपीएसयू की बिक्री इस शर्त के साथ करना चाहती है कि कम से कम एक अव अधिकाधिक चार उद्यम सार्वजनिक क्षेत्र में रहें, वह गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में 'सभी' उद्यमों का निजीकरण करना चाहती है। इस प्रकार इस श्रेणी के सभी घाटे वाले उद्यम बंद हो जाएंगे। इस आधार पर वह एक विस्तृत कार्ययोजना पर काम कर रही है जो पूरी तरह ठीक है। लेकिन इस प्रक्रिया में विरासती मुद्दों के कारण बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उदाहरणार्थ, सार्वजनिक उद्यम विभाग-डीपीई और नीति आयोग ने उर्वरक क्षेत्र में सभी नौ सीपीएसयू के निजीकरण की सलाह दी थी जो रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं। लेकिन मंत्रालय ने इसका विरोध किया। उसका कहना था कि उर्वरक पीएसयू पर नियंत्रण समाप्त होने के बाद सरकार इनकी उपयुक्त उपलब्धता सुनिश्चित नहीं कर सकेगी और यह मुद्दा देश के हर क्षेत्र के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। 2019-20 में योजना बनाने के बावजूद भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल की रणनीतिक बिक्री संभव नहीं हो सकी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि सरकार पेट्रोल व डीजल के दामों पर नियंत्रण बनाए रखना चाहती है। इसके लिए वह बीपीसीएल समेत तीन तेल मार्केटिंग सीपीएसयू को निर्देश दे सकती है। ऐसे में यदि बीपीसीएल की बिक्री कर दी जाए तो उसकी क्षमता प्रभावित होगी। सरकार चाहती है कि वह रणनीतिक बिक्री के बावजूद 'ड्राइवर सीट' पर बनी रहे। यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 2019-20 का बजट पेश करने के समय एक बयान से स्पष्ट है। उन्होंने कहा था कि इरादा सीपीएसयू में 'सीधे' 51 प्रतिशत या उससे अधिक शेयर रखने के बजाय ऐसी नीति बनाना है जहां 'प्रत्यक्ष' व 'परोक्ष' रूप से 51 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखी जाए। इसका एक और उदाहरण पिछले साल वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश है जिसने अन्य पीएसयू की रणनीतिक बिक्री में सीपीएसयू की सहभागिता पर इस शर्त के साथ रोक लगाई थी कि 'जब तक केन्द्र सरकार द्वारा जनहित में कोई विशिष्ट प्राविधान न किया जाए।' इसका अर्थ है कि सरकार अपनी इच्छानुसार प्राविधान को अनदेखा कर सकती है।

कुल मिला कर अनेक दशकों से सरकार के व्यापक स्वामित्व व नियंत्रण ने नौकरशाही में यह भावना पैदा कर दी है कि वह पीएसयू के प्रबंधन में आदेश देने की अधिकारी है, भले ही ऐसा रिमोट कंट्रोल द्वारा हो। इससे नौकरशाही को शक्ति का अनुभव होता है। हालांकि, मोदी सरकार में चीजों में काफी सुधार हुआ है जिसमें 'नीति संचालित राज्य' तथा 'पारदर्शिता' बढ़ाने पर जोर है, लेकिन मूल भावना अभी बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नौकरशाही में व्याप्त यह भावना समाप्त करनी चाहिए। सीपीएसयू की शेयर बिक्री प्रक्रिया को नौकरशाही से मुक्त कर एक होल्डिंग कंपनी-एचसी बनानी चाहिए जहां सीपीएसयू में सभी सरकारी शेयर दर्ज हों। सम्मानित पेशवरों के प्रबंधन में इस होल्डिंग कंपनी को सभी निर्णय लेने की शक्ति मिलनी चाहिए।

# परिवर्तनकारी सिद्ध होगी नैसर्गिक खेती

"हिमाचल प्रदेश में पहियों पर प्राकृतिक उपज परियोजना से पता चलता है कि प्राकृतिक खेती इस क्षेत्र में कृषि पद्धतियों को नया आकार दे सकती है।"

सरिता ब्रारा
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)



शिमला के बालूगंज में हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग में एक ट्रक आता है। शिमला के टूटू ब्लॉक के नेरवा गांव से नारीशक्ति महिला कृषि समूह की सदस्य, दो महिलाएं, निर्मला और सुमना देवी, ताजी मौसमी सब्जियां लेकर बाहर निकलती हैं। टमाटर, मूली, फ्रेंच बीन्स और यहां तक कि अमरूद और कीवी जैसे फलों सहित ये सब्जियां, मुख्य रूप से महिलाओं द्वारा, स्थानीय किसानों के दरवाजे से एक ही दिन में एकत्र की गई हैं।

अपने समूह का प्रतिनिधित्व करते हुए, दो महिलाएं, कृषि विभाग के किसान उत्पादन अधिकारी (एफपीओ) लोकेश भनोट के साथ, सब्जी बाजार या सब्जी मंडी में जाती हैं। भनोट, जिन्होंने पिछली शाम बाजार दरों का सर्वेक्षण किया था, दरों को ब्लैकबोर्ड पर प्रदर्शित करते हैं, और ग्राहक मौके पर ही खरीदारी करते हैं। फिर वाहन एक खजांची के साथ उपज लेकर राज्य सचिवालय परिसर में एक अन्य बिक्री स्थल की ओर जाता है।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर सब्जियों और अन्य उत्पादों को उतारकर व्यवस्थित किया जाता है। कई महिलाएं, ज्यादातर नियमित ग्राहक, पहले से ही इन ताजा, रसायन-मुक्त और स्थानीय रूप से उगाए गए उत्पादों को खरीदने का इंतजार कर रही हैं। नियमित ग्राहक सुनीता कहती हैं, सब्जियां ताजी होती हैं, इनकी शेल्फ लाइफ लंबी होती है, इनका स्वाद बेहतर होता है और महत्वपूर्ण बात यह है कि वे रसायन मुक्त होती हैं, हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं होती हैं। अन्य ग्राहक भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त करते हैं और प्राकृतिक रूप से खेती की गई, अधिक पौष्टिक उपज को प्राथमिकता देते हैं।

ताजी सब्जियों के अलावा, वन क्षेत्रों के उत्पाद, जैसे अन्ना दाना (सूखे अनार के बीज), आंवला (भारतीय करौंदा), कचीना, बौहिनिया वेरिगेट और जंगली शहद भी उपलब्ध हैं। वन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले गाँव लोगों को वन उपज इकट्ठा करने और बेचने की अनुमति देते हैं।

किसानों को एफपीओ द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार भुगतान किया जाता है। बसंतपुर ब्लॉक से एक और पिकअप वैन उस क्षेत्र के गांवों से सब्जियां लाती है, जिससे %पहियों पर प्राकृतिक उपज% परियोजना में भाग लेने वाली महिला किसानों का एक नेटवर्क बनता है। शिमला जिले के तीन ब्लॉक, टोटू, मशोबरा और बसंतपुर को इस पहल के लिए चुना गया था, जिसमें प्राकृतिक खेती करने वाले 8त्न महिलाओं सहित 5,000 किसान शामिल थे। ये सभी छोटे और सीमांत किसान हैं। 20 सदस्यों वाले चार महिला स्वयं सहायता समूह इस पायलट प्रोजेक्ट में शामिल हैं, जिसका उद्देश्य सीधे किसानों के दरवाजे से ताजा उपज खरीदना और इसे हिमाचल प्रदेश सचिवालय और कृषि निदेशालय बोइल्यूगंज, शिमला में बेचना है। इससे बिचौलियों की आवश्यकता कम हो जाती है, जिससे किसानों को उचित बाजार मूल्य मिलना सुनिश्चित होता है।

परियोजना सप्ताह में दो बार संचालित होती है, और इसकी सफलता से ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर आवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। किसानों के लिए, यह एक जीत की स्थिति है; उन्हें बिचौलियों के बिना बाजार मूल्य प्राप्त होते हैं, परिवहन लागत उनके बीच साझा की जाती है, और सभी उपज एक ही दिन में बेची जाती है।

एक साल पहले किए गए सर्वेक्षण में प्राकृतिक खेती में लगे क्षेत्रों और किसानों की पहचान की गई थी। किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना पड़ता है, और उनके उत्पादों को कृषि विभाग द्वारा प्रमाणित और वर्गीकृत किया जाता है। इस वर्ष की शुरुआत में शुरू की गई, %पहियों पर प्राकृतिक उपज% परियोजना प्राकृतिक खेती में कम पैदावार की चुनौती का समाधान करती है। किसान किचन गार्डन मॉडल का उपयोग करके अपनी भूमि के केवल एक हिस्से पर खेती करते हैं, जिससे छोटे भूखंडों पर अधिकतम उत्पादन होता है।

प्राकृतिक खेती, एक रसायन-मुक्त पारंपरिक पद्धति है, जो रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे बाहरी आदानों से बचते हुए, प्रकृति के नियमों पर निर्भर करती है। यह प्रक्रिया मानवीय हस्तक्षेप को कम करती है, जो इसे जैविक खेती से अलग बनाती है। उपयोग किए जाने वाले कीटनाशक गाय के गोबर, गोमूत्र, लहसुन, लाल मिर्च और छाछ का उपयोग करके किसानों द्वारा तैयार किए जाते हैं।

जबकि जैविक सब्जियां अक्सर महंगी होती हैं, प्राकृतिक खेती के उत्पाद दैनिक उपभोग के लिए अधिक किफायती होते हैं। एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि प्राकृतिक खेती से खेती की लागत 46 प्रतिशत कम हो जाती है और मुनाफा 22 प्रतिशत बढ़ जाता है। इसकी तुलना में, जैविक खेती महंगे इनपुट पर निर्भर करती है, जो उच्च बाजार कीमतों में योगदान करती है। प्राकृतिक खेती का सकारात्मक प्रभाव बीमारी की घटनाओं तक फैलता है। प्राकृतिक खेती के बगीचों में स्कैब और मार्सोनिना की घटनाएं रासायनिक खेती की तुलना में काफी कम हैं, जो फसल के स्वास्थ्य में सुधार की क्षमता का सुझाव देती है। परियोजना में शामिल अधिकांश महिलाओं के पास छोटे कृषि भूखंड हैं, जिनमें 6 से 7 बीघे से अधिक जमीन नहीं है। उनके पति आम तौर पर विभिन्न व्यवसायों में काम करते हैं, और प्रत्येक समूह की दो महिलाएं उपज उठाने का प्रबंधन करती हैं।

एक महिला साझा करती है, हम अपना आधा दिन अपने खेतों में या पशुओं के साथ बिताते हैं, बुआई से लेकर कटाई तक का प्रबंधन खुद ही करते हैं। प्रदान की गई पिकअप सेवा उनके लिए परिवहन की चुनौतियों के बिना अपनी उपज बेचना संभव बनाती है। पहियों पर प्राकृतिक उत्पाद परियोजना को सफलता मिली है, उत्पाद तेजी से बिक रहे हैं और मांग लगातार बढ़ रही है। यह एक टिकाऊ मॉडल का उदाहरण है, जो किसानों, उपभोक्ताओं और पर्यावरण को लाभ पहुंचाता है, और क्षेत्र में कृषि प्रथाओं को नया आकार देने के लिए प्राकृतिक खेती की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

## आप की बात

आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### ईवीएम पर संदेह

**मध्यप्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत अनेक विपक्षी नेताओं ने वर्तमान विधानसभा चुनाव परिणामों के बारे में ईवीएम पर संदेह व्यक्त किया है। दिग्गीराजा ने कहा कि मैं 2003 से ही इसका विरोध कर रहा हूं। लेकिन उस समय तो केंद्र और अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकारें थी और उसका वर्चस्व था तो आपकी बात को उसने नजरअंदाज क्यों कर दिया? अब सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग से वे ईवीएम पर विचार कर लोकतंत्र को बचाने की बात कर रहे हैं। लम्बे समय तक ईवीएम द्वारा चुनी हुई कांग्रेस और अन्य पार्टियों की सरकारें चल रही हैं। लेकिन हमेशा विपक्ष जब हारता है तो ईवीएम पर आरोप लगा देता है और जब जीतता है तो चुप रहता है। अन्य राज्यों की तरह तेलंगाना में भी ईवीएम का उपयोग हुआ है तो क्या वहां कांग्रेस ने हैक की है मशीनें? जहाँ विपक्ष का सूपड़ा साफहो गया है वहां ईवीएम खराब और जहाँ विपक्ष की सरकार बनी वहां ईवीएम अच्छी? यदि विपक्ष अपनी ऊर्जा का सदुपयोग कर सरकार के सही कामों की सराहना और गलत कामों को पटरी पर लाने का प्रयास करता तो आज उसका इतना बुरा हाल नहीं होता। लेकिन वह कोई सबक नहीं सीखना चाहता और जनता उसे लगातार सबक सिखा रही है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### विवादित टिप्पणी

**संसद** के शीतकालीन सत्र में द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार की विवादित टिप्पणी से देश की सियासत गरमा गई है। उन्होंने सदन में कहा, इस देश के लोगों को सोचना चाहिए कि भाजपा की ताकत केवल हिंदी राज्यों में चुनाव जीतना है, जिन्हें हम आमतौर पर गौमूत्र राज्य कहते हैं। इस बयान को केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सनातनी परंपरा का बहुत बड़ा निरादर बताते हुए कहा कि सनातनी परंपरा और सनातनियों का इस तरह का अपमान देश बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने इस बयान को ओछी मानसिकता करार दिया है। हिंदी राज्यों के खिलाफ द्रमुक नेताओं के घटिया बयान अब बर्दाश्त के बाहर हो रहे हैं। विडंबना है कि अतीत में तमिलनाडु के कद्दावर नेताओं के हिंदी-विरोधी व उत्तर भारत-विरोधी बयानों का कांग्रेस डट कर विरोध करती रही है, लेकिन आज वह तमिलनाडु में चंद वोटों के लिए देश-विरोधी बयानों पर चुप्पी साध लेती है। दक्षिण भारत की आम जनता को भी ऐसे बयानों का मुखर विरोध करना चाहिए क्योंकि वह अपने आम-जीवन में उत्तर भारतीयों से कम कर्मकांडी व सनातनी नहीं है। यह देश की एकता के लिए भी जरूरी है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मिजोरम का फैसला

**मिजोरम** की जनता ने यह एक ऐतिहासिक फैसला लेकर 36 सालों से बारी-बारी से जारी एमएनएफ और कांग्रेस का राज समाप्त कर नई पार्टी को अवसर दिया है। मात्र 6 वर्ष पहले बनी राजनीतिक पार्टी ने प्रदेश का राजनीतिक इतिहास बदल दिया है। इस शानदार जीत में ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट-जेडपीएम ने कांग्रेस को चौथे नंबर पर धकेल दिया है। जेडपीएम नेता लालदुहोमा ने 6 छोटो पार्टियों के गठबंधन से इतना क्रांतिकारी परिवर्तन कर दिखाया है। जेडपीएम ने भ्रष्टाचार-मुक्त व अनेक क्षेत्रों में सुधार लाने वाली सरकार का वादा राज्य के मतदाताओं से किया है। इस जीत नें देश के लोगों को सन्देश दिया है कि सफलता के लिए पार्टी का बहुत पुराना होना जरूरी नहीं है। देखना होगा कि लालदुहोमा अपने वादे किस सीमा तक पूरे कर पाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लीक से हट कर एमजेडएन सरकार का पूरा समर्थन करना चाहिए। मिजोरम देश का रणनीतिक रूप से एक महत्वपूर्ण प्रदेश है और पड़ोसी मणिपुर व म्यांमार में अशांति के चलते इसका महत्व और बढ़ गया है। अतः लालदुहोमा को केन्द्र का पूरा समर्थन मिलना चाहिए।

**–बाल गोविंद,** नोएडा

# खेतों में पहुंचा बेमौसम बारिश का पानी, कटी हुई धान की फसल बर्बाद

## लगातार बारिश की वजह से सब्जी की फसल हुई खराब

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



अंचल में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही असमय बारिश से धान के खेतों में पानी भर जाने से कटी धान फसल डुबान में आ गई है ग्राम हेमाबंद दाढ़ी सेंदरी सुरकी,मोहतरा, एवं खंडसरा के आसपास बेमौसम बारिश के कहर से किसानों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में ग्राम सेंदरी के निवासी जय किशन राय, अश्वनी राय एवं रामकुमार नेताम ने बताया है कि पूर्व से ही धान की खेतों में अत्यधिक नमी बना हुआ है और बेसीजन बारिश होने के कारण खेतो में पानी भरने से फसल बर्बाद होने लगा है। किसानों ने बताया कि देर से पकाने वाले सरना वैरायटी के धान अंचल के किसानों के द्वारा बड़े पैमाने पर बोया गया है फसल की कटाई का समय है और ऐसे समय में बेमियादी बारिश होने के कारण ही खेतों में कटी फसल बारिश के पानी में डूबान में आ गया है जिससे किसानों को आर्थिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी गुरुवार तक अंचल में हल्के फुल्की बारिश के साथ तेज वर्षा होने का अनुमान है ऐसे में रबी और खरीफ फसल दोनों से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि धान कटाई के बाद फसल को लगभग चार से पांच दिन और एक हफ्ते तक सूखने के बाद ही मिजाई का कार्य किया जाता है बारिश आने के पूर्व से ही धान फसल की कटाई प्रारंभ हो गया था मौसम लगातार तीन दिनों तक बरसात की बने रहने की कोई संभावना किसानों को नहीं थी इधर लगातार 6 महीने से खेती किसानी में मेहनत करने वाले किसानों को फसल तैयार होने पर सहेजने के लिए कड़ी मेहनत करते समय अचानक असमय बारिश के कारण किसानों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है । ग्राम नवागांव निवासी छेदीलाल पटेल ने बताया कि 72 घंटे के लगातार बूंदाबांदी और बौछार के कारण सब्जी की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है तथा चना गेहूं के साथ ही साथ धान फसल को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है किसानों ने शासन प्रशासन से सर्वे कर मुआवजे की मांग की है। ग्राम हेमाबंद के पूर्व सरपंच एवं किसान मेघराज भारतीय ने बताया कि यह सीजन रबी फसल की बुवाई का समय है और किसान लगातार दो से तीन बार खेतों की जुताई करने के बाद ही रवि फसल की बुवाई करते हैं बारिश के बाद से ठंड का सीजन है और खेतों में नमी बनी हुई है जिससे सूखने में समय लगेगा और रवि सीजन में सबसे कीमती चना, गेहूं, धनिया ,करायत, मसूर एवम अलसी की खेती से किसान वंचित हो सकते हैं इस बार डबल फसल के लिए ज्यादातर किसानों का रुझान गेहूं की खेती की ओर है ।

### सब्जी की फसल पर व्यापक असर

मौसम परिवर्तन हो जाने के कारण खेती किसानी का काम पूरी तरह से बंद हो चुका है। ग्राम मोहतरा के पूर्व सरपंच एवं किसान रामानंद पटेल ने बताया कि ग्राम मोहतरा में बड़े पैमाने पर साग भाजी टमाटर की खेती किसान वर्षो खेती करते हैं पिछले वर्ष किसानों को पर्याप्त बाजार मूल्य नहीं मिल पाने के कारण इस साल आधे से अधिक किसान टमाटर की खेती बंद कर चुके हैं ।लेकिन बेसमय बारिश के कारण टमाटर की फसल पूरी तरह से खराब होने की स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि टमाटर की सीजन में बदली बारिश से भारी नुकसान साग सब्जी फसल को होने लगता है । लगातार बदली के कारण फूलगोभी और पत्ता गोभी के साथ ही साथ ही पालक भाजी, मेथी भाजी और लाल भाजी की फसले खराब हो रही है बदली की वजह से टमाटर अत्यधिक पकने के बाद से बाजार में सब्जी उत्पादक किसानों को औने पौने दाम पर बि ी करना पड़ रहा है जिससे किसानों को आर्थिक रूप से बारिश से नुकसान हो रहा है।

# बालोद में डीएमएफ राशि का हुआ जमकर दुरूपयोग, नपेंगे अधिकारी

## होगी उच्च स्तरीय जांच : देवलाल ठाकुर



पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भाजपा सत्ता में आते ही आला नेता फार्म में नज़र आ रहे है। अब ऐसे में प्रशासनिक अमला भी वर्तमान सत्ता धारियों को खुश करने में लगा हुआ है। जिन्होंने पूर्व कि सरकार में गलत को सही और सही को गलत कहा। अब उन अधिकारियों को कुर्सी का डर सता रहा हैं। तो वही भाजपा नेता कांग्रेस के 5 वर्ष में किये गए भ्रष्टाचार की पोल खोल कार्यवाही करने की जुगत में लग गए है। कई अधिकारीगण भी भाजपा नेताओं के निशाने पर नज़र आ रहे है। इसी बीच छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने बड़ा बयान जारी करते हुए बालोद जिला खनिज न्यास निधि में करोड़ो रूपये के घोटाले आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों और अधिकरियों को घेरा है। और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच बिठाने व दोषियों पर कार्यवाही की बात कही है। देवलाल ने प्रशिक्षण के नाम पर आदिवासियों को लूटने और बालोद जिले में करोड़ो रूपये की राशि डीएमएफमद से खर्च कर भ्रष्टाचार किये जाने का गंभीर आरोप लगाया है। वही कहा है कि दोषियों को बख्शा नही जाएगा। देवलाल ने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार में अधिकारीयों ने भी जमकर भ्रष्टाचार किया है। डीएमएफ मद का उपयोग जिन सुविधाओं के लिए होना था, वहां न होकर मनमर्जियां तरीके से उस मद का दुरुप्रयोग किया गया है।

### प्रशिक्षण के नाम पर करोड़ों का गबन

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने बताया की जिले में स्थित तीनो विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर खनिज न्यास मद से अनेकों विकास कार्य होंगे। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो कांग्रेस के लोग खनिज न्यास मद का दुरुपयोग कर राशि का गबन कर लेते थे। देवलाल ठाकुर ने कहा कि डौंडी ब्लॉक में आदिवासीयों को प्रशिक्षण के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि का गबन किया गया था। चाहे बात प्रशिक्षण में घोटाला की हो या फिर कोयले से जुड़ी हो या फिर दारू से जुड़ी गड़बड़ी हो।या फिर तांदुला में बने इको तांदुला रिसॉर्ट की हो। तांदुला इको रिसोर्ट में भी डीएमएफ राशि से जमकर भ्रष्टाचार हुआ हैं। सबकी फाइल खोली जाएगी। जिले में जिला खनिज न्यास निधि का जमकर दुरुप्रयोग किया गया है। भाजपा प्रत्येक गुनहगार पर कड़ी कार्यवाही करेगी। देवलाल ने आगे कहा कि हाल ही में भूपेश बघेल कहते थे इस बार 75 पार। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। क्योंकि छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने लगातार भ्रष्टाचार कर पूरा खोखला बना दिया था। जिसे जनता अच्छी तरह जान चुकी थी। किसी भी योजनाओ का क्रियान्वयन सिर्फ और सिर्फ कागजो में कर करोड़ों रुपए की राशि का गबन किया जाता था।

# जुआ सट्टा के तीन प्रकरण में 19,430 रूपये जब्त

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत दिनांक 05.12.2023 को थाना साजा स्टाफ को जरिये मुखबिर से सुचना मिला की थाना साजा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कोदवा के नइम खान अपने घर के पास स्थित ढाबा तथा शिवनारायण टण्डन ग्राम मोहभट्ठा चौक बरगद पेड के पास एवं प्रदीप कुमार साहू शितला मंदिर के पास ग्राम सोमईकला में आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा है कि सुचना पर सायबर सेल बेमेतरा टीम एवं थाना साजा स्टाफ पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान तीन आरोपियो को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडा गया। थाना साजा में जुआ सट्टा का 03 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपियों के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपियों के पास से कुल जुमला नगदी रकम 19,430/- रूपये एवं एक नग मोबाईल कीमती करीबन 6,000/- रूपये, कुल जुमला 25,430/- रूपये सट्टा-पट्टी जप्त किया गया हैं। उक्त तीनो प्रकरणों में एक खाईवाल (सटोरिया) को गिरफ्तार करना शेष है। जिसकी लगातार पतातलास जारी है। आरोपीगण नईम खान पिता अनवर खान उम्र 24 साल साकिन कोदवा थाना साजा जिला बेमेतरा

शिवनारायण टण्डन पिता बिरबल उम्र 32 साल साकिन मोहभट्ठा थाना साजा जिला बेमेतरा

03. प्रदीप कुमार साहू पिता रोहित साहू उम्र 34 साल साकिन सोमईकला थाना साजा जिला बेमेतरा। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, सउनि सी.एल. बंजारे, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, लोकेश सिंह, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, नुरेश वर्मा, संजय पाटिल, सौरभ सिंह, पीयुष सिंह एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

# जनहित के मुद्दों पर कलेक्टर से भाजपा नेताओं ने भेंट कर की चर्चा

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र से सम्बंधित जनहित के मुद्दों पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा से भाजपा नेताओ ने भेंट कर चर्चा किया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भाजपा नेताओं के द्वारा संज्ञान में लाये गए मुद्दों में से स्वास्थ्य सहित कुछ मुद्दों पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है तथा अन्य मुद्दों पर भी कार्यवाही की बात कही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के प्रतिनिधि व भाजपा नेता श्याम जायसवाल भाजपा नेतागण जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर ,सांसद प्रतिनिधि संदीप जैन , जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा महावीर साहू तथा जसवंता नायक ने भेंट किया । भाजपा नेताओं ने डौंडी लोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित अस्पतालों में लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ विधानसभा के सभी अस्पतालों में रात्रि कालीन ड्यूटी में नियमित रूप से डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे इस संबंध में चर्चा किया। क्षेत्र के किसानों को सोसायटियों में धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो साथ ही किसानों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए । भाजपा नेताओं ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जनहित में जारी सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले इस दिशा में संबंधित शासकीय अमले को आवश्यक दिशा -निर्देश देने की बातें कही, साथ ही डौंडीलोहारा मुख्यालय के विवेकानंद चौक तथा मंडी चौक सहित पूरे विधानसभा में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने चौक-चौराहों में सिगनल सिस्टम सहित आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती करने का आग्रह किया गया है। इसी के साथ ही सड़कों पर विचरण करने वाले गौवंश को सड़क से हटाने की व्यवस्था करने ताकि गौवंशो के कारण लोगो को दुर्घटना का शिकार न होना पड़े इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

# राजहरा खदान में कार्यरत पुरानी कमेटी को भंग कर की गई नई कार्यकारिणी गठित



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एम पी सिंग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 06 दिसम्बर को खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई थी । जिसमें राजहरा खदान में कार्यरत पुरानी कमेटी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है जिसमें सर्वसम्मति से राजहरा खदान समूह ईकाई के लिए मुश्ताक अहमद को अध्यक्ष और लखनलाल चौधरी को सचिव बनाया गया है। एम पी सिंग ने बताया कि नई कमेटी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष - मुश्ताक अहमद उपाध्यक्ष - एम पी सिंग, राजेन्द्र राजपूत, अजित मलिक, किशोर कुमार मायती,दशरथ माहन्तो,लिखन साहू, अशोक कौमार्य सचिव- लखनलाल चौधरीसंगठन सचिव - विनोद कुमार, आर डे, सह सचिव - परमानन्द कलिहारी, प्रवीण साहू, शेखर निर्मलकर, संजीवन सिन्हा, संजय यादव कोषाध्यक्ष - संतोष देवांगन, कार्यकारिणी सदस्य में एस के मस्की,कृष्णा गावड़े, शिवकुमार नायक, सतीश पांडेय, ज्ञान प्रकाश चंद्राकर, महेंद्र साहू, रजनीश जारीयक, नागेश जैन, पुरषोत्तम तारम,सी हरि, मिलिंद तामड़े, राजेश अग्निहोत्री,उल्लास देवांगन, कृष्णामूर्ति,सी एस राव, गजेन्द्र सिंग, पुरोहित ठाकुर, पौराणिक, शोभित मंडावी को चुना गया है। नई कमेटी के घोषणा के उपरान्त उपस्थित सदस्यों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और कार्यकारणी सदस्यों को बधाई दी और आने वाले समय में नियमित एवं ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदा तत्पर रहने को कहा जिस पर सभी पदाधिकारियों और कार्यकारणी सदस्यों ने श्रमिक हित में कार्य करने का वचन दिया।

# शहरों की भांति गांव-गांव में घर-घर कचरा एकत्रीकरण प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायतों को खुले में शौचमुक्त के पश्चात् ओ.डी.एफ प्लस की अवधारणा के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सभी आयामों पर कार्य करते हुए स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायतों में जहाँ एक तरफ गंदे पानी के सुरक्षित निपटान हेतु ग्रे एवं ब्लैक वॉटर मैनेजमेंट का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जैविक-अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया गया है। ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान चलाकर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक निपटान करने की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जैविक कचरे को नॉडेप एवं वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से खाद बनाया जा रहा है। साथ ही अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु महिला समूह के माध्यम से प्रत्येक गांव में घर-घर कचरा एकत्र कर सेग्रीगेशन वर्कशेड में पृथक्कीकरण का कार्य किया जाता है। जिसमें प्लास्टिक, रबर, कांच एवं धातू के अपशिष्ट को पृथक कर पुनः चक्रण हेतु कबाड़ी को बेचकर आय अर्जित की जा रही है। स्वच्छाग्राहियों को मानदेय प्रदान करने हेतु 35 ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छता कर भी लिया जा रहा है। स्वच्छाग्राहियों के माध्यम से गांव में स्वच्छता बनाए रखने हेतु निरंतर जागरूकता कार्य किया जा रहा है। शहरों की भाति गांव-गांव में घर-घर कचरा एकत्रीकरण का कार्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किया जा रहा है।

# अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में 67वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज ने स्थानीय पुराना बाजार स्थित अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में 67वॉ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। सर्वप्रथम तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ भीमराव आंबेडकर के छाया चित्र में माल्यार्पण कर मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाकर त्रिशरण पंचशील से पूजा अर्चना की गई। समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर खोब्रागडे ने अपने उद्बोधन में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कठिन परिस्थितियों में अपनी शिक्षा को निरन्तर जारी रखा उनके पास 32 डिग्रियां थीं।हमारे समाज के उत्थान के लिए सबसे बड़ा योगदान है आज समाज के लोग उच्च शिक्षा ग्रहण कर बड़े बड़े पद पर आसीन है। ये सब बाबा साहेब अंबेडकर की देन है।समाज को आगे बढ़ने के लिए उन्होंने जो त्याग किये हैं हम हमेशा उनके ऋणी रहेगें। उपाध्यक्ष बिसन कांडे ने परिनिर्वाण दिवस 6दिसंबर 1956 के दृश्य के बारे में बताया। आशा नोंनहारे ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन रिखी राम मोटधरे ने किया इस अवसर पर अनिल खोब्रागडे, उत्तम ऊके, भूपेश सहारे, वीना खोब्रागडे, किरण नोनहारे, मुश्कान,मंजू बाम्बेश्वर,संगीता फूलमाली उपस्थित थे।अंत मे अध्यक्ष फेरु लाल बाम्बेस्वर ने आभार प्रदर्शन किया।

# एनएच-930 सड़क पर वाहनों से नीचे उतर पैदल चलने मज़बूर राहगीर, मौसम के बदले मिजाज ने निर्माणाधीन सड़क की खोली पोल

## दलदल में वाहन के पहिए बहक रहे, तो दुपहिया वाहन सवार गिर रहे नीचे





पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में निर्माणाधीन नेशनल हाइवे 930 सड़क जो कि ग्राम झलमला से लेकर बालोद जिला मुख्यालय होते हुए शेरपार तक बनाई जा रही है, जो की एक विवादित सड़क बन चुकी है। सड़क के निर्माण से ही यह सड़क विवादों में घिरी हुई हैं। सड़क निर्माण की गुणवत्ता और कछुआ गति से जारी निर्माण कार्य ने इसकी सारी पोल खोल कर रख दी हैं। और अभी मौसम के बदले इस मिजाज ने तो इस सड़क और राहगीरों का चलना मुश्किल कर दिया है। दुपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर नीचे गिर रहे है, तो कई दुपहिया वाहन इस दलदल भरी सड़क से रेंगते हुए पार हो रहे है। बड़ी बात यह कि इस मामले से विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। उल्लेखनीय हो कि झलमला से शेरपार तक बन रहे इस सड़क का कार्य आज तलक पूरा नही हो पाया है। 37.28 किमी सड़क का चौड़ीकरण का कार्य इसी साल अगस्त के महीने तक पूरा करना था। लेकिन निर्माण कार्य की धीमी गति और ठेकेदार की लापरवाही के कारण इसके पूरे होने में अभी और समय लगेगा।

### अनियंत्रित होकर गिर रहे दुपहिया वाहन चालक

दरअसल बीते 3 दिनों से मौसम के बदले मिजाज और हो रही बारिश से निर्माणाधीन सड़क में दलदल की स्तिथि निर्मित हो गई है। बालोद जिला मुख्यालय से दल्लीराजहरा मार्ग में खरखरा नहर नाली के पास पुल का निर्माण कार्य जारी हैं। जहाँ पास डायवर्ट की गई सड़क से छोटे-बड़े वाहने व राहगीर आना जाना कर रहे है, बारिश की वजह से इस मार्ग में दलदल और कीचड़ भर गया है। क्योकि सड़क निर्माण में चिकनी मिट्टी का उपयोग किया गया है। जो कि बारिश के बाद यहां दलदल की स्तिथि बन गई हैं। आने जाने वाले दुपहिया और चार पहिया वाहने व बड़े वाहनों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि इस दलदल और कीचड़युक्त सड़क पर वाहनों के पहिये इधर उधर बहक रहे है, भाग रहे है। दुपहिया वाहन चालक का उनके हैंडल और चार पहिया एवं बड़े वाहन चालकों का उनकी स्टेरियंग पर से कंट्रोल हट रहा है। दलदल एवं कीचड़युक्त सड़क पर वाहनो के पहिये नागिन की तरह डांस करते नज़र आ रहे हैं। कई दुपहिया वाहन पैदल रेंगते हुए अपनी गाड़ियों को पार कर है तो कई अनियंत्रित होकर नीचे गिर रहे है। तो कई सड़क की दुर्दशा देख वापस अपने घर को लौट रहे है। आने जाने वाले वाहनों एवं राहगीरों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

### राहगीरों को सड़क पर चलने में हो रही भारी दिक्कत

ट्रक चालक सत्यवान साहू ने बताया कि गाड़ी चलाने में बहुत दिक्क त हो रही है, गाड़ी कही फंस जाएगी तो आने जाने आवागमन में बहुत समस्या हो सकता है। मेरी गाड़ी भी फंस गई थी, बहुत दिक्क त से गाड़ी निकली हैं। राहगीर भरत लाल साहू ने बताया कि दुपहिया वाहन में सवार गण अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं, दलदल घुटने तक आ गया है। मैं तो अपनी दुपहिया वाहन को पैदल रेंगाकर लाया हूं। जिससे गाड़ी भी खराब हो रही हैं। चक्क ों में कीचड़ फंस रहा हैं। मालवाहक परमेश्वर सोनवानी ने कहा कि एकदम घटिया सड़क है। गाड़ी स्लीप हो रही है। बहुत दिक्क त से गाड़ी निकली है। बाइक वाले तो गिर रहे है। मैं खुद बड़ी मुश्किल से गाड़ी निकाला हूं। महिला राहगीर गायत्री बघेल ने बताया कि वे भैंसबोड की रहने वाली हैं, वे अपने पति के साथ बालोद अस्पताल जा रही रही थी। लेकिन उनकी दोपहिया गाड़ी दलदल में फंस गई, तो वे पैदल चलकर इस तरफ़आ गई। सड़क की दुर्दशा देखकर वे लोग बिना डॉक्टर को दिखाए वापस अपने घर के लिए निकल गए। राहगीर कमल किशोर तारम ने बताया कि सड़क न बनने से हमें बहुत परेशानी हो रही है। मैं डौंडी से बालोद जा रहा हु। आने जाने में दिक्क त हो रही है। सड़क में दलदल और कीचड़ की वजह से गाड़ी तो खराब हो ही रही है, साथ मे कपड़े भी खराब हो रहे है। ऐसे में किसी का जान हान का हानि भी हो सकता हैं।

### गुणवत्ता को लेकर उठ रहे कई सवाल

मामले में बड़ी बात यह है कि आमजनों को हो रही इस परेशानी को देखने सुनने वाला कोई नही। जिम्मेदार अधिकारी भी आँखों में पट्टी और कानों में रुई डाल सोए बैठे हैं। इस सड़क से कई अधिकारी भी अपने वाहनों से गुजर रहे हैं। लेकिन उन्हें आमजनों को हो रही तकलीफों की सुध नही। उल्लेखनीय हो कि यह सड़क शुरुआत से ही विवादों में आ घिरी हैं। इसकी गुणवत्ता को लेकर भी कई सवाल उठे है। बालोद चेम्बर ऑफकॉमर्स, सांसद मोहन मण्डावी, कई भाजपा नेताओं ने सड़क की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने शासन-प्रशासन सहित केंद्रीय मंत्रियों तक पत्र व्यवहार किया है। लेकिन मामले में आज तलक कोई गंभीरता जिम्मेदार अधिकारियों ने नही दिखाई। जिसका परिणाम आज आमजनों को भुगतना पड़ रहा हैं। बता दे कि सम्बन्धित सड़क निर्माण ठेकेदार की समयावधि भी खत्म हो चुकी है। विभाग द्वारा टाइम एसटेंशन की अनुमति लेकर कार्य किया जा रहा है। लेकिन आज तलक गुणवत्ता को सुधार नही किया गया।

# हत्या का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को बाराद्वार पुलिस ने किया गिरफ्तार, फटाका फोड़ने से मना करने पर हुई वारदात

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com




टांगी से सिर पर वार कर हत्या के प्रयास करने वाले 02 आरोपीयो को गिरफतार किया गया है,मामला थाना बाराद्वार,जिला सक्ती(छग) के अपराध क्रमांक 322/23,धारा 307,34 भादवि. का है,आरोपी - 1. नवतम दास महंत ऊर्फ गौतम दास महंत उम्र 18 साल 06 माह साकिन वार्ड क्रमांक 09 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) 2. राहू सिंह गोंड ऊर्फ इल्ली पिता समर सिंह गोंड उम्र 24 साल साकिन वार्ड क्रमांक 09 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) है, घटना का विवरण - मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मनीष चौरसिया, नारायण ऊर्फराजुकमार यादव एवं धनीराम मारकण्डें तीनों जिला सहकारी बैंक बाराद्वार के पास झालमुडी खा रहे थे,मुक्ताराजा निवासी राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली जिला सहकारी बैंक बाराद्वार के पास फटाखा फोड रहा था। फटाखा फोडने से ककंड धनीराम मारकण्डे के चेहरे में पडा चेहरे में पडने से धनीराम मारकण्डे ,राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली को फटाखा फोडने से मना किया तो राहुल गोंड ऊर्फइल्ली धनीराम मारकण्डे को मैं फटाखा फोडुगां कहकर वाद विवाद किया फिर मनीष चौरसिया तथा नारायण ऊर्फ राजुकमार यादव,धनीराम मारकण्डें तीनों बाराद्वार मंगल भवन गार्डन के सामने वाले सीढी में बैठ कर बातचीत कर रहे थे समय लगभग 08.20 बजे रात्रि राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली, गौतम महंत एक अन्य लडका भउ तीनों मोटर सायकल से आये और राहुल गोंड ऊर्फ इल्ली ने धनीराम मारकण्डे का कालर पकड कर तुम मुझे फटाखा फोडने से मना करने वाले कौन होते हो बोला एंव एक अन्य लडका धनीराम मारकण्डे के दोनों हाथ को पकडा फिर गौतम महंत पीछे से अपने हाथ में रखे टांगी से धनीराम मारकण्डे को हत्या करने के नियत से धनीराम मारकण्डे के सिर में प्राण घातक हमला कर टांगी से मारकर चोंट पहुचाया जिससे धनीराम मारकण्डे बाराद्वार मंगल भवन गार्डन के सामने वाले सीढी के पास जमीन पर गिर गया, मनीष चौरसिया बीच बचाव करने लगा तो उसे भी राहुल ऊर्फ इल्ली वहीं पर पडे ईंट के टुकडे से मारा जिससे मेरे दाहिनें आंख के भौं में चोंट आई है प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध मे पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे(भापुसे) के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया गायत्री सिंह, उप पुलिस अधीक्षक महोदया अंजली गुप्ता सक्ती के मार्गदशन पर फरार आरोपियो की पतासाजी मे लिया गया,विवेचना के दौरान मुखबीर सूचना पर 1. नवतम दास महंत ऊर्फगौतम दास महंत उम्र 18 साल 06 माह साकिन वार्ड क्रमांक 09 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.)2. राहू सिंह गोंड ऊर्फ इल्ली पिता समर सिंह गोंड उम्र 24 साल साकिन वार्ड क्रमांक 09 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) को हिरासत में लेकर का मेमोंरण्डम कथन के आधार पर घटना कारित टांगी को आरोपी नवतम दास महंत ऊर्फ गौतम से जप्त किया गया है आरोपीगण 1. नवतम दास महंत ऊर्फ गौतम दास महंत उम्र 18 साल 06 माह साकिन वार्ड क्रमांक 09 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.)2. राहू सिंह गोंड ऊर्फइल्ली पिता समर सिंह गोंड उम्र 24 साल साकिन वार्ड क्रमांक 09 बाराद्वार थाना बाराद्वार जिला सक्ती (छ.ग.) के विरूद्ध उपरोक्त अपराध धारा का सबूत पाये जाने विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर मान. न्यायालय पेश किया गया,उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक गगन बाजपेयी ,उप निरी. शिवचरण चौहान, प्रआर. राजेष पैकरा, प्रआर. विजय पटेल, आर.अलेक्सियुस मिंज, आर. फारूख खान, आर. अनिल रात्रे , आर. योगेष राठौर, आर. टकेषवर कटकवार, आर. दिलीप सिदार, आर. महेश यादव, आर. अजय नेताम का योगदान रहा।

# शासकीय महाविद्यालय जेठा ने किया अंबेडकर जी को स्मरण

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com





शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय महाविद्यालय सक्ति में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 67 वी पुण्यतिथि मनाई गई। प्राचार्य डॉ डी पी पाटले एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य एवं समस्त स्टाफद्वारा आंबेडकर जी की तैल्याचित्र में पुष्प अर्पित कर दीपक जलाकर श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में 2 मिनट का मौन धारण कर के बाबा साहब को याद किया गया। प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े (कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया उन्होंने सबसे पहले आंबेडकर जी की योगदान को बताया, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर ने हर वर्ग के लिए कार्य किया जिसके कारण आज हम उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे ।समाज में एक साथ बिना भेदभाव के रह पा रहे है। प्रो ऋतु पटेल ने कहा की बाबा साहब अम्बेडकर के कारण ही हम महिलाओं को उच्च शिक्षा और समाज में समानता का हक मिल पा रहा।हम सबको उनके महान कार्यों को लोगो को बताना चाहिए और इस पर कार्य करते रहना चाहिए। प्रो हेमपुष्पा चंद्रा ने भी आंबेडकर जी को सदी का महान पुरुष बताया उन्होंने समाज से भेदभाव को खत्म करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रो शत्रुघन अनंत ने भी बाबा साहब के योगदान को बताया और उन्हें भारतीय जनता की अमूल्य धरोहर बताया इनके द्वारा निर्मित संविधान एक पवित्र ग्रंथ है इनको सभी लोगो पढ़ने को प्रेरित किया । प्रो डॉ शकुन्तला राज ने भी आंबेडकर जी की जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला और उनके संविधान को पढ़ने को कहा गया ।उन्होंने बताया की संविधान से ही देश चल रहा इसलिए सभी को इसको पढ़ना चाहिए। प्रो यज्ञ राठिया ने भी आंबेडकर जी के योगदान को, उनकी शिक्षा, और संघर्ष को बताया।कार्यक्रम में अंत में प्राचार्य डॉ डी पी पाटले ने आंबेडकर के योगदान को बताते हुए सभी उपस्थित लोगों से 2 मिनट का मौन धारण रखने को कहा गया । कार्यक्रम में प्रो ज्योति यादव, प्रो सीमा साहू, प्रो हरिशंकर रजक,और समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# जीत के बाद शिवरीनारायण प्रथम आगमन पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक शेषराज हरबंश का भव्य स्वागत किया

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



विधानसभा चुनाव में पामगढ़ विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी शेषराज हरबंश को त्रिकोणी संघर्ष में शानदार जीत मिली है । 2003 के विधानसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुन्दर दास विजय हुए थे उसके बाद कांग्रेस इस सीट को लगातार हार रही थी । शेषराज हरवंश के इस जीत से पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में काफी खुशी है । शेष राज हरवंश का चुनाव जीतने के बाद 6 दिसम्बर को प्रथम बार शिवरीनारायण आगमन हुआ इससे कांग्रेस कार्यकर्ता काफी खुश थे और नगर पंचायत शिवरीनारायण के पार्षद मनोज तिवारी के नेतृत्व में केरा चौक शिवरीनारायण में उनका आतिशबाजी ,गुलदस्ता व फूलमाला से भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर नगरपंचायत शिवरी नारायण के अध्यक्ष अंजनी तिवारी उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव वरिष्ठ कांग्रेसी बृजेश केशरवानी, संदीप केशरवानी, श्रवण अग्रवाल, पार्ष्द लक्ष्मण चौहान, नितेश केशरवानी, राकेश शर्मा, एल्डरमेन रामचरण कर्ष, लाडली मोहन शर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे । इस मौके पर हरवंश ने अपनी जीत का श्रेय कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता को दी उन्होने चौक पर स्थापित अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण की और क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयास करने की बात कही।

# ओपी चौधरी की जीत पर शक्ति में संजय कश्यप के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा चुनाव के मतगणना परिणाम आने के बाद रायगढ़ शहर विधानसभा सीट पर पूर्व आईएएस कलेक्टर ओपी चौधरी के रिकॉर्ड वोटो से जीत दर्ज करने पर शक्ति जिले के युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजय कश्यप ने बधाई देते हुए कहा है कि ओपी चौधरी की जीत से जहां युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है, तो वहीं रायगढ़ सीट पर उन्होंने रिकॉर्ड वोटो से जीत दर्ज कर एक इतिहास रचा है, एवं कलेक्टर रहते हुए भी उन्होंने जहां आम जनता के हित के लिए सदैव उच्च सोच के साथ काम किया है तो वहीं वे आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार में एक महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे,शक्ति जिले के युवा नेता संजय कश्यप सहित उनकी पूरी युवाओं की टीम ने जहां मतगणना परिणाम आने के बाद शहर के विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी एवं पटाखे फोड़कर लोगों को मिठाइयां बांटी तो वहीं पूरे अंचल में जगह-जगह ओपी चौधरी की जीत पर संजय कश्यप द्वारा उन्हें बधाई देते हुए होडिंग्स भी लगाए गए हैं, एवं सूत्रों की माने तो शक्ति आंचल में संजय कश्यप ने ओपी चौधरी की जीत पर पूरे जिले वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, ज्ञात हो कि संजय कश्यप द्वारा पूरे चुनाव के दौरान भी अपनी युवाओं की टीम के साथ रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव में जाकर उनका प्रचार किया गया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी संजय कश्यप एवं उनकी पूरी टीम ओपी चौधरी को जीताने के लिए सक्रिय नजर आई थी, तथा उन्होंने चौधरी के चुनाव प्रचार में भी अपनी एक अहम भूमिका निभाई है।

# नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले पर कोतरारोड़ थाने में अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

मदनपुर, खरसिया में रहने वाले तुरिन्दर बघेल (उम्र 27 वर्ष ) द्वारा मंगलूडीपा कोतरारोड़ में रहने वाले शशिभूषण महेंद्र के विरूद्ध कल एनटीपीसी लारा में जूनियर इंजीनियर के पर नौकरी के नाम पर 2 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता तुरिन्दर बघेल ने बताया कि वर्ष 2018 में रायपुर में बी.ई. की पढ़ाई कर रहा था। जहां साथ में खैरपुर रायगढ का यशवंत महतो, मालखरौदा का मुकेश सिदार, धमतरी का चद्रकांत यादव और जांजगीर चांपा का लिलेद्र कुमार भी पढ़ रहे थे। यशवंत महतो से मिलने उसका दोस्त शशीभूषण महेन्द्र जो मंगलूडीपा ईला माल रायगढ़ में रहता था अक्सर रायपुर आता था जिससे सभी का बातचीत होता था। एकबार शशीभूषण बताया कि उसकी गाडियां लारा एन.टी.पी.सी. में चलती है तथा वहां के अधिकारियों से उसकी अच्छी जान पहचान है। उसने बताया कि एन.टी.पी.सी. लारा में जूनियर इंजीनियर का वेकेन्सी निकला हुआ है, आप लोग वहां जॉब करना चाहते हो तो नौकरी लगवा दूंगा। उसकी बातों में आकर नौकरी लगाने की एवज में चारों लोग मिलकर 50,000 प्रति व्यक्ति कुल 2,00,000 रूपये एडवांस में उसके घर ईला माल में दिये थे। शशिभूषण बोला कि एक सप्ताह बाद सभी को ज्वानिंग के लिये फोन करूंगा तब आना। ज्वाईनिंग के 06 माह की ट्रेनिंग दौरान 16,000 रूपये मासिक वेतन मिलेगा और ट्रेनिंग के बाद वेतन में वृद्धि हो जायेगा।

# मुल्जिम पेशी ड्यूटी पर लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया सस्पेंड

## निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा कल कार्यालयीन आदेश जारी कर रक्षित केंद्र रायगढ़ में पदस्थ तीन आरक्षक फेड्रिक कुजूर, विमल तिग्गा और संदीप लकड़ा को शराब का सेवन कर मुल्जिम पेशी ड्यूटी पर तैनात होने से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जानकारी के मुताबिक बीते 4 दिसंबर को रक्षित निरीक्षक अमित सिंह द्वारा रायगढ़ मुल्जिम पेशी करने गए पुलिसकर्मियों को चेक किया गया। इस दौरान मुल्जिम पेशी कराने आये आरक्षक फेड्रिक कुजूर, विमल तिग्गा और संदीप लकड़ा से बातचीत करने पर उनके मुंह से शराब की गंध आयी और वे बातचीत में लड़खड़ाने लगे। रक्षित निरीक्षक द्वारा तीनों आरक्षकों का जिला अस्पताल से मुलाहिजा कराकर अपना प्रतिवेदन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को प्रस्तुत किया गया। रक्षित निरीक्षक के प्रतिवेदन पर प्रथम दृष्ट्या आरक्षकों द्वारा अपने पदीय दायित्व के विपरीत कार्य का प्रदर्शन करना पाए जाने पर तीनों आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रिजर्व पुलिस लाइन अटैच किया गया है जिन्हें निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही रिजर्व इंस्पेक्टर अमित सिंह को 05 दिवस के भीतर प्राथमिक जांच कर प्रतिवेदन देने आदेशित किया गया है। विदित हो कि एसएसपी सदानंद कुमार कार्य में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर बेहद सख्त हैं। उन्होंने समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चैकी प्रभारियों के मार्फत अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहकर कर्तव्यों का निष्पादन करने एवं आमजन से शालीनता से व्यवहार किए जाने निर्देश दिए गए हैं।

# घरघोड़ा के जुनाडीह स्कूल में जाम छलकाते पकड़ाया प्रधान पाठक

- ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले, पुलिस ने बिना कार्यवाही छोड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के घरघोडा क्षेत्र के ग्राम जुनाडीह स्कूल में जाम छलकाते एक प्रधानपाठक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया और शराब के नशे में धुत्त प्रधानपाठक को पुलिस बुलाकर उनके हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने बगैर किसी प्रकार की कार्रवाई किये बिना उसे घर भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा से लगे ग्राम जुनाडीह के शासकीय प्राथमिक शाला का है जहां ग्रामीणों के बताए अनुसार स्कूल में पदस्थ प्रधानपाठक धर्मेंद्र भाटिया आदतन शराबी है और सदा नशे में स्कूल आता है। हद तो तब हो गयी जब प्रधानपाठक भाटिया ने स्कूल को ही मधुशाला बना डाला और स्कूल में ही जाम छलकाने लगा इसकी भनक ग्रामीणों को पड़ी तो ग्रामीणों ने स्कूल में दाखिल होकर प्रधानपाठक भाटिया को रंगे हाथों जाम छलकाते पकड़ लिया। इसके बाद नशे में धुत्त भाटिया को ग्रामीणों ने 112 पर कॉल कर पुलिस को सौंप दिया।

**प्रधानपाठक को बिना कार्यवाही पुलिस ने छोड़ा**-इस मामले में बकायदा ग्रामीणों द्वारा 112 बुलाकर स्कूल में शराब पीते मिले शिक्षक को पुलिस को सौंपा पर पुलिस ने बिना किसी कार्यवाही के प्रधान पाठक को यूं ही छोड़ दिया। यह बात इसलिए भी हजम नही होती क्योंकि घरघोड़ा पुलिस शराब पीते पकड़े जाने पर दर्जनों केस दर्ज करती रहती है पर इस मामले में उनकी दरियादिली का कारण समझ नही आया।

**पहले भी डीईओ और कलेक्टर को हुई है शिकायत**-शराबी प्रधानपाठक धर्मेंद्र भाटिया द्वारा नशे में स्कूल आने की शिकायत गत नवम्बर में ही जुनाडीह के ग्रामीणों ने लिखित रूप में जिला शिक्षा अधिकारी एवं कलेक्टर से की थी पर कोई कार्यवाही नही हुई नतीजतन आदतन शराबी प्रधानपाठक का हौसला और बढ़ा और आज स्थिति यहां तक आ पहुंची की स्कूल परिसर में जाम छलकाने में भी भाटिया को कोई गुरेज नही है।

**ग्रामीणों ने कहा नहीं हटाये गए भाटिया तो आंदोलन**-शिकायतों के बाद भी कार्यवाही न होने से जुनाडीह के ग्रामीण रुष्ट हैं और स्कूल जैसे जगह में वही के पदस्थ प्रधानपाठक की नशाखोरी को लेकर अब आंदोलन के मूड में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि अगर जल्द शराबी प्रधानपाठक भाटिया को नही हटाया गया तो हमे आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# प्रतिबंधित और नशीली दवाएं बेचने वाले पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- पुलिस की छापेमारी में आरोपी से 6 कार्टूनों में रखी 1140 नग प्रतिबंधित नशीली कफसिरप की जप्ती
- आरोपी पर घरघोड़ा पुलिस ने की एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एसएसपी सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर रायगढ़ पुलिस की नशे के खिलाफकार्यवाही जारी है। पूर्व में घरघोड़ा, तमनार और लैलूंगा क्षेत्र अवैध रूप से नशीली दवाओं (प्रतिबंधित कैप्सूल और सिरप) के अवैध बिक्री की सूचनाओं पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर अभियान चलाकर इस अवैध कारोबार से जुड़े आरोपियों पर कार्रवाई कर अंकुश लगाया गया तथा क्षेत्र के समस्त थाना प्रभारीगण मुखबिर व स्टाफ लगाकर निगाह रखा जा रहा है। इसी क्रम में कल थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा को उनके लगाए मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि सतनामी मोहल्ला घरघोड़ा में रहने वाला दीपक वारे अपने घर पर अवैध बिक्री के लिए भारी मात्रा में नशीली सिरप छिपाकर रखा हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा सुनियोजित तरीके से रात्रि करीब 9 बजे संदेही के घर अपने स्टाफ के साथ रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस टीम की छापेमारी में संदेही दीपक वारे के आंगन शौचालय के बगल में 6 कार्टूनों में भारी मात्रा में कफसिरप रखा हुआ मिला। विवेचक द्वारा दीपक वारे को सिरप का दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया जिसके पास प्रतिबंधित सिरप की बिक्री व रखने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस टीम द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक वारे पिता सोहन लाल वारे उम्र 24 वर्ष सा. सतनामी मोहल्ला घरघोड़ा, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के कब्जे से कुल 1140 नग नशीली कफसिरप कीमत करीब 2,00,000 का जप्त किया गया है। आरोपी पर थाना घरघोड़ा में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## जांजगीर-चांपा संसदीय क्षेत्र में प्रभावशाली लीडर के रूप में रहेगी भूमिका

# महंत का जलवा रहेगा बरकरार-भले ही ना बनी हो सरकार

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में 3 दिसंबर को आए विधानसभा चुनाव की मतगणना परिणाम के बाद भले ही प्रदेश में भरोसे की सरकार की विदाई हो गई है,किंतु राजनैतिक इतिहास में जांजगीर- चांपा लोकसभा क्षेत्र जो की तीन जिलों में बटा हुआ है,जांजगीर चांपा जिला, शक्ति जिला एवं बलौदा बाजार भाटापारा जिला, जिसमें जांजगीर-चांपा जिले की तीन विधानसभा अकलतरा, पामगढ़ एवं जांजगीर चाम्पा,शक्ति विधानसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा शक्ति, चंद्रपुर, जैजैपुर एवं बलौदा बाजार भाटापारा जिले की दो विधानसभा कस्डोल तथा बिलाईगढ़ शामिल है,03 दिसंबर के मतगणना परिणाम ने जहां इस संसदीय क्षेत्र में अपने खात्मे से भाजपा खेमे में बेचैनी ला दी है,तो वहीं इन आठो विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की एकतरफा जीत ने कांग्रेस के खेमे में खुशी की लहर भी पैदा कर दी है, आने वाले अप्रैल-मई 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं, तथा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का राजनैतिक रूप से आकलन करें तो जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र से ही एकमात्र आठो सीटों पर कांग्रेस को विजय मिली है, जिसके चलते पूर्व से ही जहां दशकों से इस क्षेत्र में डॉक्टर चरणदास महंत का राजनीतिक प्रभाव रहा है, एवं 2008 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद भी जहां महंत को विधानसभा अध्यक्ष के पद से नवाजा गया,तो वहीं अविभाजित जांजगीर चांपा जिले में भी डॉक्टर चरण दास महंत का ही राजनीतिक रूप से प्रशासनिक एवं सत्ता पर एक तरफ़ा प्रभाव देखा जाता था, जिसका कहीं ना कहीं प्रमुख कारण डॉक्टर चरण दास महंत की सूझबूझ, कुशल नेतृत्व एवं कार्य कुशलता को माना जा रहा है, तथा डॉक्टर चरणदास महंत भले ही कांग्रेस पार्टी से प्रतिनिधित्व करते हैं किंतु तत्कालीन भूपेश बघेल की सरकार में भाजपाई भी उनके विधानसभा अध्यक्ष के रूप में एक कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते नहीं थकते थे, तथा विधानसभा अध्यक्ष महंत ने भी विधानसभा के सत्र के दौरान जहां एक अच्छा समन्वय बनाकर विधानसभा को चलाने का प्रयास किया तो वहीं उनके पूरे कार्यकाल में देखा जाए तो कभी भी कोई वाद विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हुई, तथा 2023 के विधानसभा चुनाव ने राजनीतिक समीकरण बदले हैं, एवं इस लिहाज से देखा जाए तो पूरे जांजगीर चाम्पा संसदीय क्षेत्र में महंत की लीडरशिप से भी इनकार नहीं किया जा सकता,आज लगभग विधायक उनके ही समर्थक या की उनके प्रभाव में माने जा सकते हैं, एवं आने वाले दिनों में जिस तरह से कांग्रेस पार्टी विपक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभायेगी इस लिहाज से डॉ.चरणदास महंत की लीडरशिप एवं आने वाले दिनों में संगठन के कार्यों तथा विपक्ष की भूमिका में डॉक्टर चरणदास महंत की भी प्रमुख भूमिका रहेगी, ऐसा राजनीतिक कयास लगाए जा रहे हैं,तथा आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी चुना जाएगा जिसमें भी ऐसा प्रतीत होता है कि विधानसभा अध्यक्ष महंत की कार्य कुशलता एवं उनकी आक्रामकता को भी देखते हुए उन्हें कहीं नेता प्रतिपक्ष की भी जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी ना सौंप दें ,एवं वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की एक तरफा लहर के बावजूद शक्ति विधानसभा क्षेत्र से डॉ.चरणदास महंत ने जीत दर्ज की है वह कोई सामान्य जीत नहीं है, तथा भले हो कम वोटो से ही जीत को स्वीकार करना पड़ा किंतु जिस तरह से पूरे प्रदेश में इस बात को लेकर राजनैतिक चर्चा थी कि छत्तीसगढ़ में जो विधानसभा अध्यक्ष एक बार बन जाता है वह दोबारा चुनाव नहीं जीतता, इस परंपरा को महंत ने ध्वस्त करते हुए जीत दर्ज की है, तथा शक्ति विधानसभा क्षेत्र से महंत को टिकट मिलने के बाद जहां उनके ही लोगों ने उनसे किनारा कर पूरे क्षेत्र में उनके खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास किया, किंतु विरोधियों की इस आक्रामकता एवं विरोधात्मक कार्यो ने भी कहीं ना कहीं उन्हें कमजोर नहीं किया,तथा उल्टा ही महंत एक बड़ी राजनैतिक ताकत बनकर पूरे क्षेत्र में अपने कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव लड़ा तथा लोग महंत की राजनीतिक सूझबूझ एवं उनके कार्य कुशलता कि कहीं ना कहीं दुहाई भी देते हैं तथा अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में डॉक्टर चरणदास महंत की राजनीतिक भूमिका कितनी प्रभावशाली रहेगी।

# 09 दिसंबर को संकल्प हॉस्पिटल में होंगी कैंसर की जांच, इलाज और कीमोथेरेपी का नि:शुल्क शिविर




पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिष्ठित संकल्प हॉस्पिटल में आगामी 9 दिसंबर 2023 दिन- शनिवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें कैंसर की जांच, इलाज एवं कीमोथेरेपी सहित विभिन्न प्रकार की चिकित्सा जांच की जाएगी,उपरोक्त जानकारी देते हुए संकल्प हॉस्पिटल के संस्थापक चैयरमेन डॉ. संजय गोयल ने बताया कि इस निशुल्क शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हिमांशु गुप्ता, डॉ भारत भूषण खुरसे एवं डॉ राजेंद्र पटेल अपनी सेवाएं देंगे, उल्लेखित हो कि सरगुजा संभाग के सबसे एडवांस हॉस्पिटल के रूप में संकल्प हॉस्पिटल की पहचान है, तथा इस अस्पताल में विभिन्न प्रकार की रोगों की जांच के साथ ही अत्याधुनिक तरीके से उपचार किया जाता है, अस्पताल के चैयरमेन डॉक्टर संजय गोयल ने समस्त क्षेत्र वासियों से इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में मनाया गया झण्डा दिवस

## सैनिकों के परिजनों और उनके आश्रितों की देखभाल करना देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : डिप्टी कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ‹ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सेना की बहादुरी, त्याग व समर्पण के सम्मान में एवं वीर शहीदों की स्मृति में 07 दिसंबर 2023 को कलेक्टोरेट में हर्ष के साथ मनाया गया। इस परिप्रेक्ष्य में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर रणजीत सिंह विष्ट द्वारा डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार भगत तथा अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को सशस्त्र सेना ध्वज प्रतीक लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अशोक कोस्टा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा हेतु शहीद सैनिकों की विधवाओं, भूतपूर्व सैनिकों एवं सेना में सेवारत सैनिकों और उनके आश्रितों के पुनर्वास तथा कल्याणकारी योजनाओं के लिये अधिक से अधिक दान देकर इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करें। वहीं डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत ने इस नेक पहल में उदारता एवं मुक्तहस्त से सहयोग प्रदान कर अनुग्रहित करने का आग्रह आम नागरिकों से किया। कमांडर रणजीत सिंह विष्ट ने पावर पांइट स्लाइड के माध्यम से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के महत्व एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि झंडा दिवस का अत्यधिक महत्व इसलिए भी है क्योंकि वास्तव में हमारे देश की सुरक्षा के लिये शहीद होने वाले सैनिकों के परिजनों और उनके आश्रितों की देखभाल करना देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी होती है। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस हम सभी के लिए देश की पराक्रमी एवं समर्पित सेना के वीर जवानों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। इस अवसर पर झंडा दिवस निधी में हर नागरिक को बढ़ चढ़कर योगदान देना चाहिये। झंडा दिवस पर एकत्रित की गई राशि का उपयोग वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं आर्थिक सहायता किया जाता है। मैं, सभी सेवारत् सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों के प्रति शुभकामनायें व्यक्त करता हूँ। मैं छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों को झंडा दिवस की बधाई देते हुये यह अपील करता हूँ कि वे सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में उदारतापूर्वक दान दें।

### भूतपूर्व सैनिकों का किया गया सम्मान

सर्वप्रथम नायक चिंतामणी का सम्मान किया गया। जिन्होंने वर्ष 1963 में भारतीय थल सेवा में भर्ती हुए तथा वर्ष 1965 एवं 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में सि य रूप से थल सेना मेडिकल कोर के तहत अपनी सेवाए दी। विषम परिस्थितिओं एवं दुर्गम क्षेत्रों में अनवरत 20 वर्ष की सेवा उपरांत वर्ष 1983 में सेवानिवृत हो अपने गृह ग्राम मनेंद्रगढ़ में निवासरत है। राज्य सरकार ने आपकी सेवाओं को तथा आपके 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने तथा आपके लम्बी उम्र की कामना करते हुए सम्मान राशि रूपये 30000 गत माह प्रदान किया। आपकी सैन्य सेवा भाव के प्रतिफल आपका सादर सम्मान है। इसी कड़ी में पूर्व नायब सुबेदार गिरीश चंद्र सरकार का सम्मान किया गया। आप वर्ष 1970 में भारतीय थल सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हुए तथा वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में सक्रिय रूप से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में पदस्थ रहे। 26 वर्ष की अनवरत सेवा के दौरान आप भारतीय सीमा क्षेत्रों में विभिन्न स्थानो पर अपनी सेवा देकर वर्ष 1996 में जूनियर कमीसंड अफिसर के पद से सेवानिवृत हुए। आपकी सैन्य सेवा के प्रतिफल आपका सादर सम्मान है। डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत ने सैनिक कल्याण बोर्ड का आभार व्यक्त किया। साथ ही श्री अशोक कोस्टा ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर उपस्थित मुख्य अतिथि, अधिकारीगण पूर्व सैनिक, परिजनों सहित इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त किया।

# मानव अधिकार जागरूकता के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

## रायपुर रेंज रायपुर के सभी जिलों से वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने लिया था हिस्सा



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस मुख्यालय छग रायपुर के पत्र के परिपालन में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज आरिफ एच शेख के दिशानिर्देश में पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के मार्गदर्शन में रेंज स्तर पर गठित समिति के सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं डीएसपीभावेश साव के नेतृत्व में मानव अधिकार के प्रति बेहतर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए वाद.विवाद प्रतियोगिता पुलिस अधीक्षक कार्यालय धमतरी के सभा कक्ष में का आयोजित किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में रायपुर रेंज रायपुर के धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार जिला से प्रतिभागियों ने भाग लिया था। धमतरी जिले से प्रआर शेष नारायण पांडेय, आर कुमेश साहू पक्ष में एवं आर शेख अलीमुद्दीन विपक्ष में जिला गरियाबंद से प्रआर राधेश्याम सिंह आर प्रेम साहू दोनों विपक्ष में एवं बलौदाबाजार जिले से राकेश कुर्रे द्वारा विपक्ष में मानव अधिकार के प्रति जागरूकता के संबंध में पक्ष एवं विपक्ष में अपना पक्ष रखा गया। जिसके लिए निर्णायकगण एचओडी इकानामिक्स प्रोफेसर डॉ मनजीत कौर खालसा, एचओडी लॉ डिपार्टमेंट प्रोफे दुर्गेश प्रसाद बीसीएस महाविद्यालय धमतरी एवं सेवा निवृत्त शिक्षक चन्द्रशेखर शर्मा जिन्होंने मानव अधिकार के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सभी प्रतिभागियों का अभिमत सुनने के बाद अपना निर्णय दिया। जिसमें पक्ष से आरक्षक कुमेश साहू को प्रथम एवं विपक्ष में आर शेख अलीमुद्दीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह एवं डीएसपी भावेश साव, डीएसपी परि विकेश्वरी पिंदे, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, सउनि राआमावतार राजपूत, प्रआर डिगेश शर्मा आर विजय शर्मा एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।



# मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी में कार्डियो पल्मोनरी रिसिटेशन कार्यक्रम का अयोजन



पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी में लोगो में जागरूकता फैलाने के लिए कार्डियो पल्मोनरी रिसिटेशन कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में यह बताया गया कि कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) एक जीवनरक्षक तकनीक है, जो कई आपात स्थितियों में उपयोगी है। जिसमें किसी की सांस या दिल की धड़कन रुक गई हो साथ ही साथ सीपीआर शुरू करने से पहले जांच लें। क्या पर्यावरण व्यक्ति के लिए सुरक्षित है? क्या व्यक्ति सचेत है या अचेतन? यदि व्यक्ति बेहोश दिखाई दे, तो उसके कंधे को थपथपाएँ या हिलाएँ और ज़ोर से पूछें, क्या आप ठीक हैं? यदि व्यक्ति जवाब नहीं देता है और आप किसी अन्य व्यक्ति के साथ हैं जो मदद कर सकता है, तो एक व्यक्ति को 911 या स्थानीय आपातकालीन नंबर पर कॉल करें और यदि कोई उपलब्ध हो तो एईडी प्राप्त करें। दूसरे व्यक्ति को सीपीआर शुरू करने को कहें। यदि आप अकेले हैं और आपके पास तत्काल टेलीफोन तक पहुंच है, तो सीपीआर शुरू करने से पहले 911 या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर पर कॉल करें । यदि कोई उपलब्ध हो तो एईडी प्राप्त करें। जैसे ही एईडी उपलब्ध हो, डिवाइस द्वारा निर्देश दिए जाने पर एक झटका दें, फिर सीपीआर शुरू करें। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने सीपीआर से जुड़े सवाल भी पूछे जिसका जवाब नर्सिंग स्टाफ ने दिया और उन्हें सीपीआर देने की विधि क्रमशः समझाया गया। यह कार्यक्रम कुम्हारी परिसर निदेशक डॉ. प्रीति गुरनानी मैम और नर्सिंग कुम्हारी प्राचार्य डी. चेनम्मा भास्कर मैम के नेतृत्व में संपन्न हुआ तथा इस कार्यक्रम में नर्सिंग के सभी स्टाफभी शामिल रहे।

# 62वाँ राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह समारोह का अयोजन श्री रावतपुरा सरकार ईंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी में हुआ



पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में हर साल की तरह इस बार भी नेशनल फार्मेसी वीक मनाया जा रहा है। इस बार का थीम रोगी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए फार्मासिस्ट से जुड़ें रखा गया है। यह कार्यक्रम इस बार 5 से 7 दिसंबर तक चलने वाला है। जिसमें अलग-अलग दिन अलग-अलग गतिविधियाँ जैसे सेल्फी स्टैंड प्रतियोगिता, पोषक आहार उत्सव, विशेषज्ञ वैज्ञानिक सत्र और स्वास्थ्य जागरूकता शिविर जैसे गतिविधियाँ रखी गई है। जिसमे की लेक्चर और सेल्फी स्टैंड प्रतियोगिता कराई गई, जिसमे फार्मेसी स्टूडेंट ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर झरना ग्रुप (बी. फार्म.) 1 सेम., उपविजेता (बी.फार्म.) 3 सेम. और तृतीय स्थान पर बादल ग्रुप (बी. फार्म.) 7 सेम. रहे। यह कार्यक्रम ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी की वंदना से शुरू किया गया और साथ ही साथ फार्मेसी शपथ भी लिया गया। 62वाँ राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह समारोह के अवसर पर हमारे कुम्हारी परिसर में हमारे बीच मुख्य वक्ता के रूप में अनीश वोडिटेलवार प्रबंधक (बिक्री एवं विपणन) प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, भारतीय फार्मास्यूटिकल्स और चिकित्सा उपकरण ब्यूरो शामिल हुए, जिन्होन फार्मेसी से जुड़े महत्तवपूर्ण जानकारी और जन औषधि के बारे में अपना अनुभव छात्रों के बीच शेयर किया। यह कार्यक्रम कुम्हारी परिसर निदेशक डॉ. प्रीति गुरनानी और फार्मेसी प्राचार्य डॉ. अलंकार श्रीवास्तव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ तथा इसमे फार्मेसी कुम्हारी के स्टाफ आंचल वर्मा, आस्था वर्मा, प्रीति चंद्राकर, रोहिणी आर्मो, हेमकांति, विनीता और लिलिमा बघेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली 15 से 23 दिसंबर तक जांजगीर चांपा में



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा में आगामी 15 से 23 दिसंबर तक अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली का अयोजन किया जाएगा। इस रैली में धमतरी जिले के अभ्यर्थी 18 एवं 20 दिसंबर को हिस्सा लेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 18 दिसंबर को जहां जिले के 380 अभ्यर्थी शामिल होंगेए वहीं 20 दिसंबर को 50 अभ्यर्थी इस रैली में शामिल होंगे। गौरतलब है कि अग्निवीर थल सेना भर्ती रैली पुलिस लाइन जांजगीर चांपा में आयोजित की जाएगी।

# ड्यूरोप्लाई ने ड्यूरो एडवांटेज-09 लेयर्स ऑफ प्रोटेक्शन की अपार सफलता का जश्न अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के साथ मनाया



पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की प्रमुख और सबसे अनुभवी प्लाईवुड कंपनियों में शुमार, ड्यूरोप्लाई ने अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के साथ ड्यूरो एडवांटेज-09 लेयर्स ऑफ प्रोटेक्शन की अपार सफलता का जश्न मनाया। उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कंपनी ने उनकी सराहना की। ड्यूरोप्लाई ने एक ऐसे ब्रांड के रूप में पहचान बनाई है, जो लगातार बेहतरीन प्रोडक्ट्स को लॉन्च करने का प्रयास करते हैं। कंपनी अपने डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर के नेटवर्क को काफी अहमियत देती है। इस फेस्टिव सीजन में ड्यूरोप्लाई ने टीमवर्क और मिल-जुलकर साथ काम करने के महत्व को प्रखरता दी है। ड्यूरो एडवांटेज-09 लेयर्स ऑफ प्रोटेक्शन में उपभोक्ता की प्रीमियम क्वॉलिटी के प्लाईवुड ब्रैंड की उम्मीद वाले सभी फीचर्स उपलब्ध हैं। इसे ड्यूरोप्लाई द्वारा बिल्डिंग मटेरियल प्रदर्शनी मैटएशिया 2023 में लॉन्च किया गया था। ड्यूरोप्लाई के समारोह में कंपनी के प्रतिबद्ध साझेदारों और समर्पित कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की गई। इन साझेदारों और कर्मचारियों ने कंपनी के विकास के सफर में अमूल्य योगदान दिया है। ड्यूरोप्लाई के कार्यकारी निदेशक और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, अखिलेश चितलांगिया ने कहा, ऐसे सफल प्रोडक्ट्स लॉन्च न सिर्फ इनकी उत्साहपूर्ण झलक दर्शाने, बल्कि पुरानी वस्तुओं और व्यवस्था को नए सिस्टम से बदलने और अपने सहयोगियों के प्रति आभार जताने का अवसर होता है। ड्यूरोप्लाई में हम एकता की ताकत में पूरा विश्वास रखते हैं और अपने साझेदारों और कर्मचारियों के अमूल्य योगदान का सम्मान करते हैं।

# विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग ने 15वें अधिग्रहण की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग ने वीवीएफ(इंडिया) लिमिटेड से ज़ो, डॉय, और बैक्टर शील्ड ब्रांड्स का अधिग्रहण कर अपने 15 वें अधिग्रहण की घोषणा की है। यह पिछले बारह महीनों में कंपनी द्वारा तीसरा अधिग्रहण है। इस अधिग्रहण से विप्रो को पर्सनल वॉश सेगमेंट में रणनीतिक विस्तार करने में मदद मिलेगी। ज़ो टॉयलेट सोप उत्तर, पूर्व और पश्चिमी भारत में एक लोकप्रिय ब्रांड है। डॉय अपनी विशेष पोज़िशनिंग के साथ प्रीमियम सेगमेंट के लिए है, और बैक्टर शील्ड सोप एवं हैंडवॉश की एंटीबैक्टीरियल रेंज प्रदान करता है। इन ब्रांड्स ने वित्तवर्ष 2023 में 2100 मिलियन रुपये से ज्यादा राजस्व अर्जित किया था। इस अधिग्रहण से उत्साहित, विनीत अग्रवाल, सीईओ, विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग, और मैनेजिंग डायरेक्टर, विप्रो एंटरप्राईज़ेस ने बताया, ''हमें ज़ो, डॉय, और बैक्टरशील्ड जैसे लोकप्रिय पर्सनल वॉश ब्रांड्स को विप्रो के पोर्टफ ोलियो में शामिल करने की बहुत खुशी है। ब्रांड्स के अपने विस्तृत संग्रह और विप्रो के शक्तिशाली वितरण नेटवर्क के साथ हम बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत कर वृद्धि करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। ये ब्रांड हमारे मौजूदा पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहे हैं, जिससे हमें मुख्य बाजारों में और ज्यादा मजबूत स्थिति प्राप्त करने में मदद मिलेगी। रुस्तम गोदरेज जोशी, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वीवीएफ (इंडिया) लिमिटेड ने कहा, ''हमें विप्रो कंज़्यूमर केयर एंड लाईटिंग के साथ जुड़ने की खुशी है।

# यूज़र्स को गलत सूचना से निपटने के तरीकों के बारे में बताते हुए, व्हाट्सएप ने शुरू किया 'मानने से पहले जांच ले ' कैंपेन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

व्हाट्सएप ने हाल ही में इंटीग्रेटेड सेफ्टी कैंपेन मानने से पहले जांच ले लॉन्च किया है, जिसका प्रयास इस प्लेटफॉर्म की सुरक्षा सुविधाओं के बारे में यूज़र्स को जागरूक करना और डिजिटल की सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। यह कैंपेन सिर्फ व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म पर गलत सूचना के प्रसार को रोकने में मदद ही नहीं करता है, बल्कि यह यूज़र्स को अपने मैसेजिंग अनुभव पर नियंत्रण बनाए रखने में सक्षम भी बनाता है। महीने भर चलने वाला यह कैंपेन व्हाट्सएप की इन-बिल्ट प्रोडक्ट सुविधाओं और सेफ्टी टूल्स को उजागर करता है, जिसमें ब्लॉक, रिपोर्ट और फॉरवर्ड लेबल्स शामिल हैं। ये न सिर्फ यूज़र्स को गलत सूचना की पहचान करने और इसके आगे प्रसार को रोकने में सक्षम बनाते हैं, बल्कि यूज़र्स को व्हाट्सएप चैनल्स पर फैक्ट-चेकिंग ऑर्गेनाइजेशंस के माध्यम से संदिग्ध (सस्पीशियस) या गलत लगने वाली जानकारी को वैरिफाई करने के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। हालाँकि, कोई भी एकल एक्शन गलत सूचना और फर्जी खबरों को ऑनलाइन फैलने से रोकने में मदद नहीं कर सकता, इसके बावजूद व्हाट्सएप का 'मानने से पहले जांच ले ' कैंपेन एक सरल सेफ्टी गाइड के रूप में कार्य करता है, ताकि गलत सूचना से समझदारी से निपटा जा सके। समझें कि कोई मैसेज कब फॉरवर्ड किया गया है। व्हाट्सएप ने फॉरवर्ड किए हुए सभी मैसेजेस के लिए एक लेबल बनाया है। इसमें मैसेजेस को फॉरवर्ड करने की संख्या को सीमित कर दिया गया है, ताकि यूज़र्स को इन्हें शेयर करने से पहले पुनर्विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। 'फॉरवर्ड लेबल्स' वाले मैसेजेस पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने से अफवाहों, वायरल मैसेजेस और फर्जी खबरों के प्रसार को कम करने में मदद मिलती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी मैसेज में डबल एरो का आइकॉन दिखाई दे रहा है और इस पर 'फॉरवर्डेड मेनी टाइम्स' का लेबल है, तो इसे एक समय में सिर्फएक चैट में ही फॉरवर्ड किया जा सकता है। वहीं, यदि किसी मैसेज में 'फॉरवर्डेड लेबल' दिखाई दे रहा है, तो फिर इसे सिर्फपाँच चैट्स तक और एक बार में एक ही ग्रुप में फॉरवर्ड किया जा सकता है। सस्पीशियस (संदिग्ध) एकाउंट्स को ब्लॉक और रिपोर्ट करें। व्हाट्सएप यूज़र्स को एकाउंट्स को ब्लॉक करने और गलत सूचना फैलाने वाले मैसेजेस के साथ ही समस्या युक्त तमाम मैसेजेस का सामना करने की स्थिति में, व्हाट्सएप को रिपोर्ट करने का एक आसान तरीका प्रदान करता है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय और गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के बीच समझौता ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय ने छात्रों के विकास के लिए तथा व्यावहारिक रूप से काम करने के लिए 07 दिसंबर 2023 को गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा B+ मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है। GEMPL, सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उत्पाद और सर्वोत्तम श्रेणी की सेवा और अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने के दृष्टिकोण और मिशन के साथ एक युवा और अभिनव कंपनी है। गोदावरी मोटर्स से आने वाले सभी वाहन गैर-प्रदूषणकारी वाहन हैं, जो बदले में एक बेहतर समाज में मदद करते हैं। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स द्वारा निर्मित सभी उत्पाद उपभोक्ता की आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, सुरक्षा, आराम और प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजाइन किए गए हैं। उत्पाद का जीवनकाल ई-साइकिल से ई-ऑटो तक फैला हुआ है, जो भारत में संपूर्ण सबसे बड़ी ईवी रेंज को कवर करता है। इन सभी वाहनों में लिथियम-आयन बैटरी लगी हुई है जो सर्वोत्तम माइलेज, सुरक्षा और वारंटी की गारंटी देती है। समझौता ज्ञापन हैदर अली खान, निदेशक और सीईओ-जीईएमपीएल और डॉ. संदीप गांधी, कुलसचिव, कलिंगा विश्वविद्यालय, विनोद पिल्लई, निदेशक गोदावरी समूह, डॉ. आर श्रीधर, कुलपति और कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस सहयोग की मूल अवधारणा और उद्देश्य कलिंगा विश्वविद्यालय के परिसर में इलेक्ट्रिक वाहन के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करके कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा नामांकित प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करके और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करके कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों को सुविधा प्रदान करना है। यह एसोसिएशन भारत को इलेक्ट्रिक में बदलाव और स्वच्छ और हरित पर्यावरण के लक्ष्य की दिशा में मदद करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

# Licious आपके लिए लाया है साल का सबसे स्वादिष्ट महीना - Licious Decemmmber

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

यह महीना सिर्फDecember नहीं, बल्कि Licious December जो आपके लिए लाया है यम्मी इग्ज़ोटिक मीट, फ़ेस्टिव स्पेशल्स और रेड हॉट डील्स पूरे साल भर में यह वह समय है जब उत्सव की बहार होती है और छुट्टियों की खुशियों भरा माहौल होता है। वास्तव में, December कोई साधारण महीना नहीं है, यह एक अहसास है, जिसे जी भर कर जिया जाता है। लेकिन इस साल कुछ अलग है, क्योंकि इस साल December नहीं है , बल्कि Licious Decemmmber है, जो आपके लिए लाया है, हर दिन खुशी और मीट के साथ जश्न का माहौल। तो इंतज़ार किस बात का हो जाएं तैयार हर दिन जश्न मनाने के लिए। इस Decemmmber की शुरुआत हो रही हैं सीज़न स्पेशल्स और बेहतरीन ट्रीट्स की लज़ीज़ और विशाल श्रृंखला के साथ । इस अनुभव को और ज़्यादा बेहतर और 'मीटी' बना देंगी रेड हॉट डील्स। पूरे महीने चलने वाले Licious Decemmmber में हर कोई लिशियस ऐप या वेबसाइट पर जाकर ऑर्डर कर सकता है, अपनी पसंद का यम्मी मीट्स और सीफूड! पूरे December माह को Licious mæÚUæ Licious Decemmmber के रूप में मनाए जाने के बारे में श्री संतोष हेगड़े, वाईस-प्रेसिडेंट, ब्रांड - Licious ने कहा, अगर कोई सोचता है कि साल के अंत का जश्न December के आखिरी सप्ताह से ही शुरू होता है, तो उसने अभी Licious Decemmmber का स्वाद नहीं चखा है, क्योंकि अब यह केवल ÒDecemberÓ नहीं, बल्कि ÒLicious DecemmmberÓ है। जब आप पूरे माह Licious के कई सारे लज़ीज़ व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं। रॉ एंड फ्रेश और रेडी-टू-कुक श्रेणियों में स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद पाकर आप इस Decemmmber का जश्न Licious के साथ मनाते हुए ज़रूर Decemmmber कहेंगे। तो इंतजार क्यों करना, अपने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाइये और बना दीजिए इस महीने को साल का सबसे स्वादिष्ट महीना। 'सीज़ंस स्पेशल' तो वाकई स्पेशल है, जिसमें रोस्ट और ग्रिल के अलावा फ़ेस्टिव और इग्ज़ोटिक रेंज के प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं। इतना ही नहीं Whole Roast Chicken, Atlantic Salmon, Mud Crab, Tiger Prawns और अन्य इग्ज़ोटिक मीट्स के साथ, परिवार और प्रियजनों के साथ खाना खाने का अनुभव और भी ज़्यादा बेहतरीन हो जाएगा। 'ट्रीट्स' में आप सिर्फ 199 में Seer Steaks, Oriental Basil Chicken, Anchovy, various types of Wings और इनके जैसे कई तरह के रेडी-टू-कुक उत्पादों और व्यंजनों के सैंपलर पैक का भरपूर मज़ा ले सकते हैं।


### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेश कुमार सिंघानिया आ. श्री दामोदर लाल सिंघानिया, निवासी-बेमेतरा, जिला बेमेतरा (छ.ग.) शपथ करता हु कि अपना पुराना नाम की स्थान पर नया नाम राजेश सिंघानिया रख लिया हु। सभी शासकीय, अर्ध शासकीय दस्तावेजों, जन साधारण में मुझे राजेश सिंघानिया आ. श्री दामोदर लाल सिंघानिया नाम से से जाना जाएं।

**राजेश सिंघानिया**
आ. दामोदर लाल सिंघानिया
बेमेतरा जिला
बेमेतरा-491335 (छ. ग.)

# धान बचाने की चुनौती : खेत में बर्बाद होती फसल को देखने के लिए किसान मजबूर, खुले में संग्रहित उपज को बचा पाना हुआ मुश्किल

## प्रशासन का दावा : मिलर्स द्वारा धान का तेजी से किया जा रहा उठाव

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बीते दिनों से हो रही बारिश से 3 जिलों में संग्रहित धान की स्थिति खराब है। खड़ी फसल को भी इससे बड़ा नुकसान हुआ है। किसान ना ही धान काट पा रहे हैऔर न ही बेच पा रहे हैं। किसानों के साथ ही समितियों प्रबंधकों के लिए भी मुश्किलें खड़ी हो गई है। कई समितियों में बफर लिमिट से ज्यादा धान संग्रहित होने की स्थिति में स्टेक भीग रहा है। उपज को बचाने के लिए संसाधन कम पड़ रहे हैं तो कहीं परिस्थितियां ही विपरित है। अब भी कई केंद्रों में खरीदी बंद होने के समाचार हैं।

उपार्जन केंद्रों में चबूतरे पर्याप्त नहीं है। इस स्थिति में धान का संग्रहण जमीन पर ही किया गया है। बारिश के दौरान धान को कैप कवर से भीगने से तो बचा लिया जाता है लेकिन नीचे बहकर आने वाला पानीऔर नमी से इस बचा पाना मुश्किल साबित हो रहा है। इससे खरीदी गई उपज को बड़ा नुकसान तय है। समिति प्रबंधकों को डर है कि, इस नुकसान की वसूली उनसे ही की जाएगी। इसलिए वे खरीदी केंद्रों में संग्रहित धान के तेज परिवहन की मांग कर रहे हैं। कई जगहों पर तो प्रबंधक खरीदी रोकना चाहते हैं लेकिन प्रशासन ने खरीदी जारी रखने का फरमान सुनाया है।

गुरुवार को कलेक्टर डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2023-24 अंतर्गत किए जा रहे धान खरीदी कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को धान बिक्री करने में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बेमौसम बारिश को देखते हुए धान के परिवहन पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करें। धान को बारिश से सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान को सुरक्षित रखने के लिए कैप कव्हर की व्यवस्था रखें। मिलर्स द्वारा धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। उन्होंने एफसीआई गोदाम में धान रखने के संबंध में निर्देश दिए। मिलर्स द्वारा लगातार धान का उठाव होते रहना चाहिए। शनिवार एवं रविवार को भी धान का उठाव होते रहे।

खाद्य अधिकारी भूपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि जिले में पंजीकृत किसानों की कुल संख्या 1 लाख 28 हजार 34 है, जिनमें से अब तक 37 हजार 566 किसानों ने 166486.08 मीट्रिक टन धान बेचा है। धान उपार्जन केन्द्रों से 64 धान उठाव करने वाले मिलर्स को 55116.72 मीट्रिक टन धान मिलर को प्रदाय किया गया है। 125101.32 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला विपणन अधिकारी प्रियंका देवांगन, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ सुधीर सोनी, डीएम नान पीसी गोपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पौने दो लाख किसानों को नहीं मिल पाया था बोनस, अब मिलेगा

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा ने किसानों को बकाया दो साल के धान का बोनस एकसाथ देने की घोषणा की थी। अब जब भाजपा ने बहुमत से सरकार बना ली है तो तय माना जा रहा है कि, जल्द ही किसानों को यह बकाया रकम मिलेगी। भाजपा ने घोषणा कर रखी है कि, 25 दिसंबर को यह रकम किसानों को दी जाएगी। इस योजना में जिले के दो लाख से अधिक किसान बोनस से लाभान्वित होंगे। भाजपा के शासनकाल के दौरान वर्ष 2016-17 में नांदगांव जिले के कुल एक लाख 15 हजार 374 किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई थी। सोसायटियों के माध्यम से 51 लाख 78 हजार 54.80 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इसी प्रकार से वर्ष 2017-18 में 82 हजार 316 पंजीकृत किसानों से 27 लाख 71 हजार 26.60 क्विंटल धान खरीदा गया था। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को दो साल के बोनस की राशि आज पर्यंत तक नहीं मिल पाई है।

**बढ़ा हुआ समर्थन मूल्य भी मिलेगा :** हाल के विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में दो साल के बोनस की राशि एकमुश्त देने की घोषणा पहले ही कर रखी है। भाजपा सरकार द्वारा पुराने दो साल के बोनस की राशि देने के साथ-साथ समर्थन मूल्य बढ़ाने की भी घोषणा की गई है। वर्ष 2023- 24 में समर्थन मूल्य पर धान बेच रहे किसानों को समर्थन मूल्य की बढ़ी हुई राशि मिलने की संभावना भी है। घोषणा पत्र में भाजपा द्वारा 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य की राशि देने की घोषणा की गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ सुधीर सोनी का कहना है कि वर्ष 2016-17 तथा 17-18 में नांदगांव जिले में कुल 78 लाख 49 हजार 81:60 क्विंटल की धान खरीदी की गई थी। कुल एक लाख 97 हजार किसानों ने धान बेचा था।

## क्विक न्यूज

### रोजगार कार्यालय में 8 दिसम्बर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र तहसील परिसर राजनांदगांव में 8 दिसम्बर 2023 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा 5वीं एवं 8वीं उत्तीर्ण पुरूषों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 100 पद, 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण एवं अनुत्तीर्ण पुरूषों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पद, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50 पद, लेबर के 300 पद, मिस्त्री एवं कुल के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी को निर्धारित तिथि एवं स्थान पर अपने सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पास बुक, 4 पासपोर्ट साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य है।

### अतिथि शिक्षकों को नई सरकार से नियमित करने की आस

**राजनांदगांव।** विद्या मितान अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष धर्मेंद्र दास वैष्णव ने कहा कि नई सरकार से आस बंधी हुई है। उनकी नियमितीकरण की मांग पूरी होगी। इस मांग पर लगातार संघर्ष किया था। उन्होंने कहा विद्या मितान अतिथि शिक्षक हाई और हायर सेकंडरी स्कूल में अध्यापन करा रहें है। नियमित करने की मांग विधानसभा में लगातार उठती रही लेकिन मांग पूरी नहीं हो सकी। विद्या मितान शिक्षकों ने लगातार हड़ताल की, निवेदन किया कभी मुंडन कराया कभी भीख मांग कर प्रदर्शन किया। विवश होकर अर्ध नग्न प्रदर्शन भी किया था। शिक्षिकाओं ने खून की चिट्ठी भेजी, राखी भेजी सुहागन होकर बाल दान किया था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने अनदेखा किया। विद्या शिक्षकों को मात्र 20 हजार वेतन दिया जा रहा है। वहीं आत्मानंद के संविदा शिक्षकों को 38 हजार वेतन देकर सौतेला व्यवहार किया। वर्तमान सरकार से संगठन की आस बंधी है। सरकार हमारी मांगों और अपनी घोषणा पर खरा उतरेगी।

### उपसंभाग डाक विभाग को पूर्ण संभाग बनाने सांसद ने सदन में मुद्दा उठाया

**राजनांदगांव।** सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान डाक विभाग के उप संभाग से पूर्ण संभाग का दर्जा देने का का विषय लोकसभा में उठाया। सांसद ने कहा डाक विभाग का संभागीय कार्यालय भिलाई में होने से विभागीय कामों के लिए भिलाई जाना पड़ता है। राजनांदगांव में पूरी व्यवस्था होने के बाद भी कामों में विलंब होता है। संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चार जिलों व अन्य जिले के विकासखंड अंतर्गत स्थित डाक उप संभागों कोराजनांदगांव डाक विभाग को पूर्ण संभाग का दर्जा देने की मांग।राजनांदगांव में शामिल कर डाक विभाग का पूर्ण संभाग बनाने की मांग उन्होंने की है। इसके लिए केंद्रीय संचार मंत्री ने उक्त मांग पर आश्वासन प्रदान किया है।

### पुलिस बनकर ईरानी गिरोह ने दिया झांसा

**राजनांदगांव।** शहर के गंज चौक में एक बैंक में कार्यरत कर्मचारी ठगी का शिकार हो गया। सुबह अपने कार्य के लिए निकले कर्मी को इस बात की उम्मीद नहीं थी कि वह नकली पुलिसकर्मियों के हाथों ठगी का सामना करेगा। मिली जानकारी के मुताबिक गंज चौक में आज सुबह 8 बजे एक बैंक कर्मचारी रोज की तरह अपने कार्य के लिए जा रहा था। इस बीच एक मोटर साइकिल में सवार दो व्यक्तियों ने रास्ता रोककर बैंककर्मी से आगे चेकिंग होने की जानकारी देते तत्काल गले में पहने सोने के चेन को निकालकर पर्स में रखने को कहा। खुद को पुलिसकर्मी बताते हुए ईरानी गिरोह के सदस्यों ने चालाकी से पर्स से सोने की चेन पार कर दी। बताया जा रहा है कि हेलमेट पहने गिरोह के सदस्यों ने आसानी से बैंककर्मी को झांसा दिया। जिसके कारण वह ठगी का शिकार हुआ। इस संबंध में सीएसपी अमित पटेल ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इधर ईरानी गिरोह पर पुलिस ने वारदात के पीछे होने की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने चौक में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। ईरानी गिरोह ने लंबे समय बाद ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

### 10 तक विशेष पंजीयन अभियान : पहले दिन 4 हजार 944 का पंजीयन, 5 और 6 हजार रुपए मिलेंगे

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के निर्धारित पात्रता मापदंड में आने वाले सभी पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण के लिए 7 से 10 दिसम्बर 2023 तक जिले में विशेष पंजीयन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। विशेष पंजीयन अभियान के पहले दिन आज जिले के 4 हजार 944 हितग्राहियों का चिन्हांकन कर पंजीयन कराया गया। शासन द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में निर्धारित मापदंडों में पात्र परिवारों के प्रथम बच्चे के जन्म पर 2 किस्तों में 5 हजार रूपए राशि तथा द्वितीय बालिका संतान होने पर एकमुश्त 6 हजार रूपए राशि दिये जाने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए विशेष अभियान के दौरान 7 से 10 दिसंबर 2023 तक हितग्राहियों का पंजीयन, प्रकरणों का सत्यापन, प्रकरण का इम्यूनाईजेशन, अप्रुवल, प्रकरणों का पेमेंट अप्रुवल, प्रकरणों का पेमेंट जनरेशन, शून्य पंजीयन वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर पंजीयन करना, हितग्राहियों के आधार से बैंक खाता लिंक करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जायेगा।

## कांग्रेस शासन काल में उजड़े हुए चमन को फिर सवारेंगे डॉ. रमन सिंह



**राजनांदगांव।** रानी सूर्यमुखी देवी वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद शरद सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल के भाजपा शासन काल में मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव को चमन बना दिया था। जिसे कांग्रेस के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने 5 साल के शासनकाल में उजाड़ दिया था। कांग्रेस शासन काल के उजड़े चमन को डॉ. रमन सिंह फिर से संवारेंगे। सिन्हा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में निश्चित रूप से मोदी का जादू चला है। आने वाले समय में तेलंगाना और मिजोरम में भी कमल खिलकर रहेगा। उन राज्यों में लोकसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए पार्टी कार्यकताओं का प्रयास निरंतर जारी है। अब छत्तीसगढ़ में विकास के नए सोपान तय होंगे। छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की करीब 45000 मतों से ऐतिहासिक जीत यह दर्शाती है कि उनके लोकप्रियता कितनी बढ़ी है। यह जनता जनार्दन की जीत है। प्रधानमंत्री मोदी नीत केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र आम जनता से जो वादे किए हैं उन्हें पूरा करेंगे।

# वनविभाग द्वारा निर्मित स्टॉपडेम 6 माह में ही ध्वस्त

पायनियर संवाददाता ➤ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



जिले में वनविभाग ने भ्रष्टाचार के अनेक पैमाने तय किये हैं। हालिया दिनों तेंदूपत्ता गोदाम में भ्रष्ट्राचार के मामले में रेंजर सहित डिप्टी रेंजर्स के निलंबन के बाद विभाग का एक और करतूत सामने आया है। ताजा मामला सड़क चिरचारी परिक्षेत्र अंतर्गत मासूलजोब में निर्मित स्टॉपडेम का है। 22 लाख की लागत से निर्मित स्टॉपडेम सिर्फ 6 माह में धराशायी हो गया है। दरअसल राजनांदगाँव वनमण्डल अंतर्गत सड़क चिरचारी वन परिक्षेत्र में छुरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मासूलजोब में विभागीय तौर पर स्टॉपडेम निर्माण किया गया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों की माने तो उक्त स्टॉपडेम का निर्माण 22 लाख की लागत से विभाग द्वारा किया गया था। उक्त स्टॉपडेम निर्माण के उपरांत 6 माह में ही विभागीय भ्रस्टाचार की भेंट चढ़ गया है। विभागीय मॉनिटरिंग में निर्मित उक्त स्टॉपडेम के पहली बारिश में ही ढह जाने से विभागीय मिलीभगत का सहज ही अंदाजा लगाया जा रहा है।

### मामला उजागर होने से लीपापोती

सड़क चिरचारी रेंज में मामला सामने आते ही विभागीय अफसर लीपापोती में जुट गए हैं।रेंजर अनिल बोमबाड़े ने पहले तो इस मामले को सामान्य घटना निरूपित करते हुए ध्वस्त होने की घटना को नकारने लगे। उपरांत मरम्मत कर लेने की बात कहते हुए मामला डिप्टी रेंजर प्रेम साहू की ओर मोड़ने लगे हैं। दरअसल डिप्टी रेंजर साहू ने इस मुद्दे को रेंजर की ओर मोड़ दिया था।

### विवादों में जिले का वनविभाग

वनविभाग के अफसर समूचे पंचवर्षीय कार्यकाल दरम्यान जमकर भ्रस्टाचार में डूबे रहे। चाहे खुज्जी रेंज में सागौन का मामला हो, या फिर तेंदूपत्ता गोदाम राजनांदगाँव का मामला हो। वनविभाग के अफसर सवालों के घेरे में थे। हालांकि तेंदूपत्ता गोदाम मामले में कुछ अफसरों पर कार्रवाई हुई। बहरहाल सड़क चिरचारी का मामला उजागर होने से विभाग में हड़कंप मच गया है।

# मोदी की गारंटी पर जनता का विश्वास : नीलू

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही संवारेगी का नारा लेकर विधानसभा चुनाव में उतरी भाजपा के प्रचंड बहुमत से विजयी होने पर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता नीलू शर्मा ने प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की देन है, जिसे गत पांच वर्षों से कांग्रेस रूपी ग्रहण लगा हुआ था, किन्तु मोदी द्वारा दी गई गारंटी पर जनता ने विश्वास कर फिर से कमल खिलाया है। जिसके लिए सभी का कोटि कोटि आभार है।

भाजपा प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से पिछले पांच वर्षो से विकास कार्यो पर ग्रहण लगा हुआ था, जनता से झूठे वादे किए गए थे। प्रशासनिक आतंकवाद के रूप ब्युरोकेट्स जेल की सलाखों के पीछे थे, उससे जनता का विश्वास पूरी तरह से कांग्रेस से उठ चुका था। सरकार की सारी योजनाएं धरातल में विफल होती नजर आ रही थी। नरवा-घुरुवा-बाड़ी के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाली सरकार की विदाई तय थी। प्रदेश भाजपा की चुनावी रणनीति पर शर्मा ने बताया कि भाजपा शुरू से ही जीत पर आश्वस्त थी। पूरे पांच वर्षों तक केंद्र सरकार की योजनाएं को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर भाजपा की सरकार आनी तय थी।

साथ ही नेतृत्व में विश्वास, विभिन्न सामाजिक समूहों का प्रतिनिधित्व, उम्मीदवारों का चतुराई भरा चयन, कारगर प्रचार, वैचारिक स्पष्टता और इन सबसे बढ़कर संगठनात्मक सामंजस्य से ही भाजपा ने पुनःसरकार बनाने में सफलता हासिल की है, जिसे नई दिशा प्रदान कर सुशासन की सरकार देने हेतु हम दृढ़ संकल्पित हैं।

# बीएसपी ने मोहला में प्रशिक्षण संस्था निर्माण के लिए दिए 2 करोड़ 63 लाख

पायनियर संवाददाता ➤ मोहला
www.dailypioneer.com



भिलाई स्टील प्लांट द्वारा जिला मुख्यालय मोहला में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था निर्माण के लिए सीएसआर मद से 2 करोड़ 63 लाख रुपए की राशि का चेक कलेक्टर एस जयवर्धन को भेंट किया गया है। उक्त राशि से जिला मुख्यालय मोहला में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का निर्माण किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि, नवीन जिला बनने से जिले के युवाओं को विभिन्न प्रकार के ट्रेडो में प्रवेश लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण होने से जिले के युवाओं को अपने कौशल को तराशने और रोजगार प्राप्त कर भविष्य सुदृण करने का मौका मिलेगा। जिले के लिए यह एक और उपलब्धि भरा सार्थक पहल होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि इसके पहले यहां के युवाओं को औद्योगिक प्रशिक्षण जैसे संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए अन्य जिलों पर निर्भर रहना पड़ता था। इससे युवाओं को समय, श्रम और पैसे खर्च करना पड़ता था।

## दिन-रात का तापमान बराबर, बादल नहीं छट रहे

# ठंड बढ़ती जा रही : मिचौंग का असर खत्म नहीं हो रहा, बारिश जारी

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





मिचौंग तुफान के असर से बीते तीन दिनों से बादल छाए हुए हैं। धूप न होने से और रुक-रुककर हो रही बारिश ने सर्दी बढ़ा दी है। ठंडी हवाओं का प्रभाव है। दिन और रात का तापमान एक बराबर है। गुरुवार को भी दिन में तापमान 21 डिग्री रहा। जबकि रात का तापमान 19 डिग्री है। मौसम विभाग की मानें तो अभी एक-दो दिनों तक और ऐसी ही स्थिति बनीं रहेगी।

बीते दिनों से बदले मौसम ने जनजीवन को व्यापक रुप से प्रभावित किया है। लोगदफ्तरों और घरों तक ही सिमटे हुए हैं। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्थाएं की गई है। घरों में भी रुम हीटर और आग का सहारा लिया जा रहा है। बुजुर्गों के लिए यह मौसम ज्यादा प्रतिकुल है। चिकित्सकों ने भी ऐसे समय में विशेष एहतियात बरतने की चेतावनी दी है।

इधर, दिसंबर की शुरुआत में ही इस कड़ाके की ठंड से गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। शहर में फ्लाई ओवर के नीचे तिब्बती शरणार्थियों की गर्म कपड़ों की दुकानों में लोग पहुंच रहे हैं। इसके अलावा भी नगर में कुछ दुकानें हैं जहां सर्दी के कपड़ों की मौसमी बिक्री की जाती है। ऐसी जगहों पर भी खरीददार पहुंच रहे हैं। पहले ही तरह अब स्वेटर की मांग नहीं होती। दुकानदार बताते हैं कि, युवाओं में हुडी और जैकेट की मांग ज्यादा है। महिलाएं भी अब अपर और दूसरे तरह के गर्म कपड़े पसंद करती हैं। लेदर जैकेट काफी महंगे होते हैं, ऐसे में डेनिमऔर कई दूसरे तरह फेब्रिक्स के जैकेट किफायती रेंज में मौजूद हैं। दस्तानों और मोजों की मांग भी बढ़ी है।

### जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग एवं क्रेडा की संयुक्त समीक्षा बैठक

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्षा में जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग एवं क्रेड़ा विभाग की संयुक्त बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को भविष्य को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थित ढंग से प्लानिंग कर पोल लगाने, बिजली कनेक्शन देने कहा। उन्होंने कृषकों को मिलने वाले पंप की जानकारी एवं आवेदन स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने बीपीएल, घरेलू और गैर घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या की जानकारी लेते हुए, गैर घरेलू उपभोक्ता अगर घरेलू कनेक्शन लिए हैं, तो उन पर जाँच करने के आदेश दिये। वहीं मीटर रीडिंग करने वाले रीडर का आकस्मिक जाँच कर सही प्रक्रिया में रीडिंग ले रहे हैं या नहीं इसकी मानिटरिंग करने निर्देशित किया। सही रीडिंग नहीं करने पर कार्रवाई करने कहा। जल संसाधन विभाग को हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये।


# मिचौंग तूफान ने किसानों की फसल को किया तबाह, लगातार बारिश से बढ़ी चिंता

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुर/कोतबा
www.dailypioneer.com

बंगाल की खाड़ी में उठे मिचौंग तूफान का असर सोमवार से ही दिखाई देने लगा है। जिससे सोमवार रात से ही क्षेत्रों में हल्की बारिश हो रही है, 3 -4 दिनों से हो रही बारिश ने लोगों को घरों में ही दुबकने को मजबूर कर दिया है। जिससे अब किसानों को चिंता सताने लगी है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों बंगाल की खाड़ी में उठे मिचौंग तूफान का असर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसे में अब मौसम में बदलाव होने के कारण किसानों को चिंता सताने लगी है। क्योंकि अभी तक धान फसल की कटाई नहीं हो पाई है, साथ ही कुछ किसान कटाई कर लिए हैं, तो मिसाई नहीं कर पाए हैं। जिससे इस बरसात से फसल को नुकसान होने का भय सताने लगा है। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि कई किसान मौसम को देखते हुए हार्वेस्टर मशीन से करना चाह रहे हैं, लेकिन अब इस हल्की बरसात के चलते खेतों में नमी आ गई है, जिससे हार्वेस्टर मशीन भी नहीं चल पा रही है, ऐसे में अब मौसम साफ होने के बाद ही कटाई व मिसाई का काम शुरू होगा। लगातार बारिश व आसमान में घने बादल के साथ तेज हवा चलने से ठंड भी बढ़ गई है। धान फसल को बचाने की जुगत में लगे हैं।

**खेतों और खलिहानों में फसल बचाने जुगत कर रहे किसान, पानी में डूबी फसल**





### चिंता में किसान

मंगलवार से लगातार घने बादल व बूंदाबांदी के बीच हवा चलने से खेतों में लगे धान के फसल जमीन पर गिरने लगे हैं। ऐसे में जमीन पर गिरे धान फसल की कटाई करना काफी मुश्किल होगा। साथ ही बेमौसम बारिश की बूंदों से धान के दाने भी झड़ने लगा है। जिससे अब किसानों को नुकसान का भय सताने लगा है। जिन किसानों ने कटाई मिंजाई करके खलिहान में रखें हैं उसे बचाने की जुगत में लग गए हैं, लेकिन अगर तेज बारिश होती है तो उसे बचाना काफी मुश्किल होगा। वहीं किसानों का कहना है कि जब तक मौसम साफ नहीं होगा, तब तक धान की बिक्री भी नहीं होगा, ऐसे में अब चारों तरफ से नुकसान ही दिखाई दे रहा है।

### सब्जियां भी प्रभावित

बेमौसम बरसात का असर सब्जी फसल पर भी पड़ रहा है, जिससे किसानों को डबल नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। वहीं किसानों का कहना है कि धान कटाई के साथ सब्जी फसल की खेती भी शुरू हो गई है। ऐसे में अगर मौसम साफ होने के बाद पाला पड़ने की संभावना बढ़ जाएगी, जिससे सब्जी फसल को काफी नुकसान होगा। हालांकि अभी किसान

# जिले में दो महिला विधायक बनने से नारी शक्ति का प्रदेश में लहराया परचम

## प्रियासिंह जूदेव का गढ़ वापसी का वादा पूरा



पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले के तीनों विधानसभा सीट पर भाजपा की विजय पताका लहरा कर गढ़ वापसी में अग्रणी भूमिका निभाने वाली स्व दिलीप सिंह जूदेव की बड़ी बहुरानी प्रियंवदा सिंह जूदेव के परिश्रम से यह सफल हो सका है। कुशल राजनीतिज्ञ परिवार से होने की वजह से राजनीति को वे बेहद करीब से जानतीं हैं। प्रिया सिंह ने तीनों विधानसभा सीटों में प्रचार का कमान हाथ में ले कर,पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। उनके सामने आने से तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदाता भी खुल कर भाजपा के समर्थन में सामने आये। इससे तेजी से भाजपा के पक्ष में महौल बना। नतीजा तीनों विधानसभा सीटों में भाजपा प्रत्याशी जीत सुनिश्चित हो सकी। प्रियंवदा सिंह ने छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव से उस समय गढ़ वापसी का वादा किया था, जब पार्टी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर रही थी। अरूण साव से जनवरी में ही कह दिया था। चुनाव के दौरान आक्रामक चुनाव प्रचार कर गढ़ वापसी का वादा पूरा कर दिखाया।

**महतारी वंदन से बढ़ेगी नारी शक्ति**

प्रियंवदा सिंह जूदेव ने प्रदेश में बीजेपी सरकार को मिली बहुमत को महिला शक्ति की देन बताया। उन्होंने कहा, महतारी वंदन योजना से नारी शक्ति को बल मिलेगा। हर महीने उन्हें मिलने वाले पैसे से वे कई काम कर पाएंगी। उन्होंने यह भी कहा, देश के प्रधान मंत्री नारी शक्ति को बढ़ाने का काम कर रहे हैं इसके लिए लोकसभा में आरक्षण बिल लाया गया और महिलाओं को अधिक से अधिक टिकट देने का काम बीजेपी में किया जा रहा है। इसका उदाहरण जशपुर जिला बनकर सामने आया है। इस वक्त जिले से दो महिला प्रत्याशियों ने जबदस्त जीत के साथ विधायक बनीं हैं। नारी शक्ति को बढ़ाते हुए पूरे प्रदेश में जिले का परमच लहरा रहा है।

# समय-समय पर जागरूकता अभियान एवं लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के कुशल नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम एवं यातायात पुलिस टीम द्वारा जिले के यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा वाहन चालकों को जागरूक करने हेतु समय-समय पर जागरूकता अभियान एवं लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक-05.12.2023 को रात्रि 10:00 बजे से 12:00 तक सिग्नल चौक में नशा कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों, तथा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, दो पहिया वाहन में तीन सवारी चलने वाले, नाबालिक द्वारा वाहन चालने, मोडिफाईड सायलेंसर, गलत नंबर प्लेट, माल वाहक में सवारी ले जाने वाले वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने हेतु सख्त हिदायत देते हुये, नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध धारा 185 की कार्रवाई की गई है। यह कार्यवाही लगातार जिले में जारी रहेगी।





# सक्ति के किशन अंगूरी मधुवन में 9 दिसंबर को होगा भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ

**दिल्ली के प्रसिद्ध गायक उज्जवल ठाकुर एंड ग्रुप देंगे प्रस्तुति**

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ति
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के वार्ड क्रमांक- 16 झुलकदम स्थित किशन अंगूरी मधुबन में आगामी 9 दिसंबर को दोपहर 3:00 बजे से संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ सप्ताह का भव्य आयोजन किया गया है,इस कार्यक्रम में दिल्ली के प्रसिद्ध भजन गायक उज्जवल ठाकुर एंड ग्रुप तथा बबलू भाई म्यूजिकल ग्रुप दिल्ली अपनी प्रस्तुति देंगे,उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन शहर की प्रतिष्ठित फर्म किशन लाल अमरलाल अग्रवाल एवं गिरिराज रेन बसेरा स्टेशन रोड शक्ति के संचालक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार एवं पंकज अग्रवाल द्वारा किया गया है, 9 दिसंबर को आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ सप्ताह के कार्यक्रम को लेकर जहां भव्य रूप से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है, तो वहीं कार्यक्रम के पश्चात भंडारा- प्रसाद का भी आयोजन होगा, कार्यक्रम के आयोजक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार ने समस्त धर्म प्रेमियों को इस संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ सप्ताह कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है








# कलेक्टर गोयल ने दी बधाई, बच्चों के उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं

- **कलेक्टर के समक्ष दो पैरेन्ट्स ने लिया बच्चों को गोद**

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के समक्ष कलेक्टर चेम्बर में दो पैरेन्टस ने मातृ निलियम संस्था के दो बच्चों को गोद लिया। इस मौके पर कलेक्टर गोयल ने दोनों पालकों को बधाई देते हुए कहा कि माता-पिता के लिए अपने बच्चे की जिम्मेदारी बड़ी होती है, इसे आप बखूबी निभाएं और अपने बच्चों का बेहतर लालन-पालन करें। कलेक्टर गोयल ने दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्नायक सेवा समिति के संचालक सिद्धांत शंकर मोहंती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संस्था में अनाथ, एकल पालक, घुमन्तू, गुमशुदा, दिव्यांग, नशाशक्त, अभ्यर्पित बच्चों का यहां देखभाल किया जाता है। उक्त संस्था बच्चों के माता-पिता की खोज के लिए समाचार पत्रों में विज्ञप्ति जारी करने के साथ-साथ सभी आवश्यक प्रयास करती है। माता-पिता की जानकारी नहीं मिलने पर संस्था द्वारा दत्तक ग्रहण के लिए बच्चे को विधिक रूप से स्वतंत्र घोषित कराया जाता है। विधिक रूप से स्वतंत्र होने के पश्चात ही बच्चे को गोद दिया जाता है। बच्चे को गोद लेने वाले व्यक्तियों के लिए यहां आनॅलाइन आवेदन की प्रक्रिया की जाती है। जिसके पश्चात गोद लेने वाले इच्छुक पैरेन्ट्स को यहां के बच्चों को पूरे डाक्यूमेन्ट के साथ गोद दिया जाता है। उक्त संस्था से आज तक कुल 102 बच्चों को पैरेन्ट्स ने गोद लिया है।

# शहरों की भांति गांव-गांव में घर-घर कचरा एकत्रीकरण प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम पंचायतों को खुले में शौचमुक्त के पश्चात् ओ.डी.एफ प्लस की अवधारणा के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक गांव में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के सभी आयामों पर कार्य करते हुए स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायतों में जहाँ एक तरफ गंदे पानी के सुरक्षित निपटान हेतु ग्रे एवं ब्लैक वॉटर मैनेजमेंट का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु जैविक-अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया गया है। ग्राम को स्वच्छ रखने हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान चलाकर गीले एवं सूखे कचरे का पृथक-पृथक निपटान करने की जानकारी दी जा रही है। जिसमें जैविक कचरे को नॉडेप एवं वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से खाद बनाया जा रहा है। साथ ही अजैविक कचरे के सुरक्षित निपटान हेतु महिला समूह के माध्यम से प्रत्येक गांव में घर-घर कचरा एकत्र कर सेग्रीगेशन वर्कशेड में पृथ्थक्कीकरण का कार्य किया जाता है। जिसमें प्लास्टिक, रबर, कांच एवं धातू के अपशिष्ट को पृथक कर पुनः चक्रण हेतु कबाड़ी को बेचकर आय अर्जित की जा रही है। स्वच्छाग्राहियों को मानदेय प्रदान करने हेतु 35 ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छता कर भी लिया जा रहा है। स्वच्छाग्राहियों के माध्यम से गांव में स्वच्छता बनाए रखने हेतु निरंतर जागरूकता कार्य किया जा रहा है। शहरों की भाति गांव-गांव में घर-घर कचरा एकत्रीकरण का कार्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किया जा रहा है।

इसकी शुरूआत वर्ष 2019-20 से ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था स्थापित करने के लिये की गई। वर्तमान में जिले के समस्त 381 ग्रामों में घर-घर कचरा एकत्रीकरण करने हेतु सेग्रीगेशन वर्कशेड निर्माण करने की स्वीकृति दी जा चुकी है। 315 गांव में सेग्रीगेशन एवं शेड का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

# शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बीईओ ने ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सरायपाली प्रकाशचन्द्र मांझी द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ठ विद्यालय सरायपाली में विकास खण्ड के समस्त प्राचार्यो की आवश्यक बैठक दो पालियों में ली गई। प्रथम पाली में शासकीय विद्यालयों एवं द्वितीय पाली में अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यो की बैठक ली गई जिसमें यू- डाइस प्लस अंतर्गत डाटा एंट्री एवं स्कॉलरशिप के संबंध में प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही स्कूलों में साप्ताहिक मूल्यांकन कार्य की जानकारी ली गई और विद्यार्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र बनाने दस्तावेज संकलन एवं प्रमाण पत्र वितरण के संबंध में आवश्यक चर्चा-परिचर्चा किया गया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षा की तैयारी का जायजा लिया गया तथा चयनित स्कूलों में कक्षा तीसरी,छठवीं,नौवीं के विद्यार्थियों के लिए 13 दिसंबर 2023 को आयोजित होने वाली राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वे परीक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए और शत- प्रतिशत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया। स्काउट गाइड, रेडक्रास, क्रीड़ा अंशदान की राशि अनिवार्य रूप से जमा करने निर्देशित किया गया। विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग करते हुए शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु पहल करने एवं विषयवार पीएलसी गठन कर पी एल सी के माध्यम से नवाचार करने एवं शैक्षिक समस्याओं के समाधान, एक दुसरे के अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित करने और शाला विकास में सहयोग देने पर जोर देने कहा गया। विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्माण कार्यो की स्वीकृति हेतु नियमानुसार कार्ययोजना प्रस्ताव बनाकर जमा करने निर्देशित किया गया।बैठक के दौरान बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल, एबीईओ द्वय डी.एन.दीवान एवं जितेन्द्र रावल, विकासखण्ड के प्राचार्यगण, सीएसी सुशील कुमार चौधरी आदि की उपस्थिति रही।



# जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर की जा रही है धान खरीदी

- **अब तक कुल 85026.40 क्विंटल किया गया है धान उपार्जित, केन्द्र में धान को बारिश से बचाने के लिए कैंप कवर लगाई गई है**

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जा रहा है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार की स्थिति में जशपुर जिले में कुल 85026.40 क्विंटल धान उपार्जित किया गया है। बारिश को देखते हुए कैप कवर लगाई गई है, खाद्य अधिकारी ने बारिश को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु अलर्ट रहने कहा है। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य 01 नवम्बर 2023 से प्रारंभ हो गया है। किसानो की सुविधा हेतु छत्तीसगढ़ शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा जशपुर जिले में 24 समिति के 46 धान उपार्जन केन्द्र संचालित है। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 05 नवीन धान उर्पाजन केन्द्र प्रारंभ किया गया है। इनमें धान उर्पाजन केन्द्र कस्तुरा, फरसाकानी,चेटबा, समडमा और गाला शामिल हैं।







**रक्तदान करना परोपकार है इससे शरीर में कमजोरी नहीं आतीः ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी**

# ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की प्रथम पुण्यतिथि पर ब्लड डोनेशन कैम्प

- **रक्तदान करना जीवनदान करना हैः ब्रह्माकुमारी सविता दीदी**

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पूर्व क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित इस शिविर में कुल 62 युनिट रक्त एकत्र कर एक एन.जी.ओ. को प्रदान किया गया जिसके द्वारा इस रक्त का निःशुल्क उपयोग थैलीसिमिया पीड़ित बच्चों के इलाज में किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि रक्त दान करना पुण्य का काम है। हरेक व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। आपके द्वारा प्रदत्त खून अनेक बच्चों को जीवन देने में मदद करेगा। उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों को बधायी देते हुए कहा कि आपने परोपकार का कार्य किया है जिससे आपको बहुतों की दुआएं मिलेगी। रायपुर सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी को रक्तदान के लिए उत्साहित करते हुए कहा कि इसलिए रक्तदान करने से शरीर में खून की कमी नहीं होती। इससे किसी प्रकार की शरीरिक कमजोरी भी नहीं आती है क्योंकि जितना रक्त हम दान करते हैं उतना खून फिर से हमारा शरीर नया बना लेता है। हमारा रक्तदान किसी जरूरतमन्द व्यक्ति को जीवन दान देने में मदद कर सकता है।





# सीताराम अग्रवाल ने दी डॉ रमन सिंह बृजमोहन अग्रवाल एवं अमर अग्रवाल को बधाई

पायनियर संवाददाता ◂ सक्ति
www.dailypioneer.com

अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से छत्तीसगढ़ प्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी, रायपुर की प्रतिष्ठित सीताराम शकुतला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष, मंगल भवन मेकाहारा एवम सत्य साई हॉस्पिटल नया रायपुर के सामने के संस्थापक, महालक्ष्मी ग्रुप के चैयरमेन सीताराम अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र समाजसेवी श्याम अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह,रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से लगातार विधायक के रूप में जीत दर्ज करने वाले दिग्गज नेता बृजमोहन अग्रवाल एवं बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज करने वाले पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के रायपुर स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दी,तो वही सीताराम अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में रिकॉर्ड सीटों से भाजपा की सरकार आने पर भी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद जहां विकास की गति तेज होगी, तो वही आज यह हिंदुत्व की बड़ी जीत है, एवं सनातन धर्म की सदैव रक्षा करने वाले लोगों को कहीं ना कहीं जनता का सहयोग मिला है, एवं आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश में सर्व वर्ग के लिए कार्य होगा।



# तीसरे दिन भी चला निगम का बुलडोजर टिकरापारा में बड़ी कार्रवाई

## चखना दुकानों को भी किया गया जमींदोज

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com






प्रशासन का बुलडोजर अभियान राजधानी में लगातार जारी है। रायपुर नगर निगम, पुलिस प्रशासन की मदद लेकर ठेला-गुमटियों पर कार्यवाही कर रहा है। शहर में अवैध रूप से बनाए गए दुकानों पर प्रशासन का बुलडोजर बेहद तीव्रता से चल रहा है। प्रशासन के यह सख्त रवैया अवैध कब्जाधारियों के लिए खतरे की घंटी है।

भाजपा की विजय के बाद तेजी से कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत शहर के बीच स्थित शराब दुकानों के पास बने चखना दुकानों पर भी बुलडोजर चलाकर जमींदोज किया जा रहा है। ट्रैफिक बाधित करने वाले अवैध कब्जों को नगर निगम की टीम के द्वारा चेतावनी के साथ हटाया जा रहा है। तीसरे दिन इस कार्यवाही के तहत संजय नगर रोड में निगम का बुलडोजर चला। वहीं जोन-6 में टिकरापारा रोड, हरदेव लाला मंदिर के पास, जोन-7 के अंतर्गत समता कॉलोनी मुख्य मार्ग, कोटा रोड में निगम के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जे को हटाया गया है। साथ ही शहर के भारत माता चौक से भी सभी अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की गई।

# सशस्त्र सेना झंडा दिवस वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व : हरिचंदन

**सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल हुए राज्यपाल**



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित समारोह में कहा कि हमारे वीर सशस्त्र बलों ने निस्वार्थ और उल्लेखनीय बहादुरी के साथ हमारे महान राष्ट्र की सेवा की है। झण्डा दिवस उनके और उनके परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने वीर नारियों एवं माताओं, वीरता अलंकरण विजेताओं, शहीद सैनिकों के परिजनों और झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया। राज्यपाल हरिचंदन ने अपने उद्बोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिससे हम अपने भूतपूर्व सैनिकों की उचित तरीके से देखभाल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने इस बात पर भी खुशी व्यक्त की कि राज्य सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए ग्रुप सी के पदों में 10 प्रतिशत और ग्रुप डी में 20 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है इससे इन पूर्व सैनिकों को विभिन्न नौकरियों के रिक्त पदों में उचित लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिचंदन ने सैनिक कल्याण वेबसाईट ''फ्लेम'' का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस नये एप्लीकेशन में हमारे भूतपूर्व सैनिकों के लिए सभी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध है। यह एप्लीकेशन कल्याणकारी योजनाओं के पंजीकरण और कार्यान्वयन की प्रक्रिया को बहुत सरल, पारदर्शी और अधिक प्रभावी बनाएगा। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और खुद को लगातार अपग्रेड करते रहें। हरिचंदन ने भूतपूर्व सैनिकों एवं शहीदों के परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी हैं। राज्यपाल ने झण्डा दिवस के अवसर पर 2 लाख रूपए का सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान किया। समारोह की शुरूआत में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्रतीक बैज लगाकर हरिचंदन को सम्मानित किया गया। जिला सैनिक अधिकारी कैप्टन अनुराग तिवारी ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के संदेश का वाचन किया समारोह में झण्डा दिवस निधि संग्रहण के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए राज्यपाल ने रायपुर और दुर्ग के जिला कलेक्टरों और जिला सैनिक कल्याण अधिकारियों को राज्यपाल ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के ब्रोशर संक्षेपिका-2023 का भी विमोचन किया गया। एन.सी.सी. कैडेटों ने ओजपूर्ण देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में गृह विभाग छत्तीसगढ़ शासन के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुवा, राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, गृह विभाग के सचिव अरूणदेव गौतम, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## 5 थाना प्रभारियों का हुआ तबादला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही सभी विभाग पूरी तरह से एक्टिव हो गये है, इसी कड़ी में सबसे पहले पुलिस विभाग ने अपने वर्तमान पांच टीआई रैंक अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। रायपुर के सीनियर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने एक आदेश जारी करते हुए पांच प्रभारी रैंक जिसमें चार थाना प्रभारियों को अपने वर्तमान पोस्टिंग वाले थाने के प्रभार से दूसरे थाने का प्रभार सौंपा गया है। राजधानी शहर के कोतवाली थाना प्रभारी को धरसीवा थाना, मोवा-पण्डरी थाना प्रभारी को कोतवाली थाना, डी.डी. नगर थाना प्रभारी को मोवा-पण्डरी थाना, घरसीवां थाना प्रभारी को डी.डी. नगर थाने का प्रभार सौंपा गया है वहीं एसीसीयू के प्रभारी को डीसीबी/ डीसीआरबी में स्थानांतरित किया गया है।

## नालंदा परिसर में स्टूडेंट्स से मिले ओपी चौधरी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



विधायक ओपी चौधरी ने रायपुर के नालंदा परिसर में छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर जानकारी देते बताया कि बीते देर रात नालंदा परिसर का जायजा लिया और वहाँ आवश्यक सुधार और जरूरतों को समझा। ओपी चौधरी ने छात्रों से जानकारी साझा की। ओपी चौधरी ने अपनी पूरी स्कूली शिक्षा (कक्षा 12वीं तक) विभिन्न गांव के सरकारी स्कूलों में पूरी की। मैथ्स से बी.एससी. करने के बाद, उन्होंने सबसे कम उम्र में 2005 बैच में आईएएस की परीक्षा पास की। 22 साल की उम्र में चौधरी आईएएस बन गए थे। 13 साल की अपनी सर्विस में उन्होंने अपने गृह कैडर छत्तीसगढ़ में काम किया।

## संस्कार श्रद्धांजलि के सदस्यों ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर दी बधाई




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को राजनांदगांव से चौथी विजय प्राप्त करने पर संस्कार श्रद्धांजलि के सदस्यों ने मिलकर बधाई दी। संस्कार श्रद्धांजलि के अध्यक्ष सतीश भट्टर ने अपनी टीम सहित उनके निवास में जाकर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर भट्टर ने डॉ सिंह से चर्चा के दौरान दिव्यांगजनों को रेलवे कंसेशन युनिक कार्ड शिविर राजनांदगांव स्टेशन में आयोजित करने, पांच वर्ष से रूके हुए रेलवे विकास कार्यों का जल्द शुरू कराने, माल गोदाम में बनने वाले नए प्लेटफार्म, महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टापेज, राजनांदगांव को नागपुर से हटाकर बिलासपुर जोन में शामिल करने का आग्रह किया। वहीं इस अवसर पर डॉ सिंह ने कहा कि मैं राजनांदगांव के विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हूं। यहां रूके हुए सभी विकास कार्यों को शीघ्रता से कराया जाएगा।

## महिला पर्यवेक्षक के लिए नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ठगी का मामला सामने आया है। यहां नौकरी लगाने का झांसा देकर एक युवती से लाखों की ठगी की गई है। पीड़िता ने इसकी शिकायत डीडी नगर थाना में दर्ज कराई है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी विकास को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायलय में पेश करने के लिए ले जाया गया है। पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि, वह गोल चौक डीडी नगर रायपुर में रहती है और एमएससी की पढाई करते हुये सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही है। अंबिकापुर के गंगापुर निवासी विकास ठाकुर ने महिला पर्यवेक्षक में नौकरी लगवाने के नाम से उससे संपर्क किया। शिकायत में पीड़िता ने बताया है कि, विकास ने मंत्रालय के अधिकारियों से अपना परिचय होने की बात कहकर 7 लाख रूपये की धोखाधडी किया। आरोपी ने युवती को झांसे में लेने के लिए एक व्हाट्सएप चैट का स्क्रीन शॉट भी भेजा।

## दक्षिण मध्य रेल मण्डल में तीसरी रेलवे लाइन का कार्य के चलते गाड़ियों का परिचालन प्रभावित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जं-कोंडापल्ली सेक्शन एवं विजयवाड़ा रेल मण्डल के विजयवाड़ा -गोधरा जं के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा, नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। यह कार्य 03 से 19 दिसम्बर, 2023 तक किया जा रहा है। कार्य के फलस्वरुप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होकर चलने वाली कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा है, परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियां 09 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 20805 विशाखापटनम-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-रायगढा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। 09 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को नई दिल्ली चलने वाली गाड़ी संख्या 20806 नई दिल्ली- विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़-रायगढा-विजयनगरम होकर रवाना होगी। 07 एवं 14 दिसम्बर, 2023 को विशाखापटनम चलने वाली गाड़ी संख्या 20803 विशाखापटनम-गांधीधाम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-रायगढा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। 10 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को गांधीधाम चलने वाली गाड़ी संख्या 20804 गांधीधाम- विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़-रायगढा-विजयनगरम होकर रवाना होगी। 10 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को पूरी चलने वाली गाड़ी संख्या 20819 पूरी-ओखा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-रायगढा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। 06 एवं 13 दिसम्बर, 2023 को ओखा-पूरी एक्सप्रेस चलने वाली गाड़ी संख्या 20820 ओखा-पूरी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़-रायगढा-विजयनगरम होकर रवाना होगी। 11, 15 एवं 18 दिसम्बर, 2023 को विशाखापटनम से चलने वाली गाड़ी संख्या 12803 विशाखापटनम- निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-रायगढा-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। 10, 13 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को निज़ामुद्दीन चलने वाली गाड़ी संख्या 12804 निज़ामुद्दीन-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग नागपुर-रायपुर-टिटलागढ़-रायगढा-विजयनगरम होकर रवाना होगी। 10 एवं 17 दिसम्बर, 2023 को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12851 बिलासपुर-चेन्नई सेंट्रल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर ङ्कविजयनगरम-दुव्वाडा-विजयवाड़ा होकर रवाना होगी।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403